

प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास नेतृत्व में अब भी बाधाएं - 12




कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत - 12



राष्ट्रीय मुर्मू ने कहा कि अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं - 13



पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने विश्व कप से पहले धूम मचाई - 14

आज का मौसम
$33.0^0$ अधिकतम तापमान
$19.0^0$ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.32
सूर्यास्त 06.20

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी 11:27 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 9 मार्च 2026, वर्ष 6, अंक 340, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

# भारत तीसरी बार विश्व चैंपियन

## मेजबान टीम ने पहली बार जीता टी-20 का खिताब, न्यूजीलैंड की 96 रन से सबसे बड़ी हार

- जसप्रीत बुमराह ने 15 रन देकर चटकाए न्यूजीलैंड के चार विकेट

अहमदाबाद, एजेंसी

टी-20 विश्व कप के फाइनल मैच में भारत ने न्यूजीलैंड को चारों खाने चित कर तीसरी बार खिताब जीत लिया। ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी मेजबान टीम ने खिताब जीता हो। भारत ने पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड को 256 रन का लक्ष्य दिया। पीछा करते हुए न्यूजीलैंड 19 ओवर में 159 रन पर ही आलआउट हो गई और उसे 96 रन से बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

आखिरी मैच में फॉर्म में लौटे अभिषेक शर्मा और लगातार भारत के 'मैच विनर' साबित हो रहे संजू सैमसन के अर्धशतकों की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल में रविवार को पांच विकेट पर रिकॉर्ड 255 रन बनाए। न्यूजीलैंड की तरफ से सबसे अधिक रन टिम सिफर्ट ने 52 रन बनाए।

इससे पूर्व ईशान किशन ने 25 गेंद में 54 और शिवम दुबे ने आठ गेंद में नाबाद 26 रन बनाये। पूरे टूर्नामेंट में खराब फॉर्म से जूझते रहे अभिषेक ने 21 गेंद में 52 रन बनाये जबकि सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसे लंबे समय तक याद रखा जायेगा। उन्होंने लांग आन, लांग आफ और स्क्वेयर लेग के ऊपर से कुल आठ छक्के लगाकर खचाखच भरे दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में बैठे दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

उन्होंने रचिन रविंद्र, लॉकी फर्ग्यूसन और मैट हेनरी की गेंदों की जमकर धुनाई करके मैदान के चारों ओर रन बनाये। वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ शानदार पारियां खेलने वाले केरल के सैमसन ने एक और जबर्दस्त पारी खेलकर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। वहीं कश्मीर से कन्याकुमारी तक आलोचकों के कोपभाजन बने अभिषेक ने आखिरकार अपनी प्रतिभा के दर्शन कराते हुए न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। उन्होंने 18 गेंद में 50 रन बनाये और छक्के के साथ अर्धशतक तक पहुंचे। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनेर से नरेंद्र मोदी स्टेडियम की पिच को भांपने में गलती हुई और टीम चयन में वह चूक गए। उन्होंने आफ स्पिनर कोल मैकोंची को नहीं चुना जिन्होंने सेमीफाइनल में क्विंटोन डिकॉक और रियान रिकेलटन को आउट किया था। अभिषेक ने मैकोंची की जगह खेल रहे जैकब डफी की गेंद पर पांच चौके लगाये। डफी ने तीन ओवर में 42 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिली। हेनरी ने चार ओवर में 49 रन दिये और एक विकेट चटकाया। अंतिम ओवर में अभिषेक ने फर्ग्यूसन और हेनरी को छक्के लगाये।




गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2026 के फाइनल मैच जीतने के बाद जश्न मनाती भारतीय टीम।

| भारत | न्यूजीलैंड |
|---|---|
| 255/5 | 159/10 |

### कब और किसने, कितनी बार जीता टी20 वर्ल्ड कप

- 2007 – भारत
- 2009 – पाकिस्तान
- 2010 – इंग्लैंड
- 2012 – वेस्टइंडीज
- 2014 – श्रीलंका
- 2016 – वेस्टइंडीज
- 2021 – ऑस्ट्रेलिया
- 2022 – इंग्लैंड
- 2024 – भारत
- 2026– भारत

### ये भारतीय बल्लेबाज रहे टॉप स्कोरर

| | रन | गेंद | छक्के | चौके |
|---|---|---|---|---|
| संजू सैमसन | 89 | 46 | 8 | 5 |
| ईशान किशन | 54 | 25 | 4 | 4 |
| अभिषेक | 52 | 21 | 3 | 6 |

### भारतीय पारी में बने खास रिकॉर्ड

- टीम ने 7 .2 ओवर में 100 रन पूरे किए। जो टी-20 वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में किसी टीम से सबसे तेज 100 रन का रिकॉर्ड है।
- भारतीय टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप के सबसे बड़े स्कोर की बराबरी की। पिछला रिकॉर्ड 92/1 था, जो 2024 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज ने बनाया था।
- सैमसन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर बन गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।

## ब्रीफ न्यूज

### एआई 10 से 18 तक नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें करेंगी संचालित

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न व्यवधानों के बीच यात्रियों को अधिक विकल्प उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एअर इंडिया 10 से 18 मार्च तक नौ अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया न्यूयॉर्क, लंदन, फ्रैंकफर्ट, एम्स्टर्डम, ज्यूरिख, पेरिस, कोलंबो और माले को जोड़ने वाले नौ मार्गों पर 78 अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी। एअर इंडिया ने बताया कि कंपनी अगले कुछ दिनों में यूरोप के पांच प्रमुख हवाई अड्डों के साथ-साथ न्यूयॉर्क के लिए अतिरिक्त उड़ानें संचालित करेगी, साथ ही मालदीव और श्रीलंका के लिए भी अतिरिक्त सेवाएं शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों से दोनों दिशाओं में नौ मार्गों पर कुल 17,660 यात्री यात्रा करेंगे।

### पुलिस ने विदेश से जुड़े हथियार आपूर्ति गिरोह का किया भंडाफोड़

**कपूरथला।** पंजाब पुलिस ने हथियारों की आपूर्ति करने वाले एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जिसके फिलीपीन और यूएई के तस्करों से संबंध हैं और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया और उसके पास से पांच देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इन हथियारों का इस्तेमाल क्षेत्र में गोलीबारी और जबरन वसूली जैसी गतिविधियों के लिए किया जाना था।

# 5000 महिलाओं को रोजगार प्रस्ताव

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दी गई 38.49 करोड़ रुपये की डीबीटी सहायता
- महिला दिवस समारोह बना सम्मान सशक्तीकरण और रोजगार का संगम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण का बड़ा मंच बन गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस रोजगार मेले के माध्यम से 5000 से अधिक महिलाओं को रोजगार के प्रस्ताव मिले।

राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र और आयुष्मान कार्ड वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ की धनराशि डीबीटी के माध्यम से उनके खातों में अंतरित की। इसमें साड़ी व वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम के लिए 8.90 करोड़ रुपये शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने मंच से नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी और मनोरमा मिश्रा को साड़ी तथा सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया, जिससे युवाओं और महिलाओं को रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ा जा सकेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी बालिकाओं शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता और शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया।



लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर पिंक रोजगार महाकुंभ 2026 में महिला को नियुक्तिपत्र देते सीएम योगी।

### जल्द लांच होगी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना : मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लांच होगी, जिसके पहले चरण में स्नातक व परा स्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को लाभान्वित करेंगे। दूसरे चरण में धीरे-धीरे अन्य को भी इसका लाभ मिलेगा।

- पहले चरण में स्नातक व परास्नातक के अंतिम वर्ष की मेधावी बेटियों को मिलेगा लाभ

उन्होंने घोषणा की कि मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्रि से शुरू होगा। योगी ने महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभा व संसद में भी 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। मुख्यमंत्री रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया और पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद यूपी में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल— ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है।

# राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन पर केंद्र सख्त, बंगाल सरकार से मांगा जवाब

- मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति का कारण पूछा
- जिस रूट से वह गुजरी वहां थी गंदगी, वॉशरूम में पानी की कमी थी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे में प्रोटोकॉल के उल्लंघन को लेकर उपजे विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित उल्लंघनों पर जवाब देने को कहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' एक गोपनीय दस्तावेज है जिसमें राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं उनके परिवारों की सुरक्षा और प्रोटोकॉल के नियमों की सूची है। राष्ट्रपति मुर्मू ने शनिवार को बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि बंगाल के मुख्य सचिव को भेजे गए पत्र में राष्ट्रपति के राज्य में आगमन के समय मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और डीजीपी की अनुपस्थिति पर प्रतिक्रिया मांगी गई है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य से स्पष्टीकरण मांगा गया है। यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी। पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं।

### पश्चिम बंगाल की जनता घोर अपमान के लिए तृणमूल को माफ नहीं करेगी : प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रोटोकॉल उल्लंघन को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस सरकार पर अपना हमला तेज करते हुए कहा कि राज्य की जागरूक जनता एक महिला आदिवासी नेता और देश की राष्ट्रपति का अपमान करने के लिए पार्टी को कभी माफ नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने दिल्ली मेट्रो के दो नए कॉरिडोर और अन्य परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह बात कही। मोदी ने कहा, आज जब पूरा देश अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, यह बेहद चिंताजनक है कि शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार ने भारत की माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का घोर अपमान किया।

### प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया: ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को जोर देकर कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों व भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। उन्होंने तस्वीर को सबूत बताते हुए दावा किया, तस्वीर में दिख रहा है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़े हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं। ममता ने कहा, हम राष्ट्रपति की कुर्सी और भारत के संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी जननी मानते हैं, हमें दोष न दें।

# संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण आज से, हंगामेदार रहने के आसार

- विपक्ष की लोकसभा अध्यक्ष बिरला को हटाने की मांग पर होगी चर्चा
- तेल खरीद पर अमेरिकी छूट व अन्य मुद्दों पर हमलावर रहेगा विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

संसद के बजट सत्र के सोमवार से शुरू होने वाले दूसरे चरण के हंगामेदार रहने की संभावना है। इस दौरान लोकसभा में विपक्ष द्वारा प्रायोजित उस प्रस्ताव पर चर्चा होनी है, जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने की मांग की गई है। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जा सकता है, क्योंकि विपक्ष पहले से ही ईरान के प्रति सरकार के रुख, भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका द्वारा दी गई छूट और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला कर रहा है।

इसके अलावा, चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के परिणाम, जिसके कारण लगभग 60 लाख नाम हटा दिए गए, का भी संसदीय कार्यवाही पर असर पड़ने की आशंका है। बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव कई विपक्षी नेताओं द्वारा लाया गया है, जिन्होंने आरोप लगाया कि उन्होंने सदन में स्पष्ट रूप से पक्षपातपूर्ण तरीके से काम किया। उन्होंने अध्यक्ष पर लोकसभा में कुछ अप्रत्याशित कार्रवाई की बात करते हुए कांग्रेस सदस्यों के खिलाफ कुछ झूठे दावे कर प्रधानमंत्री मोदी से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देने के लिए सदन में न आने का अनुरोध करने का भी आरोप लगाया था। बिरला ने नोटिस प्रस्तुत किए जाने की तारीख से सदन की कार्यवाही से खुद को अलग कर लिया था, लोकसभा सचिवालय ने कहा था कि वह एजेंडा के निपटारे के बाद ही लौटेंगे। प्रधानमंत्री ने बिरला का समर्थन करते हुए कहा कि वह सभी सांसदों को साथ लेकर चले हैं।



बदलाव | राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया, 165 सीट में से 120 सीट पर जीत हासिल की

# बालेंद्र की आरएसपी ने रचा इतिहास, ऐतिहासिक जीत दर्ज की

काठमांडू, एजेंसी

रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल में सरकार बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी ने नेपाल के आम चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल की है, जिससे राजनीतिक रूप से अस्थिर देश में स्थापित पुरानी पार्टियों का सफाया हो गया है।

नेपाल के निर्वाचन आयोग के अनुसार, रवि लामिछाने द्वारा 2022 में गठित इस पार्टी ने उन 165 सीट में से 120 सीट पर पहले ही जीत हासिल कर ली है जिनके लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया के तहत निर्वाचन किया जाता है। जबकि प्रतिनिधि सभा के चुनाव में पार्टी आठ अन्य सीट पर आगे है। निर्वाचन आयोग द्वारा अब तक 165 सीट में से 152 सीट के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। नेपाली कांग्रेस (एनसी) 17 सीट जीतकर दूसरे स्थान पर है। प्रधानमंत्री के पद से हटाए गए केपी शर्मा ओली की नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने केवल सात सीट जीती हैं और तीन सीट पर आगे है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) सात सीट पर विजयी रही और श्रम संस्कृति पार्टी ने दो सीट पर जीत दर्ज की है और एक पर आगे है जबकि राष्ट्रीय प्रजापति पार्टी (आरपीपी) ने एक सीट जीती है।

जीतने वालों में एक निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल है। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आरएसपी ने काठमांडू घाटी के तीन जिलों के सभी 15 निर्वाचन क्षेत्रों में अन्य पार्टियों का सूपड़ा साफ कर दिया है। बालेन के नाम से मशहूर आरएसपी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार 35 वर्षीय बालेंद्र शाह ने झापा-5 निर्वाचन क्षेत्र में नेपाल की सबसे पुरानी पार्टी नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और चार बार के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को लगभग 50,000 वोट के भारी अंतर से हराया।

बालेन का नेपाल का अगला प्रधानमंत्री बनने की संभावना है। वहीं, इस चुनाव में आरएसपी की जीत देश में स्थापित दलों को जनता द्वारा नकारे जाने को दर्शाती है।



### प्रधानमंत्री मोदी ने जनता और सरकार को दी बधाई

भारत इस चुनाव पर करीब से नजर रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नेपाल की जनता और सरकार को चुनाव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अपने नेपाली बहनों और भाइयों को इतने जोश के साथ अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखकर खुशी महसूस हो रही है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में भारत, नेपाल के लोगों तथा उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## यूपीएससी के होनहारों को आंबेडकर संघ ने किया सम्मानित



पीयूष कुमार मौर्य को सम्मनित करते आंबेडकर संघ के सदस्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय आंबेडकर संघ के पदाधिकारियों ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले जिले के होनहारों के घर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया।

रविवार को प्रेम नगर निवासी कानूनगो सोमपाल सिंह के पुत्र पीयूष कुमार मौर्य और बुद्धि विहार निवासी जयगोपाल सिंह के पुत्र अंकित कुमार सिंह (वर्तमान में बीडीओ, जेवर) को यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि परीक्षा में सफलता प्राप्त कर इन युवाओं ने जिले का नाम रोशन किया है। इससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल सिंह ने कहा कि परीक्षा में सफलता कठोर परिश्रम का परिणाम होती है। महामंत्री डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। दौलत सिंह, मेघराज सिंह, परमाल सिंह, मुन्नालाल, योगराज सिंह, एमपी मौर्य, विनीत कुमार, जय प्रकाश सिंह आदि उपस्थित रहे।

### चैत्र में ही 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा पारा, पंखे से ही मिल रहा लोगों को सुकून

# बढ़ती गर्मी रबी की फसलों को पहुंचा सकती है नुकसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मार्च के शुरुआती सप्ताह में तेजी से बढ़ती हुई गर्मी रबी की फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। गर्मी बढ़ने से गेहूं और मसूर जल्दी पक जाएगा और गेहूं का दाना छोटा रह जाएगा। चैत्र में ही पारा 33 डिग्री तक पहुंच रहा है। गर्मी इतनी बढ़ गई है कि लोगों को पंखे चलाकर ही चैन मिल रहा है।

कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र सिंह गंगवार बताते हैं कि मार्च के शुरुआती सप्ताह में गेहूं के दाने में दूध पड़ता है। यदि तापमान से ऊपर चला जाए, तो दाना समय से पहले पकने लगता है, जिससे वह छोटा और पिचक जाता है। इसे ही टर्मिनल हीट स्ट्रेस कहा जाता है। फसल अपना जीवन चक्र जल्दी पूरा कर लेती है, जिससे उत्पादन में दस से बीस प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। इससे गेहूं का अच्छा बाजार भाव नहीं मिल पाता है। बताते हैं कि फसल पर बढ़ती गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए फसल पर पोटेशियम नाइट्रेट का स्प्रे करें। पोटेशियम नाइट्रेट फसल के रंध्रों को नियंत्रित करता है और नमी को सूखने से रोकता है। बताते हैं कि पोटेशियम नाइट्रेट का 1 किलो प्रति एकड़ में छिड़काव करें। इससे दाना मोटा होगा और उसमें चमक आ जाएगी। बताया कि इसमें बोरॉन मिलाने से दानों तक पोषक तत्व आसानी से पहुंच जाएंगे। इसे 100 ग्राम प्रति एकड़ पोटेशियम नाइट्रेट में मिलाकर छिड़काव किया जा सकता है।

**● गेहूं व मसूर जल्दी पकने और गेहूं का दाना छोटा रहने का जताया जा रहा अनुमान**

> गर्मी के दौरान किसानों को अपने खेत में नमी बनाए रखना बेहद जरुरी है। इसलिए किसान खेत में नमी बनाएं रखें। शाम के समय हल्की सिंचाई करें। इससे मिट्टी का तापमान गिरता है और फसल को ठंडक मिलती है। यदि हवा तेज चल रही हो, तो सिंचाई न करें, अन्यथा फसल गिरने का डर रहता है। हमेशा सुबह 10 बजे से पहले या शाम को 4 बजे के बाद ही स्प्रे करें।
> – राम किशन सिंह, उप कृषि निदेशक



खेत में लहलहाती गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी, दोपहर में गर्मी से राहत की तलाश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मार्च के दूसरे सप्ताह में गर्मी बढ़ रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार शनिवार की तुलना में रविवार को अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक-एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इसका असर लोगों की दिनचर्या पर भी दिखाई दिया। दोपहर के समय तेज धूप के कारण सड़कों पर लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही और लोग जरूरी काम निपटाकर जल्दी घरों की ओर लौटते नजर आए। गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लिया। बाजारों में गन्ने का रस, शिकंजी, लस्सी और कोल्ड ड्रिंक की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखने को मिली। खासकर युवाओं और राहगीरों को जगह-जगह ठंडे पेय पदार्थ पीते हुए देखा गया। दोपहर के समय तेज धूप के कारण बाजारों में भी हलचल कुछ कम रही, हालांकि शाम होते ही मौसम थोड़ा सुहावना होने पर बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर फिर से रौनक लौट आई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में धीरे-धीरे और बढ़ोतरी हो सकती है, जिससे गर्मी का प्रभाव और अधिक महसूस होने लगेगा।

**न्यूज ब्रीफ**

### पीयूष, अंकित सम्मानित

**मुरादाबाद, मुरादाबाद :** बौद्ध जनकल्याण समिति की ओर से रविवार को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले शहर के पीयूष कुमार मौर्य और अंकित कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दोनों सफल अभ्यर्थियों को शांति के प्रतीक गौतम बुद्ध का चित्र भेंट कर बधाई दी। समिति के अध्यक्ष विमल धीर ने कहा कि यह उपलब्धि मुरादाबाद ही नहीं बल्कि पूरे समाज के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान अखिल भारतीय आंबेडकर संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर प्रसाद मौर्य, परिवर्तन मोर्चा के मुख्य संयोजक चंदन सिंह रैदास, चंदन सिंह रैदास, विनीत कुमार सागर, जयप्रकाश सिंह, मलखान सिंह, रामपाल सिंह, हेतराम सिंह आदि मौजूद रहे।

### लोगों को किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मिशन शक्ति फेज-पांच के तहत महिला सुरक्षा दल द्वारा जिले में महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर विभिन्न स्थानों पर पुलिस की पाठशाला एवं चौपाल लगी। थाने में महिलाओं व छात्राओं को उनके अधिकार और उनके उत्पीड़न से बचाव के लिए दी जाने वाली मदद के बारे में बताया।

# आवासीय स्कूल में प्रवेश को 1013 बच्चों ने दी परीक्षा

### अटल आवासीय विद्यालयः मंडल के पांचों जिलों में बनाए गए थे एक-एक केंद्र, मुरादाबाद में चित्रगुप्त कॉलेज था केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के पीपली बिलारी स्थित मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 और 9 में प्रवेश के लिए रविवार को मंडल के सभी जिलों में बने एक-एक केंद्र पर परीक्षा कराई गई। इसमें सभी जिलों को मिलाकर पांचों केंद्रों पर पंजीकृत 1052 छात्र छात्राओं में से 1013 ने परीक्षा दी। जबकि 39 ने परीक्षा छोड़ दी। केंद्रों पर सुरक्षा के भी प्रबंध किए गए थे।

मुरादाबाद जिले में महानगर के चित्रगुप्त इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। इस केंद्र पर परीक्षा 11:00 बजे शुरू हुई। इसमें कक्षा 6 के लिए दो घंटा और कक्षा 9 के लिए ढाई घंटे प्रवेश परीक्षा का समय निर्धारित था। चित्रगुप्त इंटर कॉलेज केंद्र पर निर्धारित समय से पहले ही दोनों कक्षाओं में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्र छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। दिव्यांग बच्चों के लिए 40 मिनट का अतिरिक्त समय निर्धारित किया गया था। इस परीक्षा के लिए पंजीकृत श्रमिकों के बच्चे पात्र थे। केंद्र के गेट पर जांच करने के बाद बच्चों को प्रवेश दिया गया। केंद्र के अंदर मोबाइल फोन या अन्य कोई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित था।

उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने बताया कि मंडल स्तरीय अटल आवासीय विद्यालय पीपली बिलारी में कक्षा 6 में 160 सीटों और कक्षा 9 में 66 सीटों के प्रवेश के लिए परीक्षा कराई गई है। मुरादाबाद में चित्रगुप्त इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था। इसके अलावा रामपुर में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, संभल में शंकर भूषण सरन जनता इंटर कॉलेज, अमरोहा में राजकीय इंटर कॉलेज और बिजनौर में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज केंद्र बना था। इन सभी केंद्रों पर निर्धारित समय के अनुसार प्रवेश परीक्षा हुई। परीक्षा के लिए कक्षा 6 में 677 में से 654 बच्चों ने परीक्षा दी। 23 अनुपस्थित रहे। जबकि कक्षा 9 के लिए पंजीकृत 375 में से 359 ने परीक्षा दी। 16 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार पांचों केंद्रों को मिलाकर कक्षा 6 में पंजीकृत 677 में से 654 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उपस्थित और जबकि कक्षा 9 में पंजीकृत 375 में से 359 ने परीक्षा दी और 16 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल पंजीकृत 1052 में से 1013 ने परीक्षा दी और 39 अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि परीक्षा सकुशल कराई गई।



चित्रगुप्त इंटर कॉलेज केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र छात्राएं। ● अमृत विचार

**● कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश के लिए कराई गई प्रवेश परीक्षा**

### अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा में 8 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**संभल, अमृत विचार :** अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए श्रम विभाग की ओर से रविवार को परीक्षा कड़े सुरक्षा प्रबंध के बीच संपन्न कराई गई। कुल 161 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से आठ छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। शंकर इंटर भूषण शरण जनता इंटर कॉलेज में पांच कक्षों में परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई थी। कक्षा छह के लिए 99 और कक्षा नौ के लिए 62 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। परीक्षा प्रभारी डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र को बनाया गया, जबकि नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सीडीओ गोरखनाथ भट्ट को दी गई थी। श्रम विभाग के डिप्टी कमिश्नर मोहम्मद आजम ने परीक्षा के प्रबंध किये और निगरानी भी रखी। परीक्षा सुबह 11 बजे से 11 :30 के बीच संपन्न कराई गई। इस प्रवेश परीक्षा में श्रम विभाग में पंजीकृत मजदूरों के बच्चों ने भाग लिया। परीक्षा शुरू होने से आधे घंटे पहले परीक्षार्थियों को सघन जांच के बाद अंदर भेजा गया। विभागीय जानकारी के अनुसार नए शैक्षिक सत्र की शुरुआत से पहले परीक्षा परिणाम घोषित कर चयनित विद्यार्थियों को मुरादाबाद मंडल के अटल आवासीय विद्यालय, बिलारी के गांव पिपली में निशुल्क शिक्षा प्रदान की जाएगी।

### कुष्ठ रोगी खोज अभियान आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारत सरकार ने वर्ष 2027 तक कुष्ठ रोग को पूर्ण रूप से समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान जिले में 9 से 23 मार्च तक चलाया जाएगा।

जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि जिले के सभी ब्लाकों और मुरादाबाद अर्बन में 14 दिन का कुष्ठ रोगी खोजी अभियान चलाया जाएगा। जिसमें एक आशा एवं पुरुष कार्यकर्ता घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगे। जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि जिन स्थानों पर आशा उपलब्ध नहीं है वहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य स्वयंसेवकों की टीम बनाई गई है। इन टीमों के कार्य के पर्यवेक्षण के लिए पांच टीमों पर एक सुपरवाइजर नामित हैं जो कार्य का पर्यवेक्षण करेंगे। ब्लॉक स्तर पर एवं मुरादाबाद अर्बन क्षेत्र में सभी टीमों एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिला स्तर पर जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई , विनोद कुमार पाल, डॉ. नितिन यादव के द्वारा टीम के कार्यों को समय-समय पर परखा जाएगा। जिससे समाज में छिपे कुष्ठ रोगियों को समय पर इलाज मिले।

## आपदा में भी अवसर ढूंढ रही मोदी सरकार

संवाददाता, पाकबड़ा

**अमृत विचार :** पाकबड़ा में आम आदमी पार्टी के नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब द्वारा रविवार को आयोजित रोजा इफ्तार में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि अमेरिका युद्ध अपराधी देश है।

रविवार को कस्बे के गिरजाघर रोड पर एक बैंक्वेट हाल में आयोजित रोजा इफ्तार में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद ने कहा कि हमारा देश गंगा जमुना तहजीब वाला देश है। लोग होली और ईद साथ मिलकर मनाते हैं। कहा कि अमेरिका युद्ध अपराधी देश है। अमेरिका हर देश को कुचलना चाहता है। पहले वेनेजुएला, इराक और अफगानिस्तान को कुचला अब उसने ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई की हत्या करा दी। अमेरिका के राष्ट्रपति तानाशाही पर उतारू है। यदि ट्रंप को नहीं रोका गया तो इसका खामियाजा पूरे विश्व को भुगतना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि सरकार ने घरेलू रसोई गैस सिलेंडर पर 60 और कमर्शियल सिलेंडर पर पर 120 बढ़ा दिया है। जिसकी मार जनता झेल रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके दोस्त अडानी आपदा में भी अवसर तलाश रहे हैं। भाजपा से जिसने भी हाथ मिलाया है वह पार्टी है खत्म हो चुकी हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद याकूब ने कहा कि हमारा देश एक साथ मिलजुल कर सभी त्योहार मनाता है।



पाकबड़ा में रोजा इफ्तार पार्टी में शामिल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह।

**● रोजा इफ्तार में पहुंचे राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने प्रधानमंत्री और अमेरिका पर साधा निशाना**

## घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** थाना मझोला क्षेत्र में मारपीट के मामले में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

रविवार को मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने बताया कि थाने में पहले से दर्ज मुकदमे के तहत पीड़ित बुद्धा सैनी निवासी भोला सिंह की मिलक थाना मझोला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 22 फरवरी को कांशीराम नगर बी ब्लॉक स्थित देशी शराब की दुकान के पास उसके छोटे भाई बबलू सैनी को कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। घायल बबलू की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले में कार्रवाई करते हुए मझोला पुलिस ने सात मार्च की रात आरोपी रितिक कुमार ,अंकित कुमार निवासी भोला सिंह की मिलक, एमडीए क्वार्टर विनीत कुमार निवासी बी-ब्लॉक कांशीराम नगर थाना मझोला को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।



आरोपी रितिक, अंकित व विनीत।

**● 22 फरवरी को बबलू सैनी के साथ कुछ लोगों ने की थी मारपीट**

## गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप

संवाददाता मंडी धनौरा/बछरायूं

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव ढयोटी में रविवार को खेत में गोवंश के अवशेष पड़े मिले। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। लोगों ने गोवंश के अवशेष धनोरा-शेरपुर मार्ग पर रखकर जाम लगा दिया। जाम लगने से सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं । मौके पर तीन थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई।

कुछ ही देर में क्षेत्राधिकारी अंजलि कटारिया, उनके साथ गजरौला थाना प्रभारी मनोज कुमार, बछरायूं थाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप तोमर तथा धनौरा थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने ने आरोपियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने जाम खोल दिया। पुलिस ने अजीत कुमार की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। विहिप जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, हेमंत सारस्वत, योगेश देवल, अखिलेश भाटी, प्रधान उधम सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण व संगठन के लोग मौजूद रहे।

**● ग्रामीणों व संगठनों के कार्यकर्ताओं का हंगामा, लगाया जाम**

**● पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की**



हंगामे के दौरान लोगों को समझातीं सीओ अंजलि कटारिया। ● अमृत विचार

## छोटे उद्यमियों को स्वरोजगार का मौका देता है लोन मेला





लोन मेले में लाभार्थियों को चेक देते कमिश्नर आन्जनेय कुमार सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं के अंतर्गत पात्रों को लाभान्वित करने के लिए लोन मेला लगाया गया। इसमें 128 लाभार्थियों चेक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह रहे।

मेले में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 51, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत 51, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत 21 और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों सहित कुल 128 को चेक वितरित किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि लोन मेले से युवाओं एवं छोटे उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने लाभार्थियों से प्राप्त ऋण का सदुपयोग कर व्यवसाय को सफल बनाने के लिए कहा। बैंक के उप महाप्रबंधक सुमन बक्शी ने कहा कि बैंक सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए प्रयासरत है। रीजनल मैनेजर संतोष कुमार, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-6 सहित शाखा प्रबंधक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## तरक्की के लिए पाखंडवाद व बुराइयों को दूर करें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को आंबेडकर पार्क में संत शिरोमणि गाडगे की 150वीं जयंती समारोह मनाया गया। मुख्यातिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री उप्र गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षा ही तरक्की का रास्ता है और हम सबको शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाना चाहिए। समाज की तरक्की के लिए पाखंडवाद और बुराइयों को दूर करने का काम करना चाहिए।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, पूर्व विधायक काशीराम, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, पीठाधीश्वर ज्वाला पीठ लखनऊ अशोक जी महाराज, विशिष्ट अतिथि आईआईएस सूचना प्रसारण मंत्रालय जय सिंह, राकेश कुमार आर्य, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय धोबी महासंघ प्रोफेसर रोहतास सिंह सदस्य शिक्षा सेवा चयन आयोग लखनऊ ने दीप प्रज्जवलित करते हुए गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। उप्र माध्यमिक मंत्री ने कहा कि विद्वानों, धनवानों और बलवानों की कोई कमी नहीं है, आज जरूरत है शिक्षा को आगे बढ़ाने की है। यदि समाज में शिक्षा और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया जाए तो देश मजबूत बनेगा। इस दौरान ट्रेड टैक्स इंडिया लिमिटेड के एमडी कृष्ण गोपाल, अशोक वर्मा ब्लॉक प्रमुख सलारपुर, डॉ. डीएस चौधरी ग्रह विक्रय सोसाइटी बदायूं, पावनी दिवाकर सदस्य जिला पंचायत अमरोहा, संचालनकर्ता सुरेंद्र सिंह, चरन सिंह जिलाध्यक्ष, रघुवीर शरण, अशोक कुमार, अशोक कुमार दिवाकर, विजयपाल सिंह, राजकिशोर, हेमंत दिवाकर, नन्नू सिंह, कृपाल सिंह, ओमवीर सिंह, सतपाल सिंह, एडवोकेट विक्रम सिंह, गुलशन दिवाकर, प्रश्न प्रकाश, रजनी प्रकाश, नीतू आनंद, सरिता आनंद, सावित्री देवी, डॉ. वीरेंद्र, मोहनलाल, दिनेश दिवाकर, रामवीर सिंह, हरपाल सिंह, लीलाधर आदि मौजूद रहे।



माध्यमिक शिक्षा मंत्री उप्र गुलाब देवी का स्वागत करते महासंघ पदाधिकारी।

**● संत शिरोमणि गाडगे जयंती समारोह में बोलीं माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी**

### संत गाडगे को भारत रत्न और स्मारक बनाने की उठी मांग

अशोक जी महाराज ने कहा कि हमारा देश बहु संस्कृतियों का देश है और आज भी हम बहुत सी बुराइयों से जूझ रहे हैं। जय सिंह ने कहा कि किसी भी गरीब व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कभी भी जरूरत हो तो हम उस गरीब परिवार के साथ हैं। धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश आर्य एडवोकेट ने कहा कि महासंघ के बैनर तले पूरे देश के अंदर संगठित होने का काम करें और यह एक राष्ट्रीय संगठन है। कई अन्य वक्ताओं ने सामाजिक सामाजिक न्याय की बात करते हुए गाडगे के जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। महासंघ के जिलाध्यक्ष चरन सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से 23 फरवरी को अवकाश घोषित करने और भारत रत्न दिए जाने एवं रामपुर में स्मारक बनाए जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

## फाइनल जीतते ही हुई आतिशबाजी



भारत-न्यूजीलैंड टी20 का फाइनल मैच देखते क्रिकेट प्रेमी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में रविवार को भारत और न्यूजीलैंड की टीम आमने-सामने रहीं। भारत ने 5 विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाए। इसके बाद खेलने उतरी न्यूजीलैंड की टीम के 19 ओवर में ऑलआउट होते ही क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। भारत ने 96 रनों से मैच जीत लिया।

हर चौके-छक्के पर लोग तालियां बजाकर जयकारे लगाते नजर आए। कई इलाकों में लोग टीवी और मोबाइल पर नजरें टिकाए रहे। कई परिवार घरों में आनंद लेते रहे, जबकि युवाओं की टोलियां जगह-जगह इकट्ठा होकर मुकाबले का रोमांच लेती रहीं। वहीं, नगर निगम की ओर से भी क्रिकेट प्रेमियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई। पीलीकोठी, जीएमडी रोड, जैन मंदिर, इंपीरियल तिराहा और बुधबाजार समेत कई प्रमुख स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर मैच का लाइव प्रसारण दिखाया गया। क्रीड़ाधिकारी व क्रिकेट कोच सुनील कुमार सिंह ने कहा कि क्रिकेट भारत में केवल खेल नहीं बल्कि लोगों की भावना से जुड़ा हुआ है। क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दकी ने कहा कि टीम ने शुरुआत से ही मैच को रोमांचक बना दिया था। लोगों ने आतिशबाजी की।

**● नगर निगम की एलईडी स्क्रीनों के पास जुटी भीड़**



**इफ्तार** 09 मार्च
सुन्नी : 6:23
शिया : 6:34

**सहरी** 10 मार्च
सुन्नी : 5:07
शिया : 5:02

हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया : नेकी करो, जरूरतमंदों और गरीबों की मदद करो।

## शहर में आज


- यूपी बोर्ड : 10वीं कक्षा की उर्दू विषय की परीक्षा सुबह 8:30 बजे
- सीबीएसई : हाईस्कूल की तेलगू, रसियन, नेपाली आदि भाषाओं की परीक्षा सुबह 10:30 बजे
- सीबीएसई : 12वीं की गणित विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे

### बारबालान केंद्र में स्थायी लैब टेक्निशियन नहीं, प्रभावित होती है रोगियों की जांच

# डॉक्टर की कमी तो कहीं सीमित संसाधनों में हो रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानने के लिए अमृत विचार की टीम ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को लगने वाले आरोग्य मेले की पड़ताल की। इस दौरान कुछ केंद्रों पर सीमित संसाधनों के बावजूद मरीजों को उपचार किया जाता रहा तो कहीं कहीं डॉक्टरों की स्थाई तैनाती न होने से इलाज प्रभावित हो रहा था।


प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारबालान में मरीज देखते डॉक्टर।


नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ीखाना पर मरीज देखते डॉक्टर।

**एलटी न होने से प्रभावित होता है जांच संबंधी कार्य**

**दोपहर 1:40 बजे :** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारबालान में डॉक्टर मोनू मरीजों को परामर्श दे रहे थे। इस समय तक 47 मरीज इलाज और परामर्श के लिए केंद्र पर पहुंच चुके थे। आरोग्य मेले में आए मरीज दवाएं ले रहे थे। केंद्र पर फार्मासिस्ट कुलदीप कुमार, स्टाफ नर्स शमशीदा, वार्ड आया ममता और चतुर्थ श्रेणी कर्मी गजेंद्र अपने कार्य में लगे थे। डॉक्टर मोनू ने बताया कि केंद्र पर स्थायी लैब टेक्निशियन की नियुक्ति नहीं है, जिसके कारण जांच प्रभावित होता है। बताया कि पास के एक अन्य नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से लैब टेक्निशियन सप्ताह में केवल सोमवार और शुक्रवार को यहां आकर मरीजों की जांच करते हैं। ऐसे में अन्य दिनों में जांच की सुविधा उपलब्ध नहीं मिलती जिससे मरीजों को असुविधा होती है। वहीं, फार्मासिस्ट कुलदीप कुमार ने बताया कि केंद्र पर सैनेटरी पैड का स्टॉक भी सीमित रह गया है। वर्तमान में सिर्फ 30 पैकेट बचे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इसकी डिमांड भेजकर नया स्टॉक मंगाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### चार साल से डॉक्टर की नियुक्ति नहीं

**दोपहर 2:15 बजे :** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाड़ीखाना में स्थिति अलग रही। केंद्र पर पिछले चार वर्षों से किसी भी डॉक्टर की स्थायी नियुक्ति नहीं हुई है। रविवार को आरोग्य मेले के चलते डॉक्टर केशव राणा मरीजों को देखने के लिए पहुंचे थे। केंद्र पर फार्मासिस्ट संजीव कुमार, लैब टेक्निशियन अरुण कुमार, स्टाफ नर्स संजीव, सपोर्टिंग स्टाफ श्रवण और रजनी मौजूद रहे। आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों की सहायता करते नजर आए। कर्मचारियों ने बताया कि डॉक्टर की स्थायी नियुक्ति न होने से सामान्य दिनों में मरीजों को दूसरे केंद्रों का रुख करना पड़ता है। आरोग्य मेले के दौरान दोनों केंद्रों पर मरीजों की जांच, परामर्श और दवाओं का वितरण किया जा रहा था, लेकिन संसाधनों और स्टाफ की कमी का असर दिखा।

# 700 से अधिक बालिकाओं ने दौड़ में दिखाया दम


महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में योग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मेरा युवा भारत द्वारा खेलो इंडिया अभियान के अंतर्गत रविवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिले भर से आई बालिकाओं ने स्पर्धा में दमखम दिखाया।

उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने बताया कि पहले सत्र में एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। इसमें 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ स्पर्धाएं शामिल रहीं। इन प्रतियोगिताओं में जनपद की 700 से अधिक युवतियों ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को मेडल और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। दूसरे सत्र में अष्टचक्र निर्माण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. मंजू सिंह की मौजूदगी में बैलून फेस्टिवल हुआ। रंजीत कुमार सैनी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग, दिशा क्लस्टर, एसएस योगा स्टूडियो व अन्य संस्थाओं का सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्ञानेंद्र गांधी वरिष्ठ उप प्रधान और रमेश आर्य बने अंतरंग सदस्य



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश लखनऊ की अंतरंग सभा की बैठक 5 मीराबाई मार्ग लखनऊ में हुई। जिसमें उत्तर प्रदेश की आर्य समाजों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में मुरादाबाद के ज्ञानेंद्र गांधी को वरिष्ठ उप प्रधान और रमेश आर्य को अंतरंग सदस्य बनाने की घोषणा हुई। इन दोनों के चुने जाने पर जिले के सभी आर्य समाज के पदाधिकारियों ने खुशी जताई।

### जिला कार्यकारिणी का चयन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मानसरोवर कन्या इन्टर कालेज में रविवार को हुई बैठक में जर्नलिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि (उप्र) जाप मुरादाबाद इकाई की 2026 के लिए शाखा का गठन किया गया। प्रांतीय चुनाव अधिकारी विनय कुमार गुप्ता की देखरेख में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का चयन हुआ। इसमें सुनील शर्मा, जिलाध्यक्ष, अनुज विश्नोई, भावेश शर्मा उपाध्यक्ष, दीपक कपूर, महासचिव, संदीप वर्मा, हेमन्त कुमार यादव, सचिव, सुनील गुप्ता कोषाध्यक्ष और सुनील तोमर मीडिया सचिव बनाए गए। जबकि आकाश विश्नोई, इफ्तकार अर्शी, पूनम सागर, जसवीर गौतम, संजीव कुमार, मोहित गुप्ता, संजू गौतम, सुधीर शर्मा कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### रोजा इफ्तार में दिया भाईचारे का संदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रमज़ान महीने में रविवार को असलतपुरा स्थित शहजाद कुरैशी के आवास पर रोजा इफ्तारी की गई। इसमें मुख्य अतिथि सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रवि चौधरी रहे। उन्होंने रोजेदारों के साथ इफ्तार कर रमज़ान की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना त्याग, तपस्या, भाईचारे और इंसानियत की सेवा का संदेश देता है। ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और एकता को मजबूत करते हैं। इस दौरान आशु सिक्का, दानिश कुरैशी, गौरव कुमार, शहजाद कुरैशी, कुक्कू चौधरी, मोहित ठाकुर, मुजाहिद हसन, शानू, सलमान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली 96 बालिकाएं और महिलाएं सम्मानित

### पंचायत भवन सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को पंचायत भवन सभागार महिला कल्याण विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। स्थानीय स्तर पर यूपी बोर्ड की कक्षा-10 और कक्षा-12 की 10-10 टॉपर बालिकाओं और खेल के क्षेत्र में टॉप 10 खिलाड़ियों को रुपये 5000/- प्रति खिलाड़ी का डमी चेक प्रदान किया गया। कुल 30 बालिकाओं को रुपये 5000-5000 का चेक दिया गया।


पंचायत भवन सभागार में महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित छात्राएं। ● अमृत विचार


महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिला पुलिसकर्मी व अन्य।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कौशल्या इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर आधारित लघु नाटिका का मंचन किया। इसके बाद मेधावी छात्राओं, खिलाड़ियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की संयोजिका अल्पना गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल आदि ने यूपी बोर्ड की कक्षा-10 और कक्षा-12 की 10-10 टॉपर बालिकाओं और खेल के क्षेत्र में टॉप 10 चैम्पियन खिलाड़ियों को रुपये 5000/- प्रति खिलाड़ी सहित कुल 30 बालिकाओं को रुपये 5000-5000 का डमी चेक प्रदान किया। इसके अलावा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों, माध्यमिक/बेसिक शिक्षा विभाग की पांच-पांच अध्यापिकाओं / प्रधानाचार्यों, चिकित्सा विभाग की पांच एएनएम और पांच आशाओं के अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की स्वयं सहायता समूह की 10 सखी, पंचायती राज विभाग की पांच महिला ग्राम प्रधानों, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की 10 आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही आरती गुप्ता, वंदना शंखधर, सहायक अध्यापिका (कम्पोजिट स्कूल), जसजीत कौर, नीतू सक्सेना (डीएलएसए) और कमला देवी (मल्टी टास्किंग स्टाफ, प्रधान डाकघर) को उत्कृष्ट कार्य के लिए मोंमेंटो दिया गया। महिला कल्याण विभाग की मिशन शक्ति/महिलाओं के हित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 6 महिला अधिकारी/कार्मिक भी सम्मानित हुईं। इस प्रकार आयोजन में कुल 96 महिलाओं को सम्मानित किया गया। अंत में उप निदेशक महिला कल्याण राजेश चन्द्र ने बधाई देकर आभार जताया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा व सीएचओ सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा कार्यकर्ताओं और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशा रानी, फरहीन नाज, शबनम, चंद्रवती और नीरज सहित कई आशाओं को उनके बेहतर कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं, निशा यादव, अंजुम निशा, कमला बंगारी, समरीन फातिमा, मोनिका, दीक्षा शाह, रीनू और स्वीकृति कौर समेत कई सीएचओ भी सम्मानित हुईं।



### सीएमओ ने की आयुष्मान जागरुकता रैली की शुरुआत

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सीएमओ कार्यालय से शुरू होकर सिविल लाइंस स्थित महिला थाना, पीलीकोठी चौराहा से होते हुए दोबारा कार्यालय पर आकर संपन्न हुई। रैली में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर, विवेकानंद नर्सिंग कॉलेज और श्री सत्य नर्सिंग होम कॉलेज की छात्राओं ने हिस्सा लिया। साथ ही जिले के सभी ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान हेल्थ कैंप लगाए गए, जहां पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए और स्वास्थ्य परीक्षण के साथ योजना की जानकारी भी दी गई। संचालन डॉ. पीतांबर सिंह ने किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ. राजीव कुमार शर्मा, डॉ. विकास सिंह, डॉ. संजीव कुमार बेलवाल, प्रमोद कुमार, रचित गुप्ता, पुनीत जैन, फिरोज बी आदि मौजूद रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर महिलाओं की शक्ति व योगदान को दर्शाया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को नगर निगम की ओर से महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण एवं जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह पिंक टॉयलेट को रंगोली और फूलों से सजाया गया। निगम द्वारा नवनिर्मित शक्ति केंद्र को महिलाओं को समर्पित किया गया। नारी शक्ति पथ पर मानव श्रृंखला बनाकर महिलाओं की शक्ति, एकता एवं समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान को दर्शाया गया।


महिलाओं को सम्मानित करते महापौर विनोद अग्रवाल, साथ में अपर नगर आयुक्त व अन्य।

नगर निगम कार्यालय सभागार में नारी सम्मान व गोष्ठी हुई। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसमें स्वयं सहायता समूह, एसएचजी एनजीओ से जुडी महिलाएं, आईईसी. टीम की महिला सदस्य, महिला सफाई कर्मी आदि शामिल रहीं। अध्यक्षता करते हुए महापौर विनोद अग्रवाल ने महिलाओं के योगदान के लिए आभार जताया। अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने महिलाओं से उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा कर आगे बढ़ने और समाज में अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी के अलावा अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। नृत्य एवं कविता आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। अंत में स्वच्छता शपथ दिलाई गई।

### संगीतज्ञ बाल सुंदरी ने सुनाई होली की मल्हार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट ने रविवार को इंस्पायरिंग वूमेन अवार्ड का आयोजन किया। संस्थापिका गरिमा सिंह ने बताया कि 50 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना विदुषी दीप्ति गुप्ता ने सम्मानित किया। माइंड बॉडी चैरिटेबल फाउंडेशन, काशवी एंटरप्राइजेज और एमआईटी वर्ल्ड ने सहभागिता की।

प्रसिद्ध संगीतज्ञ बाल सुंदरी ने होली की मल्हार सुनाई। सम्मानित होने वाली महिलाओं में रजनी रस्तोगी, सोनू जैन, बरीरा खान, खुशी अग्रवाल, शुभी कसेरा, डॉ. जूही सक्सेना, डॉ. लता अग्रवाल, रश्मि चौधरी, दिव्या अग्रवाल सिन्हा, शमिता जैन, रश्मि अग्रवाल, ज्योति सिंह, दिव्या अग्रवाल, लक्ष्मी मांगा, कामना दुबे, नेहा रस्तोगी, शिप्रा दीक्षित, गजाला परवीन, विदुषी टंडन, तान्या अग्रवाल, मेधावी वेश, चंद्रप्रभा, निधि मदान, रितु सिंह, हिमांतिका खत्री आदि शामिल रहीं।

## न्यूज डायरी

### अस्पताल में भर्ती महिलाओं को वितरित किए फल



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रोटरी क्लब मुरादाबाद मिडटाउन द्वारा मदर एंड चाइल्ड केयर प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिला महिला अस्पताल में भर्ती महिलाओं को फल वितरित कर उनके जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की गई। सेवा कार्य क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन एम. कुमार के नेतृत्व में हुआ। पदाधिकारियों ने बताया कि क्लब द्वारा भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए इसी प्रकार की गतिविधियां जारी रखी जाएंगी। इस दौरान रोटेरियन केके रस्तोगी, रोटेरियन रणवीर अग्रवाल, रोटेरियन रवि शंकर, आर्यन कुमार व आशा कुमार, महिला थाना की एसएचओ, सीएमएस डॉ. रणवीर सिंह, डॉ. प्रियंका अग्रवाल व अस्पताल के अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### शृंगार उत्सव में मुरादाबाद ईस्ट का दबदबा, वंदना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मेरठ के मवाना में इनरव्हील क्लब डिस्ट्रिक्ट 310 द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट होली शृंगार उत्सव मनाया गया। इसमें विभिन्न जिलों के इनरव्हील क्लबों की पदाधिकारियों व सदस्य शामिल हुईं। इनरव्हील क्लब मुरादाबाद ईस्ट की सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता कर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। सम्मान समारोह में मुरादाबाद ईस्ट की पास्ट डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन वंदना गुप्ता को संस्था की दीर्घकालिक निस्वार्थ सेवाओं और समर्पण के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। लकी ड्रा में क्लब की अध्यक्ष वीना रस्तोगी ने पुरस्कार जीतकर खुशी बढ़ाई। पीडीसी ममता गर्ग और पूर्व अध्यक्ष सीमा अग्रवाल भी मौजूद रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और फूलों की होली खेलकर महिलाओं के सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।

### अंत्याक्षरी व हास्य काव्य प्रस्तुति के माध्यम से मनाई होली की खुशियां



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजीटिव पीपल (यप) परिवार की ओर से रविवार को सिविल लाइंस स्थित लेडीज क्लब में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें सभी सदस्यों ने जमकर धमाल मचाया। लेडीज क्लब में आयोजित होली मिलन समारोह में सदस्यों ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी। गेम्स, अंत्याक्षरी, होली हुड़दंग पर हास्य काव्य प्रस्तुति कर आयोजन को सफल बनाया। क्लब की अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने होली की बधाई के साथ सतर्कता बरतने की भी सलाह दी। कहा कि मौसम के बदलने के चलते इन दिनों वायरल बुखार से बड़े व बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। इसलिए सावधानी भी जरूरी है। आयोजन में प्रियंका अवस्थी, पूनम गुप्ता, संजना भटनागर आदि ने विशेष सहयोग दिया। आयोजन में प्रियंका, अवनीत, प्रतिमा, अर्चिता, रजनी, कविता, नीति, मिनी, निधि, रचना, भावना, हिमानी, अनु, ईशा, दीपाली, स्वाति, प्रियंका, पूजा, अनीता, नैना, दिशा आदि मौजूद रहीं।

# 100 मीटर दौड़ में मनीषा और 1500 मीटर में आशी प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में जिला स्तरीय जूनियर बालिका वर्ग की एथलेटिक्स, बैडमिंटन, जूडो व फुटबॉल प्रतियोगिता हुई। इसका आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल ने किया।



सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

एथलेटिक्स प्रतियोगिता की 100 मीटर दौड़ में मनीषा प्रथम, सुकन्या द्वितीय व माही भटनागर तृतीय स्थान पर रहीं। 200 मीटर में मनीषा प्रथम, शुकन्या द्वितीय और दिव्यांशी तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर में दिव्यांशी चौधरी ने पहला, परिधि ने दूसरा और तनु यादव ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर व 1500 मीटर दौड़ में आशी यादव ने शानदार प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया। जैवलिन थ्रो में मानवी शर्मा और शॉटपुट में वर्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि लॉन्ग जंप में दिव्यांशी चौधरी विजेता रहीं।

इसके अलावा फिट इंडिया अस्मिता महिला लीग के अंतर्गत 100, 200 और 400 मीटर दौड़ की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें विभिन्न आयु वर्ग की बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले क्रीड़ाधिकारी सुनील कुमार सिंह व उप्र ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव अजय पाठक ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न दिया। इस मौके पर जिला टेबल टेनिस के सचिव योगेंद्र गौतम, एथलेटिक्स कोच ललिता चौहान, हॉकी कोच नेहा सिंह, वॉलीबॉल कोच निशा, कुश्ती कोच गोविंद कुमार यादव, फुटबॉल कोच सचिन कुमार विश्नोई, खो-खो कोच धीरज कुमार, बैडमिंटन कोच मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, ब्लाइंड पैरा नॉर्मल जूडो संस्था से सुहैल अहमद आदि मौजूद रहे।

### बैडमिंटन डबल्स में शिक्षा व इसना की जोड़ी बनी विजेता

बैडमिंटन जूनियर बालिका सिंगल्स में मुस्कान विजेता और अदिति श्रीवास्तव उपविजेता रहीं, जबकि डबल्स में शिक्षा सिंह व इसना सिंह चौहान की जोड़ी विजेता बनी। फुटबॉल के फाइनल में स्टेडियम की टीम ने मैथोडिस्ट स्कूल को 1-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया। जूडो प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में मानवी, आराध्या विष्ट, साजिया परवीन, आकृति सारस्वत, सुहानी राय, राधिका सैनी और अवनी प्रताप सिंह सहित कई खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### चार लाख रुपये लौटाने से किया इनकार, धमकी दी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शेरपुर पट्टी निवासी विशाल कुमार ने समाधान दिवस में दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह जीएसटी से संबंधित कार्य में कॉन्ट्रैक्टर है। ग्राम कलेसरा अमरऊटा जिला संभल निवासी रियाज खान ने उससे चार लाख रुपये उधार लिए थे। उसने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने तथा उससे अपने चार लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

### आर्य समाज मंदिर में यज्ञ आयोजित

**कांठ, अमृत विचार :** आर्य समाज मंदिर में डॉक्टर नैपाल आर्य ने वैदिक मंत्रों के साथ यज्ञ कराया। अनेक श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति छोड़कर प्याज, लहसुन, तामसिक भोजन न ग्रहण करने का संकल्प लिया। विक्रम सिंह आर्य ने कहा कि घर-घर यज्ञ करना अत्यंत आवश्यक है। सुशील मणि गुप्ता, संदीप गुप्ता, अमित कुमार पप्पन, सुरेश चौहान, झुन्ना सिंह, विजय कुमार वर्मा, आदेश कुमार आर्य, अशोक कुमार बिश्नोई, ओंकार सिंह आर्य, महेंद्र कुमार वाल्मीकि आर्य, अनुज कुमार आर्य, अमित कुमार पप्पन आदि मौजूद रहे। आर्य समाज के प्रधान सुरेश चौहान ने आभार व्यक्त किया।

### पेड़ काटने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** चक मार्ग के किनारे लगे यूकेलिप्टस के 23 पेड़ों को अवैध रूप से काटने के मामले में लेखपाल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है। तहसील कांठ के ग्राम मौजा गोरखपुर माफी में चक मार्ग में 23 पेड़ यूकेलिप्टस के दर्ज हैं। गांव के निजामतुला ने अवैध रूप से यूकेलिप्टस के पेड़ काट लिए। इसके अलावा मेड़ पर खड़े 11 यूकेलिप्टस मोहम्मद इस्लाम निवासी महदूत कलमी ने 5 मार्च को कटवा लिया। हल्का लेखपाल पीयूष यादव की तहरीर के आधार पर थाना कांठ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

# युद्ध मानवता के लिए बहुत बड़ा खतरा

## जुलूस निकालकर अमेरिका, इजराइल का ईरान से युद्ध को लेकर जताया विरोध

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के विरोध में रविवार को अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा, अखिल भारतीय किसान सभा और खेत मजदूर यूनियन के संयुक्त नेतृत्व में जनसभा आयोजित की गई। इसके बाद जुलूस निकालकर विरोध जताया गया।

वक्ताओं ने अमेरिका द्वारा ईरान पर की जा रही बमबारी की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह युद्ध पूरी मानवता के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने विश्व के सभी देशों की सरकारों से अपील की कि वे अमेरिका और इजराइल पर युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव बनाएं। इस दौरान निर्दोष लोगों की हत्याओं पर गहरी संवेदना व्यक्त की।

गीता देवी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं की एकता, अधिकारों और संघर्ष को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं ने पुराने एसडीएम कार्यालय से जुलूस निकाला, जो कोतवाली के सामने से होते हुए बुध बाजार, मुख्य बाजार से गुजरकर कबीर तिराहे तक पहुंचा। जुलूस में कार्यकर्ताओं के हाथों में युद्ध विरोधी नारे लिखी तख्तियां और लाल झंडे थे। इस दौरान युद्ध बंद करो, पूंजीवाद-साम्राज्यवाद मुर्दाबाद और समाजवाद जिंदाबाद जैसे नारे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड गुलशेर अली ने की, जबकि संचालन हरस्वरूप सिंह ने किया। जनसभा को प्रांतीय अध्यक्ष कामरेड धर्मपाल सिंह, कामरेड शाकिर, डॉ. सईद सिद्दीकी तथा किसान नेता प्रीतम सिंह ने संबोधित किया। हाजी कल्लू, सुरेंद्र सिंह, कामरेड त्रिमल सिंह, नरेश सिंह, जगदीश सिंह, बिमला, ओमवती, वीर सिंह, अर्जुन सिंह, जहांगीर, चांद बरसी, सुरेश सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



युद्ध के विरोध में प्रदर्शन करते अभा किसान मजदूर सभा कार्यकर्ता।

# व्यापारियों ने कोतवाली प्रभारी को दिया ज्ञापन

संवाददाता, चौधरपुर

- व्यापारियों ने किया डिडौली कोतवाली प्रभारी का स्वागत

**अमृत विचार।** रविवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम के दर्जनों व्यापारियों ने डिडौली कोतवाली में नवनियुक्त प्रभारी जितेंद्र बालियान का स्वागत किया और तीन सूत्रीय ज्ञापन देकर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

कोतवाली प्रभारी ने व्यापारियों की समस्याओं को बहुत गंभीरता से सुना और उन्होंने पूर्ण रूप से उसके निदान का आश्वासन दिया। व्यापारियों से अपील की वह अपनी अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं। प्रदेश संगठन मंत्री मोहम्मद फहीम, जोया नगर अध्यक्ष हरस्वरूप माथुर, वरिष्ठ संरक्षक आफताब आलम, उपाध्यक्ष अंजार अली, युवा अध्यक्ष मोहसिन, महामंत्री तौसीफ आलम, मंत्री ओम प्रकाश सिंह, वरिष्ठ सहयोगी मास्टर मशकूर, मंत्री पंकज वर्मा, डिडौली इकाई से वरिष्ठ संरक्षक शाह आलम, जमशेद अली कल्लू चौधरी नरेंद्र सिंह मनसब प्रधान नवाब भाई, चौधरपुर नगर अध्यक्ष दिलशाद खान व अन्य मौजूद रहे।


प्रभारी जितेंद्र बालियान का स्वागत करते व्यापारी। ● अमृत विचार

# गन्ने से ओवरलोड ट्रकों से हाईवे पर जाम जैसी स्थिति

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र में गन्ना खरीद केंद्रों पर से गन्ने के ओवरलोड ट्रक भर कर चलते हैं जिससे रसूलपुर क्रॉसिंग और मुख्तियारपुर नवादा क्रॉसिंग के आगे कांठ में ओवरलोड ट्रक जाम लगा देते हैं। मुरादाबाद हरिद्वार हाईवे पर जाम लग जाता है और वाहन तथा यात्रियों का निकलना दूभर हो जाता है।

गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रैकों की लाइन लग जाने से कई बार अधिकारियों की गाड़ियां जाम में फंसी तो पुलिस ने ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही भी की थी। इसके अलावा रोडवेज बस भी पुराने रोडवेज बस अड्डे पर आकर खड़ी हो जाती हैं। यह भी जाम का मुख्य कारण है क्योंकि नए रोडवेज बस अड्डे पर बस कम ही रूकती हैं। इन रोडवेज बसों के खिलाफ कई बार पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कार्रवाई की परंतु इन पर कोई असर नहीं पड़ता है। क्षेत्रवासी रामपाल, गोपाल, महेंद्र, राजकुमार आदि ने ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रकों एवं रोडवेज बसों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है जिससे जनता को यातायात में परेशानी न पड़े और जाम से निजात मिल सके।


गन्ने से भरे ओवरलोड वाहन।

- जाम के चलते मुरादाबाद-हरिद्वार हाईवे पर परेशान होते हैं लोग

# आंबेडकर मेला की बनाई रूपरेखा

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर के आंबेडकर पार्क में आंबेडकर युवक संघ की बैठक का आयोजन हुआ जिसमें आंबेडकर मेल को लेकर रूपरेखा तय की गई ।

वक्ताओं ने कहा कि 15 व 16 अप्रैल को लगने वाले मेले को भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। संघ के अध्यक्ष डॉक्टर जगतपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि मेले में किसी प्रकार की कोई कमी ना रह जाए। 15 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से झांकियां डीजे व बैंड बाजे के साथ नगर के प्रस्तावित मार्ग से शुरू होकर अंबेडकर पार्क में जनसभा के रूप में परिवर्तित होगी जहां तथागत गौतम बुद्ध जी की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। 16 अप्रैल को मिस्टर इंडिया अजय जादूगर का प्रोग्राम, उसके बाद भीम लीला का मंचन किया जाएगा। 16 अप्रैल को झांकियों में सम्मिलित कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा। डीजे पर कोई भी ऐसा गाना नहीं बजाया जाएगा जिससे किसी भी समाज के सम्मान मे ठेस पहुंचे। झांकियां में रंग व गुलाल का प्रोग्राम नहीं होना चाहिए। मंत्री केके नवल, उपाध्यक्ष डॉ कुंवर सिंह, कोषाध्यक्ष मनवीर सिंह, बादाम सिंह नेताजी, इंद्रपाल सिंह,रामवीर, सिंह,प्रताप सिंह, हरिशंकर बौद्ध,, डॉक्टर ओम प्रकाश,शिवम सागर,, डॉक्टर चरन सिंह,राम खिलाड़ी, रन सिंह भारती, मोहर सिंह, राम अवतार जी, प्रेम किशोर जी, डॉक्टर विजयदीप आदि मौजूद रहे।


आंबेडकर मेले को लेकर बैठक करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- अंबेडकर युवक संघ ने बैठक में की चर्चा

# प्रेमी से झगड़ा होने पर महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**कांठ , अमृत विचार:** प्रेमी से झगड़ा होने पर महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पीआरवी पुलिस ने महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना पुलिस ने प्रेमी को हिरासत में ले लिया है।

तहसील क्षेत्र में एक महिला का प्रेम प्रसंग एक व्यक्ति से चल रहा था। जब महिला का पति कहीं बाहर जाता तो प्रेमी घर पर आ जाता था। रविवार को महिला का पति किसी काम से बाहर गया था, उसका प्रेमी घर पहुंच गया। वहां पर किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया इसके बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया।

महिला के बच्चों ने घटना की जानकारी मोबाइल पर अपने पिता को दी तो उसने वहीं से पीआरबी पुलिस को फोन किया। पीआरबी पुलिस महिला और उसके प्रेमी को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ पहुंची। महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्रेमी को थाना कांठ पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इसके बाद महिला के पति को पुलिस ने फोन कर बुलाया।

## न्यूज डायरी

### जरूरतमंद परिवारों को दी इफ्तार राशन किट



**कांठ : अमृत विचार :** रमजान माह के अवसर पर जमात ए इस्लामी हिंद द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों को इफ्तार राशन किट वितरित की गई। कुल 12 गरीब परिवारों को राशन किट देकर उनकी मदद की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि रमजान के पवित्र महीने में जकात का अत्यधिक महत्व है जो इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक अनिवार्य आर्थिक इबादत है। उन्होंने कहा कि आर्थिक संपन्न लोगों को अपनी आय का 2 .5 फीसद जकात गरीबों, अनाथ और जरूरतमंदों को देना चाहिए। इसका उद्देश्य समाज में आर्थिक समानता भाईचारा और जरूरतमंदों की मदद करना है जिससे उनकी ईद भी खुशहाल हो सके। अमीर मुकामी, जहांगीर अहमद, अब्दुल कय्यूम, यूसुफ सलीम, रिजवान अहमद, सलीम अहमद, मोहम्मद मीर, मशकूर अहमद और खुर्शीद अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।




### एनएसएस के शिविर की शुरुआत छात्रों ने निकाली रैली

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** क्षेत्र के सरकड़ा परमपुर माफी में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर की का उद्घाटन अध्यापक अमजद अली ने किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजपाल सिंह, सहायक अध्यापक सत्य प्रकाश सिंह, आशु, सुनीता यादव, अमृता यादव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऊषा मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं ने सरकड़ा परम्पुर माफी और नहर वाला गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा और समाज सेवा के प्रति जागरूक किया। डॉ. रघुनाथ सिंह ने शिविर में होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। निशा, दया, विरल, स्वाति, प्रियंका, शिफा सरकार, तनु यादव, विवेक, शरद, राजकुमार, शिवा, शिवम, शंकर, जीवन सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मारपीट और पैसे, मोबाइल छीनने का केस दर्ज

**कुंदरकी अमृत विचार :** कुंदरकी थाना क्षेत्र के ग्राम तख्तपुर के निवासी धर्मपाल ने थाना कुंदरकी में पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार, 8 मार्च को दोपहर करीब 11 :30 बजे उसका पुत्र सेन्की घर लौट रहा था। रास्ते में नेमवीर पुत्र, अजय उर्फ बन्टू , अनुभव उर्फ अभिषेक, रजत और रवि ने धारदार हथियारों से उसे घेर लिया और गंभीर चोटें पहुंचाईं। चीख-पुकार सुनकर वह और उसका भाई वीरपाल मौके पर पहुंचे, जहां आरोपियों ने उन पर भी हमला किया। आरोपियों ने सेन्की से 38,000 रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच शुरू कर दी है।

### युवती को ले जाने में मुकदमा दर्ज

**बिलारी,अमृत विचार :** युवती को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक ग्रामीण ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी 18 साल की बेटी को रुस्तमनगर सहसपुर का रोहित बहला फुसलाकर ले गया है। तहरीर पर मुकदमे के बाद पुलिस ने आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी।

### महिला दिवस पर चिकित्सा अधिकारी को किया सम्मानित



**बिलारी,अमृत विचार :** राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा अधिकारी डॉ श्वेतामभरी त्यागी को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशस्ति पत्र चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजपाल सिंह द्वारा दिया गया। समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों जरगांव, नवेनी गद्दी ,इब्राहिमपुर,स्योंडारा पर राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर गोष्ठी हुई जिसमें महिला अधिकारों के बारे में बताकर प्रोत्साहित किया गया। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक चंचल सिंह आजाद, ब्लॉक कम्युनिटी प्रबंधक मनीष कुमार,आरो विकेश कुमार, डॉक्टर राजपाल सिंह, धनंजय कठेत,डॉ आदित्य कुमार, डॉक्टर मुनाजिर इमाम, डॉक्टर मुजफ्फर हुसैन आदि स्टाफ उपस्थित रहा।

# जानलेवा हमले के आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कांठ, अमृत विचार:** थाना कांठ के ग्राम गढ़ी निवासी मोहम्मद शादाब एवं उसके पिता को 14 फरवरी को नूर होटल पर तंदूरी रोटी बेचने को लेकर हुए विवाद में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था, जिसमें पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला करने का मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। एक अभियुक्त को कुछ दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

मोहम्मद शादाब ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों से शिकायत कर शेष आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की थी। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर थाना कांठ के उप निरीक्षक मोनू शर्मा, गौरव कुमार ने पुलिस बल के साथ छापा मार कर इमरान आलम, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद उजैर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# खेत की मेढ़ काटने के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** खेत की मेढ़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा निवासी चन्द्रपाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 1 मार्च 2026 की सुबह करीब 9 बजे उसका भाई यशपाल सिंह खेत में गेहूं की फसल को पानी लगा रहा था। इसी दौरान गांव के राजपाल सिंह ने खेत की मेढ़ काटकर पानी लगाने में बाधा उत्पन्न कर दी। यशपाल ने राजपाल सिंह और जयपाल को मेढ़ काटने से मना किया तो दोनों झगड़े पर उतारू हो गए और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। राजपाल ने यशपाल के सिर पर धारदार हथियार से वार किया, जबकि जयपाल ने किसी ठोस वस्तु से उसके मुंह पर वार कया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दोनों आरोपी पहले भी कई बार खेत की मेढ़ काटकर विवाद कर चुके हैं, लेकिन गांव का मामला होने के कारण उन्होंने पहले कोई शिकायत नहीं की थी। घटना के बाद आरोपियों ने थाने में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चन्द्रपाल सिंह की तहरीर के आधार पर राजपाल सिंह और जयपाल उर्फ काले के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# होली मिलन में दिया भाईचारे का संदेश

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार:** कुंदरकी से विधायक ठाकुर रामवीर सिंह की ओर से महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना में आयोजित होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। विधायक लोगों से गले मिले और फूल बरसाते हुए होली की बधाई दी। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर पंडाल में मौजूद लोग भक्ति भाव से झूमते नजर आए।

विधायक रामवीर सिंह ने होली को समाज को जोड़ने वाला सबसे बड़ा लोकतांत्रिक पर्व बताया। कहा, पूरी विधानसभा का प्रत्येक व्यक्ति मेरा परिवारजन है। यह भारत की विविधता में एकता की परंपरा को मजबूत करता है। होली को केवल रंगों का उत्सव न मानकर प्रेम, एकता और सकारात्मकता का संदेश फैलाने का माध्यम बताते हुए नागरिकों से आचरण और कार्यों के माध्यम से देश को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया

कार्यक्रम में एमएलसी डॉ जयपाल व्यस्त, पूर्व सांसद वीर सिंह, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख मुंडापांडे नवदीप यादव, डॉ विशेष गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, नीरज चंद्रा, ग्राम प्रधान ढकिया जुम्मा अब्दुल मलिक खान, इरशाद पठान, संजय कश्यप, बबलू जाटव, परशुराम सैनी, अशोक प्रजापति, राजेश रस्तौगी, संजय कट्टा, रामकिशोर लोधी, अतुल दुबे, रविंदर पाल सिंह, संजय सिंह, विजेंद्र चौधरी, जूली सैनी, प्रणीत गुप्ता, आशीष सिंह, रोहित सिंह, सोनू रस्तौगी, ज्योति बाल्मीकि, पंकज चौहान और जीवन सिंह प्रमुख थे।


लोगों पर फूल बरसाते विधायक रामवीर सिंह। ● अमृत विचार

- ठाकुर रामवीर सिंह बोले- होली समाज को जोड़ने वाला पर्व

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9412554796 0591 3591634

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAINA BHALLA था, अब मैंने अपना नाम बदल कर RAINA BHANDULA कर लिया है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। RAINA BHANDULA W/O SAHIL BHANDULA पता :- नियर सहज योग मंदिर पीली कोठी आवास विकास सिविल लाइन्स, मुरादाबाद 244001 उ.प्र.

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले मेरा नाम RAFEDIN था, अब बदल कर RAFIUDDIN S/O RAJAK R/O VILLAGE DHANAURI AHIR PS AMROHA DEHAT DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

पहले नाम IFTIKHAR AHMAD था, अब बदल कर IFTEKHAR S/O ABDUL GAFFAR R/O MOHALLA MAJAPOTA AMROHA DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।



**इफ्तार** 09 मार्च
सुन्नी: 6:24
शिया: 6:32

**सहरी** 10 मार्च
सुन्नी: 4:58
शिया: 5:59

**हजरत मोहम्मद साहब ने फरमाया:** सहरी खाया करो क्योंकि सहरी खाने में बरकत है।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा देने गई नाबालिग छात्रा लापता

**बिलासपुर, अमृत विचार:** मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरिया खुर्द निवासी रुपिंदर कौर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी रमनदीप कौर शनिवार सुबह डाम कॉलोनी स्थित एक केंद्र पर पेपर देने आई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद मां बेटी को साथ लेकर मुख्य चौराहे के पास एक दुकान पर कुकर ठीक कराने रुकीं। इसी बीच वहां से छात्रा कहीं चली गई। उसके लापता होने पर हड़कंप मच गया। आस-पास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां लाश किया, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

### मदद कर पेश की मानवता की मिसाल

**बिलासपुर, अमृत विचार:** महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के वाशिम जिले के उकाली पेन गांव निवासी सोनू चौहान और अनूप पवार को एक ठेकेदार ने उत्तराखंड के रुद्रपुर स्थित सिडकुल में काम दिलाने का वादा किया था। ठेकेदार उन्हें नगर तक लाया और फिर फरार हो गया। सोनू व अनूप के साथ पत्नियां प्रीति व पायल और दो छोटे बच्चे भी थे। सभी छह लोग रात में भटकते हुए मोहल्ला भट्टी टोला में पालिका वार्ड-10 स्थित इस्लामनगर कालोनी के मदरसा फैजाने शीदी के पास पहुंचे और रोने लगे। सभासद मोहसिन खां वहां आ गए। उन्होंने आधार कार्ड की जांच कर महाराष्ट्र में उनके परिजनों से संपर्क कर पुष्टि की। इसके बाद, उन्हें पूरी सुरक्षा और मदद का आश्वासन दिया। फिर युवाओं ने उन्हें भोजन और यात्रा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्हें नगर के मुख्य चौराहे पर बस में बैठाकर विदा किया गया। इस मदद में सभासद मोहसिन खां, शेरा, शवाब, अजीम, जुबैर और अन्य कई युवा शामिल थे।

### शहर मुफ्ती मौलवी मोहम्मद मकसूद बोले, रमजान में शैतान हो जाता है कैद

# फजीलत वाले होते हैं रमजान के रात और दिन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रमजान का महीना ही एक ऐसा महीना है, जिसकी दिन और रात दोनों ही फजीलत वाली हैं। रमजान के ही महीने में पूरी दुनिया को कुरआन जैसी ताकतवर किताब मिली जिसमें हर सवाल का जवाब मौजूद है। माहे रमजान में शैतान कैद हो जाता है। अल्लाह रोजेदार की खताओं को माफ कर देता है और रोजेदार की बीमारियां दूर होती हैं।

शहर मुफ्ती मौलवी मोहम्मद मकसूद कहते है कि रोजा रखने का मकसद परहेजगारी करना है, अल्लाह फरमाता है कि रोजा तुम पर इस कदर फर्ज है जैसे तुमसे पहले आई उम्मतों पर था। जब कोई शख्स रोजा रखता है तो उसको यह फिक्र होती है कि मुझे यह गलत काम नहीं करना है। नहीं तो अल्लाह नाराज हो जाएगा। तो इसे ही परहेजगारी कहते हैं जो जिंदगी में काफी फायदा पहुंचाती है। रमजान के महीने में हमारे चारों तरफ इबादत का माहौल होता है। हर कोई इबादत कर रहा होता है और अपने रब को राजी करने की कोशिश करता है। ऐसे में उस इंसान का भी ईमान ताजा हो जाता है जो पूरे साल इबादत नहीं करता लेकिन, औरों को देखकर रमजान की रहमतों को देखकर उसके दिलों में भी ईमान जागता है और वह भी इबादत में लग जाता है। रमजान के रोजे की सबसे बड़ी फजीलत यह भी है कि इस महीने रोजा रखने से और अल्लाह की इबादत करने से मगफिरत हासिल होती है।



मौलवी मोहम्मद मकसूद, शहर मुफ्ती।

- **रोजा रखने से दोजख की आग से होती है हिफाजत**

### मजार हजरत मुर्शिद मियां में कुरान मुकम्मल

**रामपुर, अमृत विचार:** घेर पूरन सिंह स्थित मजार हजरत मौलाना मुर्शिद मियां में तरावीह की नमाज के दौरान कुरान मुकम्मल हो गया। यहां हाफिज मोहम्मद अयान ने कुरान सुनाया और समाअत की जिम्मेदारी हाफिज मोहम्मद काशिफ ने अंजाम निभाई। लोगों ने हाफिजों की गुलपोशी की और मिठाई तकसीम की गई। कुरान मुकम्मल होने पर अल्लाह से रमजान माह में की गई इबादत को क़ुबूल करने की दुआ की गई। गुनाहों के लिए माफी तलब की। इस मौके पर मशकूर खां उर्फ शन्नु, विंटू खां, जकी खां, नवाज़ खां, शमीम मियां, मतलूब खां समेत काफी लोग मौजूद रहे।



# माहे रमजान अल्लाह की इबादत करने का महीना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **केले वाली मस्जिद में 17वें रोजे को कुरआन मजीद हुआ मुकम्मल**

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला बारादरी स्थित केले वाली मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह के दौरान हाफिज अब्दुल सबूर ने कुरआन मजीद सुनाया और मौलवी मोहम्मद नौशाद ने सुना। 17 वें रोजे की तरावीह में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ।

मौलाना मोहम्मद नौशाद ने कहा कि माहे रमजान अल्लाह की इबादत करने का महीना है इस महीने इबादत करने पर अल्लाह उसका 70 गुना सवाब देता है। कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनियों से सजाया गया था। कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हुई तकरीर में मौलाना ने कहा कि रोजा अच्छी जिंदगी जीने का तरीका है। इसमें इबादत कर खुदा की राह पर चलने वाले इंसान का जमीर रोजेदार को एक नेक इंसान की शख्सियत संवारने के लिए जरूरी हर बात की तरबियत देता है। उन्होंने कहा कि दुनिया की हर कहानी भूख, प्यास और इंसानी ख्वाहिशों के इर्द गिर्द घूमती है। रोजा इन तीनों चीजों पर सब्र रखने का पैगाम है। रमजान का महीना तमाम इंसानों के दुख, दर्द और भूख, प्यास को समझने का महीना है ताकि, रोजेदारों में भले बुरे को समझने की सलाहियत पैदा हो। इस मौके अफरोज खान, मोहम्मद अमान खान, हाफिज अब्दुल सबूर, मौलवी रिजवान, हाफिज समी, मौलवी गुलनवाज समेत काफी तादाद में नमाजी मौजूद रहे।

# देश व समाज के विकास में महिलाएं बराबर की भागीदार

### विकास भवन सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोले जिला पंचायत अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी ने दो मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र, 5 आंगनबाड़ी कर्मी और मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि आज महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं देश व समाज के विकास में बराबर की भागीदार हैं।

कार्यक्रम का आरंभ लखनऊ स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से मुख्यमंत्री ने किया। जिसका सीधा प्रसारण यहां देखा गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विकास भवन सभागार नारी शक्ति के सम्मान से गूंज उठा। समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं और बालिकाओं का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। मुख्यातिथि जिला पंचायत अध्यक्ष खयाली राम लोधी ने महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की ओर से लगातार विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं।

बाल विकास विभाग की दो मुख्य सेविकाओं शहर निवासी शशीबाला और उषा सैनी को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। वहीं उत्कृष्ट कार्य के लिए 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया। इनमें स्वार ग्रामीण से पूनम कुमारी, बिलासपुर से ममता रानी, चमरौआ से मनोरमा, रामपुर शहर से सरला रानी और मिलक से ममता रानी शामिल रहीं। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत उच्च अंक प्राप्त करने वाली 5 बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इनमें सामान्य योजना के तहत 85 प्रतिशत अंक पाने वाली फरहा शब्बीर तथा कोविड योजना के तहत 99.20 प्रतिशत अंक लाने वाली जसमीन कौर और 82 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली सोनम को सम्मानित किया गया।



आंगनबाड़ी कार्यकत्री को प्रशस्ति पत्र सौंपते जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी।



विकास भवन में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखते अधिकारी व कर्मचारी।

- **दो मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र, 5 आंगनबाड़ी कर्मी व मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित**

### अंतिम पंक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ

जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण शासन की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपील की कि वे पूरी निष्ठा के साथ योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। प्रभारी सेवायोजन अधिकारी मनोज कुमार ने विभागीय योजनाओं और मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च किए गए मोबाइल एप की जानकारी साझा की। कार्यक्रम का सफल संचालन महिला कल्याण विभाग की ओर से वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक चांद बी ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और महिलाएं उपस्थित रहीं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन पर लखनऊ में सम्मानित हुईं प्रियांशी व प्रियंका

**रामपुर, अमृत विचार:** लखनऊ में प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक विषय पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में रामपुर की छात्राओं प्रियांशी व प्रियंका यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दोनों छात्राओं को बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने सम्मानित कर हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर छात्राओं के साथ अध्यापक सय्यद आफाक हुसैन, शिक्षिका शमीम फातिमा तथा अभिभावक के रूप में गीता देवी उपस्थित रहीं।



लखनऊ में प्रियांशी को सम्मानित करते बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह।

### संत गाडगे महाराज ने समाज को एक नई दिशा दी

**बिलासपुर, अमृत विचार:** रविवार को गांव पिपलिया मिश्र तीन पानी गांव में संत गाडगे महाराज की जयंती पर गोष्ठी आयोजित की गई।

राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि संत गाडगे एक महान संत थे, जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई और समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं, और हमें उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। इससे पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके जीवन और कार्यों को याद कर संकल्प लिया।

इस मौके पर अनिल राज, नवीन कुमार सोनू, कुलदीप वाल्मीकि, बब्लू अंसारी, अली अहमद, कुनाल राजीव वाल्मीकि, लौकीराम, अर्जुन कुमार, यशपाल, करन राजपूत, सिद्धार्थ, राहुल नरेश, विजय कुमार, रामा देवी, सुनीता देवी, अनीता, गुंजन आदि मौजूद रहे।

# वीर खालसा समिति ने पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया



वीर खालसा समिति द्वारा सम्मानित महिला पुलिसकर्मी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वीर खालसा सेवा समिति की महिला विंग ने महिला थाने में तैनात पुलिकर्मियों को सम्मानित किया। निरीक्षक अनु तोमर, कल्पना देवी भारतीय, रीता शर्मा, रुचि चौहान, वर्षा चौधरी, आशु, रांची, स्नेह लता, उषा, मीरा, शिवानी व शालिनी को सम्मानित किया। वीर खालसा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान करने का उद्देश्य उनका हौसला बढ़ाना है। इसके अलावा महिलाओं का सम्मान हमेशा करना चाहिए, महिलाएं आज चूल्हे चौके से उठकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला रहीं हैं। इस मौके पर नेहा अग्रवाल, रितु अग्रवाल, शेफाली अरोरा, अनु अरोड़ा, ममता भाटिया, समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह, मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### 17 मार्च को निकलेगी श्री बालाजी महाराज की शोभायात्रा

**बिलासपुर, अमृत विचार:** श्री बालाजी महाराज की 32वीं विशाल एवं भव्य शोभायात्रा 17 मार्च को निकाली जाएगी। संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर एवं दरबार समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जिंदल ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। जिसके चलते 17 मार्च को बालाजी महाराज की शोभायात्रा निकाली जाएगी।

यात्रा शिवबाग मंडी से प्रारंभ होने के बाद मुख्य चौराहा, सिनेमा रोड पुरानी रामलीला रोड होती हुई रामपुर रोड शिव मंदिर डाकखाना रोड से शिवबाग मंडी में पहुंचकर संपन्न होगी। रात्रि में दस बजे से शक्ति दरबार लगाया जाएगा। इससे पहले 14 मार्च को विशाल भंडारा होगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# 100 मीटर दौड़ में दिव्या व 200 में गुंजन बनी विजेता



विजयी खिलाड़ी को पुरस्कृत करते पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी। • अमृत विचार



पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र के साथ विजयी खिलाड़ी। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहीदे आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम पर रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माई भारत के तत्वावधान में आयोजित अस्मिता लीग में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। फर्राटा दौड़ अंडर-13 में दिव्या ने 100 मी. दौड़ 15.58 सेकेंड में पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं 200 मी. दौड़ गुंजन ने 32.72 सेकेंड में पूरी की और 400 मीटर दौड़ में सिमरन प्रथम स्थान पर रही।

मुख्यातिथि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की क्षमता, सम्मान और अधिकारों को स्वीकार करने का महत्वपूर्ण अवसर है। मुख्यातिथि ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया व गुलाबी गुब्बारें उड़ाकर महिला सशक्तिकरण, सम्मान और समानता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में महिलाओं एवं बालिकाओं ने 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ में प्रतिभाग किया। माई भारत के उप निदेशक माहे आलम ने कहा कि माई भारत का उद्देश्य युवाओं, विशेषकर युवतियों को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। अस्मिता लीग के माध्यम से बेटियों को खेलों में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। स्वयंसेवकों और युवा क्लबों ने कार्यक्रम सफल बनाने में योगदान दिया है। प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवतियों को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है। विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर शांति भूषण पांडेय, सौरभ कुमार, सुरेश आर्य, नरवीर, रोहित, कुलदीप, अरविंद राजपूत, सीमा राजपूत, विजय राजपूत, अलीम, राजपाल, अंकित सैनी, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

- **अस्मिता लीग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**

### अस्मिता लीग के विजेता

100 मीटर दौड़ में दिव्या प्रथम, सिमरन द्वितीय, गुंजन तृतीय। 200 मीटर दौड़ में गुंजन प्रथम, सृष्टि द्वितीय, गुंजन तृतीय। 400 मीटर दौड़ में सिमरन प्रथम, माही द्वितीय, आख्या तृतीय रही। अंडर 18 100 मीटर दौड़ में गुंजन प्रथम, कल्पना द्वितीय और अवनी तृतीय रही। 200 मीटर दौड़ में छवि प्रथम, अनीसा द्वितीय, कल्पना तृतीय रही। 400 मीटर दौड़ में अर्चना प्रथम, पायल द्वितीय और संध्या तृतीय रही। 18 वर्ष से अधिक में निकहत प्रथम, अर्चना द्वितीय और नीरू तृतीय। 200 मीटर दौड़ में निकहल प्रथम, सुहानी द्वितीय और संदिल तृतीय। 400 मीटर दौड़ में निकहत प्रथम, संदिल द्वितीय और आंचल तृतीय स्थान पर रहीं।

# वार्षिकोत्सव में मेधावियों को मिला पुरस्कार

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार:** पीएम श्री विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए व मेधावियों को पुरस्कृत किया गया।

रविवार को नगर के मोहल्ला विशारतनगर स्थित पीएमश्री विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, स्वागत गीत, नुक्कड़ नाटक, पंजाबी भांगड़ा, गिद्दा, फैंसी ड्रेस आदि विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इससे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल, ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का आरंभ किया। मुख्य अतिथियों द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

अंत में प्रधानाध्यापक सतीश कुमार रुहेला ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के ब्लाक अध्यक्ष प्रताप सिंह, सभासद रुखसाना खान, परमजीत कौर पोला, निधि भागी, रजनी शर्मा, मोहम्मद मसरूर, फ़ैज़ी, पूनम जाटव, सलाक निगार, शाइस्ता परवीन, केहरी सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सोनी भारती ने किया।



मेधावी को पुरस्कृत करते कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। • अमृत विचार

- **छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे वार्ड 36 के बाशिंदे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **वार्ड 36 के सभासद ने दी भूख हड़ताल की चेतावनी**

**अमृत विचार:** वार्ड 36 के बाशिंदे बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं। पिछले 8 माह से ओवरहेड टैंक कह मोटर खराब है। आप के नेता एवं वार्ड नंबर 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने बताया कि रमजान में भी वार्ड के बाशिंदों को पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

उन्होंने पालिकाध्यक्ष से मांग की है कि मोटर को बदलवाया जाए अन्यथा वह भूख हड़ताल करेंगे। वार्ड का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा पेयजल संकट से जूझ रहा है। शहर के कई क्षेत्रों में लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। कहा कि नगर पालिका द्वारा 44 लाख रुपये की टेंडर प्रक्रिया दो नए पंप लगाने के लिए पहले ही की जा चुकी है। जिसमें एक पंप मौलवी साहब की मजार के पास लगाया जाना है और दूसरा पंप घेर रहमत खान, ताशका की बस्ती के ठीक सामने टंकी के अंदर लगाया जाना प्रस्तावित है। पालिका के अधिशासी अधिकारी दुर्गेश त्रिपाठी से मांग की है कि ताशका बस्ती के सामने टंकी के अंदर पानी के पंप लगवाया जाए।



मोहम्मद जफर, सभासद

# दूषित पानी बंद न होने पर होगा आंदोलन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** हाईवे स्थित भाकियू टिकैत के प्रदेश कैंप कार्यालय पर रविवार को हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि फैक्ट्रियों से दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। जिससे फसलें बर्बाद हो रही हैं और लोगों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है। उन्होंने खेतों में घूमने वाले छुट्टा पशुओं को पकड़वाने की मांग भी की।

पंचायत में किसान नेता ने कहा कि फैक्ट्री संचालकों द्वारा भू गर्भ में दूषित पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा नदियों में भी दूषित पानी प्रवाहित कर दिया जाता है। जिससे जलीय जीव जंतु मर रहे हैं। पानी पनवड़िया के टेढ़े नाले में छोड़ा जा रहा है जो फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। जहरीले पानी से अलीनगर के किसानों की गन्ने की फसल और पॉपुलर नष्ट हो गया है। कहा कि इस मामले में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए थे पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि दूषित पानी छोड़ने वालों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। पंचायत में दरबारी लाल शर्मा, बाल किशोर पांडेय, जानकी प्रसाद लोधी, धर्म सिंह लोधी, शेर सिंह लोधी, भानु प्रताप लोधी, मोहसिन रजा, मोहनलाल लोधी, अर्जुन सिंह लोधी, रघुवीर सिंह लोधी, हकीम चंद्र लोधी, प्रेमपाल लोधी, सोमपाल सिंह लोधी, प्रेम सिंह लोधी, दिनेश सिंह लोधी, महिपाल लोधी, जयप्रकाश लोधी, रामदास लोधी, सोमपाल सिंह लोधी, मुस्तकीम, फकीर चंद लोधी, भारत सिंह लोधी आदि मौजूद रहे।



किसान पंचायत में बोलते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। • अमृत विचार

- **भाकियू टिकैत के प्रदेश कैंप कार्यालय पर हुई पंचायत में बोले महासचिव**

न्यूज ब्रीफ

## पिता-पुत्र सहित चार पर मारपीट का केस

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला चाउपुरा निवासी इसरार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसके मकान में प्लास्टर का कार्य चल रहा है। पड़ोसी कल्बे हसन व उसका पुत्र आजम शाहिद निर्माणाधीन मकान के पास बंधी पाड़ को गिराने लगा। विरोध करने पर धक्का मुक्की में पाड़ टूट कर गिर गई और राजमिस्त्री घायल हो गया। इसके बाद कल्बे के भाई इस्लाम अली ने लाठी डंडे लेकर हमला बोल दिया। जिससे इसरार चोटिल हो गया।चौकी पुलिस को तहरीर दी तो वहां से मेडिकल करने स्वार अस्पताल भेज दिया। लेकिन स्वार कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। जिससे परेशान इसरार ने शिकायत पुलिस अधीक्षक से की। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने पिता-पुत्र सहित चारों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि शीघ्र ही गिरफ्तारी कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में बस चालक पर रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नैनीताल हाईवे पर सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत होने के मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। सुभाष कॉलोनी रुद्रपुर उत्तराखंड निवासी जयप्रकाश 5 मार्च की देर रात पिता नारायण दास के साथ बाइक से घर जा रहे थे। फ्लाईओवर के पास पीछे से आ रही हल्द्वानी डिपो की रोडवेज बस चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि जयप्रकाश छिटककर दूर जा गिरे, जबकि उनके पिता नारायण दास बाइक समेत बस के नीचे फंस गए। बस उन्हें काफी दूर तक घसीटती ले गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद काफी मशक्कत के बाद शव को बस के नीचे से निकाला गया। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## हाथ में तमंचा लेकर फोटो किया वायरल

**चंदौसी, अमृत विचार :** एक युवक की इंस्टाग्राम पोस्ट चर्चा का विषय बनी है, जिसमें वह में तमंचा लिए नजर आ रहा है। युवक ने फोटो के साथ गाना लगाकर इसे शेयर किया। बताया जा रहा है कि मामला कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। पुलिस जांच कर रही है।

# विद्यालय के सामने श्मशान घाट निर्माण का विरोध

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गोकुलनगरी में प्राथमिक विद्यालय के ठीक सामने श्मशान घाट के निर्माण को लेकर महिलाओं ने आक्रोश जताया। सिमरनजीत कौर के नेतृत्व में स्थानीय महिलाओं ने इस निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग को लेकर मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र प्रेषित कर तत्काल हस्तक्षेप की अपील की।

महिलाओं का कहना है कि जिस स्थान पर विधायक निधि से श्मशान घाट बनाया जा रहा है, उसके ठीक सामने गांव का प्राथमिक विद्यालय स्थित है। स्कूल में छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। विद्यालय के इतने करीब शवों का दाह संस्कार होने से बच्चों के कोमल मन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। साथ ही, धुएं और वातावरण की गंभीरता से शैक्षणिक माहौल भी प्रभावित होगा। प्रदर्शन कर रही सिमरनजीत कौर व अन्य महिलाओं ने बताया कि आबादी और स्कूल के निकट इस तरह का निर्माण नियमों के विरुद्ध है। आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद कार्य जारी है। चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही स्थानांतरित नहीं किया गया, तो वह बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होंगी। गांव के बाहर किसी अन्य उचित स्थान पर श्मशान घाट का चयन हो। इस अवसर पर रेवती, रजनी, सुंदर, राजनेंद्री समेत आदि ग्रामीण महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ऑपरेशन थियेटर और प्रसूति कक्ष के लिए भी आए आधुनिक उपकरण

# शाहबाद सीएचसी पर लगेंगी ईसीजी और डीफिब्रिलेटर मशीनें

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जल्द ही कई जीवन रक्षक स्वास्थ्य उपकरण लगाए जाएंगे। इन उपकरणों के लगने के बाद दिल के मरीजों को इलाज के लिए दूसरे शहरों की ओर नहीं भागना पड़ेगा। इससे क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मोहित रस्तोगी के प्रयासों से अस्पताल को कई आधुनिक उपकरण मिले हैं। इनमें ईसीजी मशीन, डीफिब्रिलेटर, डेंटल चेयर, लेबर बेड, नवजात शिशु को गर्म रखने वाला रेडिएंट वॉर्मर, ऑपरेशन थियेटर की टेबल और डोर लाइट जैसे उपकरण शामिल हैं। इन मशीनों के शुरू होने के बाद सीएचसी की इमरजेंसी और ऑपरेशन से जुड़ी सुविधाएं पहले से ज्यादा बेहतर हो जाएंगी।

ईसीजी और डीफिब्रिलेटर मशीन इमरजेंसी में हार्ट मरीजों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं। डीफिब्रिलेटर अचानक कार्डियक अरेस्ट के दौरान हृदय को विद्युत झटका देकर धड़कन को सामान्य करने में मदद करता है, जबकि ईसीजी मशीन से दिल की धड़कन की दर और उसकी लय की जांच की जाती है। डॉ मोहित रस्तोगी ने बताया कि मशीनों को लगाने और चालू करने की प्रक्रिया चल रही है। उपकरणों को स्थापित कराया जा रहा है। उम्मीद है कि एक सप्ताह में मरीजों को सभी सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा।

**• एक सप्ताह में कई स्वास्थ्य सेवाएं होंगी शुरू**

अस्पताल में नई मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। टेक्नीशियन की मदद से उन्हें स्थापित और चालू कराया जा रहा है। उम्मीद है कि एक सप्ताह के भीतर क्षेत्र के लोगों को ईसीजी, डीफिब्रिलेटर समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलने लगेगा।
– डॉ. मोहित रस्तोगी, सीएचसी अधीक्षक

### 70 तरह की जांचें हो रही निःशुल्क

सीएचसी में पहले से ही करीब 70 प्रकार की जांचें नि :शुल्क की जा रही हैं। इनमें शुगर, सीबीसी, टाइफाइड, मलेरिया और कोलेस्ट्रॉल जैसी जरूरी जांचें शामिल हैं।

### दिल के मरीजों को मिलेगी तुरंत मदद

ईसीजी और डिफिब्रिलेटर मशीन लगने से हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट की स्थिति में मरीज को तुरंत प्राथमिक उपचार मिल सकेगा, जिससे जान बचने की संभावना बढ़ेगी।

### ऑपरेशन व प्रसूति सेवाएं होंगी मजबूत

नए उपकरणों में ऑपरेशन थियेटर की टेबल, डोर लाइट और लेबर बेड भी शामिल हैं। जिससे ऑपरेशन और प्रसव सेवाएं पहले से ज्यादा व्यवस्थित और सुरक्षित हो सकेंगी।

# समाज को एकसूत्र में बांधने का त्योहार है होली

### शहर विधायक आकाश सक्सेना के रामपुर सेवक कार्यालय पर होली मिलन समारोह आयोजित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना के रामपुर सेवक कार्यालय पर रविवार को भव्य होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इसमें भाजपा नेताओं के साथ ही हजारों की संख्या में दूर दराज के गांवों के लोग शामिल हुए। शहर विधायक ने कहा कि होली का पर्व समाज को एकसूत्र में पिरौने का त्यौहार है।

उन्होंने एकता एवं भाईचारे का संदेश देने के साथ ही संगठित होकर समाज का सशक्त करने का संदेश दिया। कृष्णा विहार कालोनी में आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ पूजन अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद समारोह में सम्मिलित लोगों का स्वागत किया। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। शहर विधायक ने कहा कि होली का पर्व समाज को एक सूत्र में बांधने वाला त्योहार है और यह परस्पर सद्भाव तथा सामाजिक समरसता का संदेश देता है। विधायक ने कहा कि रामपुर की जनता ने हमेशा भाईचारे और एकता की मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं और आपसी संवाद को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। पारंपरिक होली गीतों और ढोल की थाप पर लोगों ने उत्साह के साथ होली का आनंद लिया। कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश पाल, निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी, तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा, अनुज भारद्वाज, प्रमोद लोधी आदि उपस्थित रहे।



होली मिलन समारोह में शहर विधायक से मिलते क्षेत्र के लोग। ● अमृत विचार

### वैदिक महायज्ञ व वैदिक सत्संग के बाद हुआ होली मिलन समारोह



**रामपुर, अमृत विचार :** महिला आर्य समाज ज्वालानगर सिविल लाइंस द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह हुआ। शाहबाद रोड ज्वालानगर स्थित आर्य साइकिल स्टोर के प्रांगण में वैदिक महायज्ञ एवं वैदिक सत्संग के बाद गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक प्रधान चंद्रलेखा आर्य के सभापतित्व तथा मंत्री गीता देवी के संचालन में समारोह संपन्न हुआ। प्रथम चरण में यज्ञ के ब्रह्मा भारत सिंह आर्य द्वारा वैदिक यज्ञ संपन्न किया गया। यज्ञ में जन समूह द्वारा बारी-बारी से यज्ञ में विश्व कल्याण के उद्देश्य से आहुतियां प्रदान की गई। वैदिक सत्संग में होलिका पर्व के वैदिक और वैज्ञानिक स्वरूप का वर्णन किया गया। मुख्य वक्ता एवं आर्य समाज ज्वालानगर के प्रधान ओमवीर सिंह वैदिक ने बताया कि वेदों के अनुसार मुख्य दो पर्व होली एवं दीपावली नवष्येष्टि पर्व के रूप में मनाए जाते हैं। सभा के अंत में सभाध्यक्षा चंद्रलेखा आर्या द्वारा सभी को बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया। शांति पाठ और जयघोष के बाद सभा समापन की घोषणा की गई। इस दौरान सत्य प्रकाश आर्य, डॉ. सुरेंद्र सिंह आर्य, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सत्यवीर सिंह आर्य, गिरेंद्र सिहं आर्य, सुरेंद्र कुमार आर्य, सोमपाल सिंह आर्य, श्याम जी गुप्ता, गीता देवी आर्या, शगुन आर्या, पंकिल आर्या, नीरजा आर्या, ललिता आर्या, चंद्रा आर्या, मालती आर्या, धर्मवती आर्या, हीरेश आर्य, मुन्नी देवी आर्या, मधु गुप्ता, अमन सिंह आर्य आदि ने विचार व्यक्त किये।


# पेड़ों की छंटाई के कारण 40 गांवों की बिजली बाधित

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** रविवार को नगर सहित क्षेत्र के 40 गांवों में पेड़ों की छंटाई के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। टांडा नगर से दढ़ियाल आ रही 33 केवीए लाइन पर पेड़ों की टहनियां टकराने के कारण यह फैसला लिया गया है।

बिजली कर्मचारियों ने बताया कि 33 केवीए लाइन पर पेड़ों की टहनियां टकराने से अक्सर लाइन में खराबी आ जाती थी, जिससे दढ़ियाल नगर और आसपास के क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ता परेशान रहते थे। समस्या के समाधान के लिए रविवार सुबह 10 बजे टांडा बिजली घर से लाइन बंद कर दी गई। इसके बाद बिजलीकर्मियों ने टांडा से दढियाल के बीच हाई टेंशन लाइन से टकरा रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई शुरु की। कार्य शाम 4 बजे बजे तक जारी रहेगा वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण नगर में पेयजल व्यवस्था चरमरा गई। वहीं गर्मी में नगर के लोगों का बुरा हाल हो गया। नगर सहित क्षेत्र के गांव अकबराबाद, रामपुर धममन, पर्वतपुर, रूपापुर, भावपूरा, मेवला, धारू, मेवला कलां, जटपुरा, घोसीपुरा, पीपली नायक, सूरजपुर, जमालगंज आदि सहित 40 गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रही।

**• टहनियां टकराने से अक्सर लाइन में खराबी बनता था दिक्कतों का सबब**



पेड़ों की छटाई करते कर्मचारी।

# प्रशिक्षु आरक्षियों ने दी बीपीटी परीक्षा



पुलिस लाइन में बीपीटी परीक्षा देती प्रशिक्षु आरक्षी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रविवार को पुलिस लाइन में आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों का बेसिक फिजिकल टेस्ट परीक्षा कराई गई।

बिजनौर सहायक पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक रामपुर विद्या सागर मिश्र की उपस्थिति में पुलिस लाइन आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों की बीपीटी (बेसिक फिजिकल टेस्ट) परीक्षा विधिवत कराई गई। पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए निर्देश दिए।

# ई-रिक्शा से टकराई अनियंत्रित बाइक एक घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा से टकरा गई। हालांकि, बाइक पर सवार दो बच्चे बाल-बाल बच गए।

शनिवार की रात थाना मिलक खानम क्षेत्र के गांव रजानगर गांव निवासी नन्हे बाइक से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक वाहन की तेज रोशनी के कारण नन्हे नियंत्रण खो बैठे और बाइक सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा से जा टकराई और सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्साधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि घायल नन्हे को कई चोटें आई हैं और उनके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। घायल नन्हे के परिजनों ने बताया कि वह लकड़ियां बीनने गए थे। रात

# आरोग्य मेले में जांचा गया पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य



आरोग्य मेले में पुलिसकर्मियों का परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा सीएचसी स्वार के सहयोग से स्वार थाने में आरोग्य मेले के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया।

शिविर में थाना स्वार के पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान किडनी फंक्शन टेस्ट, लीवर फंक्शन टेस्ट, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर तथा बीएमआई सहित विभिन्न आवश्यक जांचें कराई गईं। चिकित्सकों द्वारा पुलिस कर्मियों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं दायित्व पूर्ण होने के कारण पुलिस कर्मियों के लिए समय-समय पर स्वास्थ्य स्क्रीनिंग परीक्षण कराना अत्यंत आवश्यक है। पुलिस कर्मियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद तथा तनाव प्रबंधन के महत्व के प्रति भी जागरूक किया गया। इस आरोग्य मेले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह तथा सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव चंदेल का विशेष योगदान रहा।

# जांच के आधार पर भूमि कब्जामुक्त करने की मांग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी फैसल मुमताज ने मुख्यमंत्री व डीएम को पत्र लिख कर तहसील और सिंचाई विभाग द्वारा पैमाइश कर चिन्हित की गई सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

फैसल मुमताज ने बताया कि उन्होंने 14 फरवरी 2023 को ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद तहसील सदर रामपुर स्थित गाटा संख्या-599 सिंचाई विभाग की भूमि पर पुराना गंज सराफा बाजार दो लोगों पर राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सांठगांठ से सहकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने की शिकायत मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व डीएम से की थी। फैसल मुमताज की शिकायत पर जिला प्रशासन द्वारा तहसीलदार सदर को कार्रवाई के लिए लिखा गया था। तहसीलदार द्वारा गठित राजस्व टीम ने सिंचाई विभाग की टीम द्वारा कब्जा की गई भूमि की पैमाइश की गई। जांच में शिकायत की पुष्टि हुई जिस के आधार पर कब्जा की गई सरकारी जमीन और अवैध निर्माण को चिन्हित कर लाल निशान लगा दिए गए। कब्जे की गई भूमि को गवाहों के समक्ष सिंचाई विभाग के जिलेदार की सुपुर्दगी में दे दी गई। आरोप है कि अभी तक सिंचाई विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया, अवैध निर्माण पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। सिंचाई विभाग की भूमि पर अभी भी कब्जा है। पेड़ों को भी वन विभाग की अनुमति के बिना कटान कर बेच दिया गए।

### निर्माण के आरोपों को दूसरे पक्ष ने निराधार बताया

**रामपुर, अमृत विचार :** मिलक भैसोड़ी शरीफ में जमीन पर यथा स्थिति के बावजूद निर्माण के मामले में दूसरे पक्ष ने आरोपों को निराधार बताया है। अधिवक्ता अजीजकमल शुक्ला ने बताया कि सूफी जावेद हुसैन शाह व जुनैद हसन के पिता सूफी लियाकत हुसैन शाह का अपने भाइयों सद्दीक हुसैन उर्फ कल्लू मियां, शहनवाज मियां, शराफत मियां के साथ करीब 31 वर्ष पूर्व मौखिक तौर पर समझौता हुआ था। जिसके तहत गाटा संख्या-742 के बदले में को दूसरी भूमि दी गई थी। लेकिन अपने हिस्से की भूमि बदले में लेने के बाद भी बदनीयती और लालच में अब सद्दीक हुसैन उर्फ कल्लू मियां के पुत्र मखदूम हसन, नवेद हसन तथा शहनवाज मियां गाटा संख्या पर भी हिस्सा जता रहे हैं, जो कि गलत है। उनका आरोप है कि सूफी जावेद हुसैन शाह एवं जुनैद हसन के फर्जी हस्ताक्षर कर इस भूमि के कुरे भी बनवा लिए थे तथा उसका कुछ हिस्सा बेच भी दिया था। इसके बाद मंडल आयुक्त के समक्ष अपील दाखिल कर उन कुरो को रद्द करा कर पुन : नए कुरे कराने का आदेश पारित कराया। अब यह मामला लंबित है और न्यायालय लखनऊ रेवेन्यू बोर्ड ने भूमि पर स्थगन आदेश जारी किया। न्यायालय ने किसी भी प्रकार की गतिविधि से विवादित भूमि को खुर्द बुर्द करने से सभी सहखातेदारों को रोक दिया। उनका आरोप है कि न्यायालय लखनऊ रेवेन्यू बोर्ड के आदेश के बावजूद उक्त भूमि को एक पक्ष जमीन बेचने की कोशिश कर रहे हैं और वो प्लाटिंग कर रहे हैं। कानूनी और वाजिब हक की रक्षा करने के उद्देश्य से शनिवार को पक्की दीवार बनाना शुरू कर दिया, जिसे एक पक्ष ने जबरन रुकवा दिया है।

# बेटियों को सपने देखने का ही नहीं बल्कि उन्हें पूरा करने का देना होगा हक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय सैनी, मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, माली महासभा के तत्वावधान में रविवार को जिला स्तरीय होली मिलन सम्मान समारोह स्वार रोड खौद स्थित अभिनंदन धारा बैंक्वेट हॉल में हुआ। मुख्य अतिथि सदस्य उप्र राज्य महिला आयोग सुनीता सिंह सैनी रहीं। सैनी सभा प्रदेश अध्यक्ष श्याम सिंह सैनी ने कहा कि सभी संप्रदायों और सभी जातियों को एक जुटता के रंगों में रंग जाना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता सतपाल सैनी ने की। समारोह में अयोध्या से आए विशिष्ट अतिथि स्वामी परमानंद महाराज जी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि होली का रंग वास्तव में रंगों का उत्सव होता है। जिसमें हमें आपसे स्वभाव से प्रियता परस्पर सहयोग एवं आत्मनिर्भरता के रंगों से एक दूसरे का अभिनंदन करना चाहिए। मुख्यातिथि सुनीता सैनी ने कहा कि आज सौभाग्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस भी है इस अवसर पर कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति बहनों को देखकर गौरव अमित महसूस कर रही हूं। होली का पर्व हमारे जीवन में रंग भरता है, लेकिन आज यह हमारे समाज के जागरण महिलाओं की शक्ति और आत्मनिर्भरता का पर्व भी है। सैनी, मौर्य, कुशवाहा व माली समाज की बहनों ने परिश्रम और एकजुटता से समाज को आगे बढ़ाया है। अब हमारा दायित्व है कि बेटियों को सिर्फ सपने देखने का ही नहीं बल्कि उन्हें पूरा करने का हक देना होगा। संयोजक अखिलेश कुमार सैनी ने कहा कि कुरीतियों को मिटाते हुए समाज में सतरंगी रंग भरकर भाईचारा कायम रखें। सहसंयोजक देवेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि भारतीय परंपरा में नारी को देवी का रूप माना गया है। माता-बहन पत्नी बेटी के रूप में महिला हर रिश्ते में एक स्तंभ की तरह खड़ी रही है, समय के साथ उनकी भूमिका भी बदल गई है। आज महिला हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। उमेश शरण सैनी पूर्व प्रधान, ओम प्रकाश सैनी अध्यक्ष भूमि विकास बैंक, हरिओम मौर्य पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मसवासी, सतपाल सैनी वरिष्ठ अधिवक्ता ने विचार व्यक्त किए।



महिला आयोग सदस्य सुनीता सिंह सैनी का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**• राष्ट्रीय सैनी, मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, माली महासभा की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित**

### इनकी रही उपस्थिति

हरिओम मोर्या नगर पंचायत पूर्व अध्यक्ष, भूकनलाल सैनी, करण सिंह सैनी, राजपाल सैनी, हरिओम सैनी बालजीत सैनी, डॉ. अरुण कुमार सैनी विहार, शंकर लाल सैनी, प्रमुख संजना सैनी, डॉ. वीर सिंह सैनी, डॉ. मेघा सैनी, पंकज सैनी, सतीश मौर्य, राजेश मौर्य, अतर सिंह मौर्य, रामजीवन सैनी, महेंद्र सैनी, विजय सैनी, हरकेश सैनी, करनैल सिंह सैनी, डॉ. दीपक सैनी, महेश पाल सैनी, विनोद सैनी, रामपाल सैनी, जगदीश सैनी, मोहित सैनी ब्लॉक प्रमुख, चंद्रपाल सैनी, तेज प्रकाश सैनी, अशोक सैनी, दिलीप सिंह सैनी, मखर सिंह सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# यूजीसी बिल का विरोध, सवर्ण समाज के लोग दिल्ली रवाना

संवाददाता, दढ़ियाल

**अमृत विचार :** नगर सहित क्षेत्र के गांवों के लोग यूजीसी कानून के विरोध में स्वर्ण समाज के लोग दिल्ली के रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन करने रवाना हुए।

स्वर्ण समाज के लोग काफी समय से यूजीसी कानून का विरोध कर इसे वापस लेने की मांग कर रहे है। कानून वापस न होने की स्थिति में समाज ने बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दी थी, जिसके तहत नगर सहित के कुंडेसरा, भाऊपूरा , रूपापुर , सरकथल,पीपली नायक सहित कई गांवों के दिल्ली के लिए निकल गए। इससे पहले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सरकार को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूजीसी कानून वापस नहीं लिया गया, तो वह पदों से इस्तीफा दे देंगे। नगर से चरण सिंह चौहान, अशोक गहलोत, जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, मास्टर अशोक, धर्म सिंह और सूर्य प्रताप सिंह सहित कई अन्य गांव के लोग इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं।



दढ़ियाल से दिल्ली में यूजीसी बिल का विरोध करने जाते सवर्ण समाज के लोग।

न्यूज ब्रीफ

## दबंगों पर घर में तोड़फोड़ रुपये छीनने का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** विकलांग ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए कहा है कि गांव के ही कुछ दबंग दीवार कूद कर उसके घर में घुस आए। मारपीट कर घर में रखा सामान तोड़ दिया और 1200 रुपए की नगदी निकाल ली। गांव दीपपुर निवासी विकलांग गुड्डन ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि गांव के ही तीन युवक शनिवार की देर रात घर पर पहुंचे ।गेट न खोलने पर आरोपी दीवार कूद कर घर में घुस आए। गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। तमंचा से फायर भी किया। घर में रखा सामान तोड़ दिया गया तथा जेब में रखी 1200 रुपए की नगदी निकाल ली। आरोपी जबरदस्ती उसके मकान को खरीदना चाहसे बात की तो उन्होंने बताया मामला मारपीट का है तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** एक युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। मृतक की पहचान चांदपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सराय रफी फिना कॉलोनी निवासी 26 वर्षीय शादाब पुत्र मौ ज़ाकिर के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि शादाब नमाज पढ़ने के लिए घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। शादाब अपने परिवार में दो बहनों और तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। उसकी शादी वर्ष 2020 में हुई थी। जानकारी के अनुसार, उसकी पत्नी लगभग दो साल पहले बीमारी के चलते उसे छोड़कर चली गई थी। शादाब का एक बच्चा भी है।

## युवक को लाठी-डंडों से पीटा, मुकदमा दर्ज

**सैदनगली ,अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव मथना रोड निवासी सुरेश पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च की शाम वह अपने घर पर था। इसी दौरान गांव के ही चार युवक उसे अपने साथ बाहर चलने को कहने लगे। मना करने पर आरोपियों ने गालियां दीं। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे सुरेश के सिर, मुंह और नाक पर गंभीर चोटें आईं। ग्रामीणों ने उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आनंद, नीतू, जयप्रकाश व पंकज के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की जांच कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# 36 मेधावी बालिकाएं और महिला कार्मिक सम्मानित

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित, राष्ट्र निर्माण में महिलाओं के योगदान की सराहना की गई

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर 36 मेधावी बालिकाओं और विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कार्मिकों को सम्मानित किया गया। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।

विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। समाज और देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण ही विकसित समाज की पहचान है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उन महिलाओं को सम्मान देने का दिन है जिन्होंने अपने साहस और मेहनत से समाज में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि महिला



महिला को सम्मानित करते विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, साथ में डीएम निधि गुप्ता।

● **लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया**

मां, बहन, बेटी और पत्नी के रूप में समाज की मजबूत आधारशिला होती है। महिलाओं की खुशहाली और सफलता से ही परिवार और समाज मजबूत बनता है। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अवसरों का एक बड़ा नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूह, आसान ऋण, डिजिटल प्लेटफॉर्म और शिक्षा के नए अवसरों से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। इस दौरान पशु चिकित्साधिकारी डॉ. आभा दत्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शिखा शर्मा, महिलाएं और बालिकाएं मौजूद रहीं।

## महिला दिवस के अवसर पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

**हसनपुर, अमृत विचार :** महिला सशक्तिकरण दिवस पर अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है ।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है। ग्राम प्रधान मीनू रानी, सुषमा रानी,गीता देवी,बबीता रानी,जग रोशनी, गंगावती,मास्टर जयवीर सिंह, मास्टर छोटेलाल, जगत सिंह,रामपाल सिंह, फतेहचंद,जगदीश कुमार,सुशील भगत जी,विनय प्रताप,भोला सिंह, पप्पू,बृज किशोर,बिरजू एडवोकेट, अमित सिंह,प्रशांत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे। वहीं राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद की विचार गोष्ठी में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कविता सैनी ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। आयोजक मनोज गोयल ने महिलाओं को पेन वितरण किए। राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ,अतुल गर्ग ,गोविंद कौशिक, प्रमोद शर्मा ,टेकचंद राणा ने विचार व्यक्त किये। ममता सैनी, अमित सिंह एडवोकेट को विधिक सलाहकार, विजय पारछा को जिला अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ, वीरेंद्र सिंह उर्फ नीतू को जिला उपाध्यक्ष और मोहम्मद शान को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। प्रदेश सचिव मनोज गोयल, राधा अग्रवाल, अमित सिंह ,पूजा चौधरी, विजय पारछा, ममता सिंह, अनुपम त्यागी, सचिन गुप्ता, आदि मौजूद रहे।



गोष्ठी में महिलाएं व संगठन पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## टेंपो की टक्कर से बाइक सवार दंपती और बच्ची घायल

**हसनपुर, अमृत विचार:** बाइक को टेंपो ने जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार पति-पत्नी व बहन सहित बच्ची घायल हो गए। बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने किया हायर सेंटर रेफर किया है। असमोली थाना क्षेत्र के गांव असरफपुर निवासी अब्दुल सलाम पत्नी शाइस्ता, बहन सायरा वह दो वर्षीय बेटी इनाया को सैदनगली से बाइक पर बैठाकर नगर में खरीदारी करने के लिए आ रहा था।

रविवार की दोपहर बाद काला खेड़ा पुल के निकट पीछे आ रहे टेंपो ने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सड़क पर गिर गई जिसमें अब्दुल सलाम, शाइस्ता, सायरा, वह दो वर्षीय बेटी इनाया गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो वर्षीय इनाया की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। टेंपो चालक मौके से टेंपो लेकर फरार हो गया फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# भाकियू संयुक्त मोर्चा ने फूंका पुतला

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों का प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन रविवार को भी क्षेत्र के गांव शहबाजपुर डोर में जारी रहा। इस दौरान उन्होंने फैक्ट्री का पुतला फूंका।

किसान नेताओं ने कहा कि रविवार को पूरे देश में महिला दिवस मनाया गया लेकिन गजरौला क्षेत्र की महिलाएं महिला दिवस पर भी जहरीला पानी पीने को मजबूर हैं। मुन्नी देवी ने कहा कि पानी को जहरीला करने वाली फैक्टियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदूषित पानी से कैंसर, लिवर, किडनी की गंभीर बीमारियां हो रही हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि पानी को जहरीला बनाने वाले फैक्टियों पर ठोस कार्रवाई होने तक धरना जारी रहा। जिसको लेकर उन्होंने जुबिलेंट इंग्रेविया फैक्ट्री




पुतला फूंकते किसान नेता। ● अमृत विचार

● **प्रदूषण के खिलाफ धरना प्रदर्शन रविवार को भी जारी**

का रविवार को प्रदूषण के प्रदर्शन करते हुए पुतला फूंका। अवसर पर कैलाशी देवी, शीला देवी मुन्नी देवी, दयावती देवी वीरवती देवी, मीरा देवी, मुनेश देवी, भगवती देवी, कृष्णा देवी, विमला देवी, गीता देवी, सोमवती देवी, नीलम देवी, एहसान अली, तेजपाल सिंह होमपाल सिंह, मनीष सिंह, गंगाराम सिंह पृथ्वी सिंह शीशराम सिंह सुखराम सिंह नरेश कुमार समरपाल सैनी चंद्रपाल सैनी धनीराम सैनी आसाराम सिंह रामप्रसाद सिंह आदि मौजूद रहे।

## डॉ. आंबेडकर जन्मोत्सव में शामिल होगा सर्वसमाज

**हसनपुर, अमृत विचार:** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता जयपाल सिंह ने व संचालन रामवीर सिंह ने किया।

समिति अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कहा कि जयंती में सर्वसमाज को साथ लेकर भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष लता सागर ने महिलाओं की भागीदारी और उनके सम्मान पर जोर दिया। संयोजक विनोद कुमार गौतम ने बताया कि प्रतिभावान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। प्रधानाचार्य महीपाल सिंह, रामनारायण, महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य, उपाध्यक्ष कविता रानी, अतर सिंह, मुरारीलाल मौर्य, मास्टर सोम सिंह, नवाब सैफी, विजय गौतम, मलखान सिंह, जसवंत सिंह, अरविंद कुमार अन्ना, लवी सागर, मुकेश कुमार जाटव व अन्य मौजूद रहे।

# सुभासपा की बैठक में पंचायत चुनाव पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव बिकनी में रविवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की बैठक डॉ. जगत सिंह गुर्जर के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने और चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। कहा कि प्रत्येक गांव में बैठकें आयोजित कर आम जनता को पार्टी की नीतियों और विचारधारा से अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि सुभासपा समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आने वाला पंचायत चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने का अवसर नहीं है, बल्कि यह गांवों की दिशा और दशा तय करने का महत्वपूर्ण



बैठक में बोलते सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर। ● अमृत विचार

● **स्वच्छ छवि और जनसेवा की भावना रखने वाले उम्मीदवारों को मिलेगा टिकट**

समय भी है। पंचायत चुनाव में स्वच्छ छवि और जनसेवा की भावना रखने वाले उम्मीदवारों को पार्टी की ओर से आगे बढ़ाया जाएगा।

मंडल सचिव मोहम्मद यूनूस सैफी प्रधान ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की नींव होती हैं और मजबूत पंचायतें ही मजबूत प्रदेश की आधारशिला रखती हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से एकजुट होकर पार्टी प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। बैठक के बाद कार्यकर्ताओं ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को गले लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। आदेश अमरोही, डॉ. जगत सिंह गुर्जर, जुबैर अहमद, अतिकुर रहमान, मोहम्मद यूनूस सैफी, जसवीर सिंह चौहान, मोहम्मद नाजिम, रामगोपाल जाटव, अनिल कुमार, प्रीत चौधरी, शराफत अंसारी, अल्फेहद, सलमान, कामिल, आसिफ, बाबू खां सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मटर फैक्ट्री में गैस रिसाव से अफरा-तफरी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव चुचेला स्थित एक मटर फैक्ट्री में उस समय हड़कंप मच गया, जब फैक्ट्री परिसर में अचानक गैस का रिसाव हो गया। गैस की तेज गंध फैलते ही फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूरों में अफरा-तफरी मच गई और सभी कर्मचारी आनन-फानन में अपनी जान बचाकर बाहर की ओर भाग निकले।

फैक्ट्री में कामकाज चल रहा था, तभी अचानक गैस का रिसाव होने लगा। देखते ही देखते फैक्ट्री परिसर में बदबू फैल गई, जिससे मजदूरों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। स्थिति को भांपते हुए वहां मौजूद श्रमिक तुरंत फैक्ट्री से बाहर निकल आए। गैस के प्रभाव से एक महिला मजदूर की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती



गैस रिसाव के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

● **तेज गंध फैलते ही फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर भागे**

कराया गया। वहीं घटना के बाद फैक्ट्री परिसर में कुछ समय के लिए कामकाज भी प्रभावित रहा। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल बन गया। हालांकि जब इस संबंध में मौके पर मौजूद कर्मचारियों से जानकारी लेने की कोशिश की गई तो कोई भी कुछ भी बताने को तैयार नहीं हुआ। थाना प्रभारी अमरपाल सिंह ने ऐसे किसी मामले की जानकारी नहीं मिलने की बात कही है।

# महिलाओं को अधिकारों व योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** अमर सिंह मैमोरियल डिग्री कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से आयोजित विशेष शिविर के दूसरे दिन रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। गांव शहवाजपुर गुर्जर की मढ़इयों में स्वयंसेवियों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

स्वयंसेवियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम अधिकारी मुशर्रफ खां ने कहा कि नारी सशक्तिकरण केवल महिलाओं का अधिकार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना बेहद आवश्यक है, जिससे उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके और वे समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। रैली के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं के संघर्ष और उपलब्धियों को साझा किया गया। साथ ही महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा मिशन शक्ति सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर डॉ. अली अजीम फारूकी, योगेश त्यागी, शिवा सैनी, निसार अहमद, अर्शी, रविंद्र सिंह, समरपाल सिंह, निशिन सैनी, अक्षी प्रजापति सहित आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

## समारोह में खेली फूलों की होली

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर के धनौरा मार्ग स्थित वेंकट हॉल में आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक राजीव तरारा ने पार्टी कार्यकर्ताओं और क्षेत्र के लोगों के साथ फूलों की होली खेली तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने कहा कि उन्होंने हमेशा जनता की सेवा को ही राजनीति का उद्देश्य माना है। क्षेत्र का विकास और जनता का सम्मान करना उनकी पहली प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जिसने भी गलत मंशा से काम करने की कोशिश की है, उसके खिलाफ उन्होंने हमेशा आवाज उठाई है और आगे भी उठाते रहेंगे। किसी भी कीमत पर जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, पूर्व एमएलसी संजय मिश्रा, पूर्व विधायक तोताराम सिंह पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश त्यागी सहित पूरन सिंह सैनी, सुरेन्द्र सैनी, डॉ. सोरन सिंह, विजय पंवार, युद्धवीर सिंह, महेन्द्र प्रजापति, धर्मेन्द्र चौधरी उर्फ लालू, राजकुमार अग्रवाल, सुरेन्द्र औलख, सतपाल सिंह पाल, रोहित आर्य, कपिल भड़ाना, सोमप्रकाश, अंकुर नागर और रामकृष्ण चौहान समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मुंबई में बिजनौर के युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**बिजनौर ,अमृत विचार :** जिले के शेरकोट कस्बे के खुराड़ा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय युवक की मुंबई में चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मोहम्मद नासिर पुत्र सलामतुल्लाह मुंबई के ठाणे जिले के एरौली इलाके में रहकर ओला के लिए टैक्सी चलाता था। गुरुवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसने टीटवाला इलाके से पुणे के लिए एक ऑनलाइन बुकिंग ली थी। शाम करीब पांच बजे उसकी अपने भाई शाहनवाज से फोन पर आखिरी बार बातचीत हुई थी, जिसके बाद परिवार का उससे संपर्क टूट गया। शुक्रवार रात करीब आठ बजे नासिर की टैक्सी उसी स्थान पर लावारिस हालत में मिली, जहां से उसने बुकिंग ली थी। जब परिजनों ने फोन मिलाया तो कॉल रिसीव नहीं हुई। लोकेशन ट्रैक करने पर बड़े भाई आमिर मौके पर पहुंचे तो कार का अंदरूनी हिस्सा खून से सना हुआ मिला। शनिवार देर रात जुन्नर घाट इलाके में सड़क किनारे खाई में नासिर का शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार युवक के शरीर पर धारदार हथियार से कई वार किए गए थे। जांच के दौरान एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें नासिर की कार से एक व्यक्ति उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी हुई है।

## स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरुकता को लेकर निकाली रैली

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विशेष शिविर के द्वितीय दिवस को मतदाता जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। शिविर का आयोजन मोहल्ला महादेव स्थित आनंद धाम आश्रम में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवनीश कुमार के निर्देशन में मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बीआरसी के सहायक अध्यापक नरेशपाल सिंह ने स्वयंसेवियों को मतदान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि मतदाता बनने के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण होना आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, फार्म संख्या 6 के माध्यम से नया नाम जोड़ने तथा फार्म संख्या 8 के जरिए संशोधन कराने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी।

## अवैध खनन पर रोक की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी के ग्राम काजीपुरा में रामगंगा नदी से खनन को लेकर ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के कुछ दबंग रामगंगा नदी क्षेत्र में जेसीबीऔर ट्रैक्टर-ट्रॉली के जरिए बड़े पैमाने पर खनन कर रहे हैं। शिकायत में यह भी बताया गया कि अवैध खनन की जानकारी पहले भी कई बार प्रशासन और पुलिस को दी जा चुकी है, मगर कार्रवाई के नाम पर केवल आश्वासन ही मिलते रहे। एक बार तहसील प्रशासन की ओर से लेखपाल को मौके पर भेजा गया था, लेकिन आरोप है कि खनन में लगे लोगों ने लेखपाल के साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज और मारपीट कर उसे वहां से भगा दिया। गांव के वाहिद, साबिर, ताहिर सहित एक दर्जन ग्रामीणों ने एसडीएम प्रीति सिंह को शिकायती पत्र देकर खनन पर रोक लगाने की मांग की है।

## दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** थाना कांठ के मोहल्ला पृथ्वी गंज निवासी अनस ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 12 फरवरी को उसके पिता मोहम्मद आरिफ व मामा जियाउद्दीन निवासी मोहल्ला अफगान कस्बा सहसपुर जिला बिजनौर बाइक से किसी काम से मुरादाबाद जा रहे थे। कंबोडिया ढाबा के पास एक एंबुलेंस चालक अफजल ने तेज गति से वाहन चलाकर उनके पिता की बाइक में सामने से टक्कर मार दी थी, जिससे बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने उस समय अभियोग पंजीकृत नहीं किया था। थाना पुलिस ने घटना के 24 दिन बाद अभियोग पंजीकृत कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

बदहाली | आने-जाने वालों को उठानी पड़ रही परेशानी, संक्रमण फैलने का खतरा

# कर्मल्लीपुर गांव में सड़क पर गंदगी ने बढ़ाई मुसीबत

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव कर्मल्लीपुर में जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर कीचड़ पसरा रहता घरों से निकलने वाला पानी भी सड़क पर भर रहा है। स्थिति बदतर हो गई है। ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जलभराव के कारण लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ता है बावजूद इसके समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। सड़क पर जमा गंदे पानी से फिसलन बढ़ गई है, दोपहिया वाहन चालकों के गिरने की आशंका बनी रहती है। बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। कई दिनों तक पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि डेढ़ साल से समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभागीय अफसरों को अवगत कराया गया लेकिन कोई ठोस कदम समाधान की दिशा में नहीं उठाया गया। परेशान ग्रामीणों ने जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कराने के की मांग की है। एसडीएम विभा श्रीवास्तव ने बताया कि गांव में जांच कराकर जल्दी ग्रामीणों की समस्या का समाधान करा दिया जाएगा।



गांव कर्मल्लीपुर में मुख्य मार्ग पर जलभराव व कीचड़। ● अमृत विचार

### डेढ़ साल से समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

बीते डेढ़ साल से ग्रामीण जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर थोड़ी सी बारिश होते ही पानी भर जाता है, जो कई दिनों तक नहीं निकलता। जलभराव के चलते बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो गया है। खेतों पर जाने वाले किसानों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। रास्ता रहदरा से होते हुए 5 गांवों को जोड़ता है। आए दिन मार्ग पर स्कूली बच्चे गिर जाते हैं। वहीं सड़क पर भरा पानी पास में स्थित कब्रिस्तान में पहुंच जाता है।



गांव में पसरी गंदगी की समस्या का समाधान को लेकर कई बार ग्राम प्रधान व उच्चाधिकारियों से मांग कर चुके हैं। लेकिन अभी तक कोई भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। – हरपाल सिंह



सड़क जलभराव होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकी शिकायत अधिकारियों से कर चुके हैं। बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका है जिससे ग्रामीण में रोष व्याप्त है। – शकील



गांव के रास्ते में जलभराव व गंदगी पसरी रहने से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। समस्या का समाधान कराने को लेकर इसकी शिकायत ग्राम प्रधान कई बार कर चुके हैं। – रहीसुद्दीन



गांव की सड़क पर पसरा गंदा पानी पास में बन कब्रिस्तान में पहुंच रहा है। जिससे वहां गंदगी के ढेर लगे हुए हैं। मौसम के बदलाव के चलते गांव में संक्रमण रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। – निसार

## न्यूज ब्रीफ

### होली मिलन में महिला सशक्तिकरण पर चर्चा

**चंदौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप ऑफ सखी-सहेली द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह के साथ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सीडब्ल्यूसी सदस्य नूतन चौधरी मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में डॉ. सुधा चौधरी, पद्मा भार्गव, अनु रस्तोगी, अंजू राजपूत, सीमा वर्मा, रीता बुदियाल, डॉ. मधु तोमर, रजनी गुप्ता, राजेश्वरी श्रीवास्तव और कंचनबाला शामिल रहीं। संचालन राजेश्वरी श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान होली के पारंपरिक गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को रंगीन बना दिया।

### टॉयलेट करने गया युवक, बाइक चोरी

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** असमोली के गांव भैसोड़ा निवासी महेंद्र सिंह ने बताया कि वह रविवार दोपहर बाइक से अपनी बहन के घर रामनगर से अपनी बेटी को बुलाने जा रहा था। रतनपुर कलां-टांडा कोठी मार्ग पर गांव हरथला मोड़ के पास बाइक सड़क किनारे खड़ी कर पास के खेत में टॉयलेट करने चला गया। इसी बीच पीछे से एक बाइक पर आए दो चोर उसकी बिना लॉक लगी बाइक लेकर फरार हो गए। पुलिस जांच कर रही है।

# चालक को झांसा दे बदमाश लूट ले गए कूलरों से लदी मिनी ट्रक

## कूलर गिरने की बात सुन चालक वाहन रोक रस्सी कसने लगा तभी बदमाश ट्रक ले गए

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में अमरोहा से बहजोई जा रही कूलरों से लदे अशोक लीलैंड मिनी ट्रक को कार सवार बदमाश फिल्मी अंदाज में लूट ले गए। बदमाशों ने चालक को कूलर गिरने की आवाज बताकर गाड़ी रुकवाई। चालक नीचे उतरकर रस्सी कसने लगा, उसी दौरान बदमाश कूलर लदा वाहन लेकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई है।


असमोली में लूट के बाद घटना स्थल पर खड़े लोग। ● अमृत विचार

- अमरोहा से बहजोई जा रही थी कूलरों से लदी गाड़ी
- पुलिस सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की तलाश में जुटी

चालक शाहिद हुसैन ने बताया कि वह अमरोहा में आनंद पिक्चर हॉल के पास रहने वाले मोहम्मद शाकिर के यहां से अशोक लीलैंड मिनी ट्रक नंबर UP 23 T 5155 में 20 कूलर लादकर संभल जिले के बहजोई स्थित मुकुल की दुकान पर ले जा रहा था। रविवार तड़के करीब 4:30 बजे जब वह संभल-जोया मार्ग पर स्थित मीत ब्रिक वर्क ईंट भट्ठे के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रही एक स्विफ्ट कार में सवार तीन-चार लोगों ने आवाज लगाई कि उसकी गाड़ी से कूलर गिर रहा है। यह सुनकर उसने गाड़ी रोक दी। चालक के अनुसार वह नीचे रस्सी कसने लगा, तभी बदमाशों में से एक मिनी ट्रक की ड्राइबिंग सीट पर बैठ गया और गाड़ी लेकर मनोटा की ओर फरार हो गया। चालक कुछ दूर तक शोर मचाते हुए गाड़ी के पीछे दौड़ा, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार से भाग निकले। इसके बाद चालक पास के ईंट भट्ठे पर पहुंचा और वहां मौजूद एक व्यक्ति का मोबाइल लेकर डायल 112 पर कॉल करने का प्रयास किया। कॉल न लगने पर उसने घटना की जानकारी कूलर के मालिक मोहम्मद शाकिर को दी। कुछ ही देर में मोहम्मद शाकिर मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पीड़ित को साथ लेकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए बदमाशों की तलाश में जुट गई। देर शाम तक बदमाशों का सुराग नहीं लग पाया था।

### लूट के बाद सैदनगली की तरफ गई गाड़ी

असमोली के कार्यवाहक थाना प्रभारी व इंस्पेक्टर क्राइम संजीव गिरी ने बताया कि पुलिस चौकी प्रभारी संदीप कुमार सहित पुलिस टीम के लोग सीसीटीवी कैमरे खंगाल रहे हैं। गाड़ी को सीसीटीवी कैमरा के आधार पर सैदनगली तक जाते हुए देखा गया है। इस समय पुलिस टीम जनपद अमरोहा के थाना सैदनगली में है। गाड़ी की तलाश के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही पुलिस मामले का खुलासा कर लेगी।

## पंचायत सचिवालय से टीवी, इनवर्टर चोरी

**संभल/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार:** ब्लॉक बनियाखेड़ा क्षेत्र की ग्राम पंचायत भीकनपुर कुदईया में बने पंचायत सचिवालय में शनिवार रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोर सचिवालय से दो टीवी, बैटरी, इनवर्टर, कीबोर्ड, माउस, सीपीयू, प्रिंटर, सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर और वाईफाई उपकरण चोरी कर ले गए।

रविवार सुबह पंचायत सचिवालय में चोरी होने की जानकारी ग्राम प्रधान विरमा देवी को मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना पर कुढ़फतेहगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जानकारी जुटाई। बताया गया कि चोर रात के समय पंचायत सचिवालय में घुसकर वहां रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण समेटकर ले गए। सुबह जब पंचायत से जुड़े लोग वहां पहुंचे तो सामान गायब देख घटना का पता चला। इस मामले में ग्राम प्रधान विरमा देवी और पंचायत सहायक बबली सिंह की ओर से प्रधान प्रतिनिधि वीर सिंह ने कुढ़फतेहगढ़ थाने में चोरी की तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गैस सिलेंडर के बढ़े दाम कर रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की बढ़ोतरी के बाद आम लोगों के बजट पर असर पड़ता दिख रहा है। लोगों ने सरकार से दाम कम करने या सब्सिडी बढ़ाने की मांग की है।

सिकंदरपुर निवासी मोहम्मद दाऊद ने बताया कि उन्हें घरेलू गैस सिलेंडर 950 रुपये में मिला है, जबकि पहले यही सिलेंडर करीब 800 रुपये से थोड़ा अधिक में मिल जाता था। उन्होंने कहा कि मजदूर वर्ग के लिए यह बढ़ोतरी काफी भारी पड़ रही है। दाऊद का कहना है कि सरकार को गैस सिलेंडर के दाम कम करने चाहिए ताकि आम आदमी को राहत मिल सके। वहीं अमान ने बताया कि पहले गैस सिलेंडर 890 रुपये में मिल रहा था, जो अब बढ़कर 950 रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि घरेलू इस्तेमाल की गैस का महंगा होना ठीक नहीं है। उनका कहना है कि सब्सिडी तो मिलती है, लेकिन बहुत कम मिलती है। मोहम्मद जीशान ने भी गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि 60 रुपये की बढ़ोतरी गरीब और मध्यम वर्ग के बजट पर सीधा असर डालती है। हालांकि कुछ लोगों ने इसे बहुत बड़ी बढ़ोतरी नहीं माना। कोट पूर्वी निवासी अतुल कुमार रस्तोगी का कहना है कि पिछले कई महीनों से गैस सिलेंडर के दाम नहीं बढ़े थे, इसलिए 60 रुपये की बढ़ोतरी को बहुत ज्यादा नहीं कहा जा सकता। उन्होंने सुझाव दिया कि सरकार चाहे तो सब्सिडी बढ़ाकर आम लोगों को राहत दे सकती है।


एजेंसी से सिलेंडर लेकर जाता व्यक्ति।

- 60 रुपये बढ़ने पर लोग बोले- महंगाई से बिगड़ रहा बजट

## टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल का दिखा उत्साह

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे टी-20 विश्व कप फाइनल मुकाबले को लेकर शहर में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। क्रिकेट प्रेमी टेलीविजन के सामने जुट गए । कई जगहों पर बड़ी स्क्रीन लगाकर मैच देखा गया।

क्रिकेट प्रेमियों का कहना है कि इस बार भारतीय टीम विश्व कप अपने नाम करेगी। मैच के दौरान हर चौके-छक्के पर दर्शक तालियां बजाते और भारत के समर्थन में नारे लगाते दिखाई दिए। मोहम्मद अकरम आलम तुर्क ने कहा कि 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली हार का अफसोस अब भी लोगों के मन में है। मोहम्मद जावेद कमाल ने कहा कि भारतीय टीम पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसलिए इस बार ट्रॉफी भारत के नाम होने की पूरी उम्मीद है। हरदीप सिंह ने भी भारतीय टीम की जीत का भरोसा जताया। मुकाबले की शुरुआत में भारतीय टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तेज शुरुआत की और शुरुआती ओवरों में बिना विकेट खोए तेजी से रन बनाए तो क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह दोगुना हो गया। इंडियन स्कॉलर स्कूल, प्रेम शंकर वाटिका और दुर्गा कॉलोनी में बड़ी स्क्रीन लगाकर लोगों ने मैच देखा। सचिन श्रीमाली, विकेश शर्मा, भरत मिश्रा, विशेष शर्मा, शशांक शर्मा, डॉ. प्रदीप त्यागी, अमित शुक्ला, ऋषभ श्रीवास्तव, कृष्ण प्रसाद मिश्रा, गगन वार्ष्णेय, दुष्यंत मिश्रा, आचार्य पंडित शोभित शास्त्री, ईश्वर चंद सैनी, संजय गुप्ता कमांडर, पुष्पेंद्र यादव, संजय देवल, विकास वर्मा, सुबोध गुप्ता, विशाल वर्मा, मयंक अग्रवाल सहित कई क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।


बड़ी स्क्रीन पर फाइनल मुकाबला देखते क्रिकेट प्रेमी। ● अमृत विचार

- बड़ी स्क्रीन पर मैच देखने जुटे क्रिकेट प्रेमी, चौकों-छक्कों पर बजाईं तालियां

## तरुण की हत्या के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

**संभल,अमृत विचारः** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दिन तरुण की हत्या कर दी गई थी। आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग को लेकर युवाओं ने कैंडल मार्च निकाला।

धनारी में युवाओं ने हाथों में मोमबत्तियां और झंडे लेकर मृतक तरुण को श्रद्धांजलि अर्पित की। हत्यारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए फांसी की सजा देने की मांग की। युवाओं का कहना था कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना जरूरी है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हों। उन्होंने प्रशासन से आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। कैंडल मार्च में अरविंद कुमार, वीरेश कुमार, विपिन यादव कृष्णवंशी, योगेश यादव और राहुल गिरी समेत कई युवा मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि मृतक को न्याय मिलना चाहिए।

## समाज निर्माण में महिलाओं का बड़ा योगदान

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि समाज के समग्र विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। महिलाएं शिक्षा, खेल, प्रशासन, चिकित्सा, राजनीति और उद्यमिता सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। महिलाओं के बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनके माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव ने कहा कि आधुनिक परिवेश में नारी अपने सपनों को नई उड़ान दे रही है। कुश्ती का अखाड़ा हो, खेल का मैदान, कार्यालय, अस्पताल, राजनीति का क्षेत्र या पारिवारिक जीवन,हर जगह महिलाएं अपनी मेहनत, समझदारी और आत्मविश्वास के बल पर अलग पहचान बना रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा अपने क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण, जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार, चेयरमैन राजेश शंकर राजू सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


सम्मानित की गई महिलाओं के बीच राज्यमंत्री गुलाब देवी। ● अमृत विचार

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम का आयोजन
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया गया सम्मानित

## हर बूथ और हर गांव में जुटें कार्यकर्ता: रविंद्र भाटी

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचारः** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के तत्वावधान में अस्तित्व बचाओ, भाईचारा बनाओ सम्मेलन में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी रविंद्र भाटी ने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया।

मुख्य अतिथि रविंद्र भाटी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी अभी से शुरू करनी होगी। जब तक चंद्रशेखर आजाद प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं बन जाते, तब तक कोई भी कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेगा। उन्होंने कहा कि जिस संगठन में अनुशासन नहीं होता, वह कभी सत्ता तक नहीं पहुंच सकता। इसलिए हर बूथ और हर गांव में भीम आर्मी के सैनिक तैयार करने होंगे। उन्होंने एनआरसी और सीएए आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि जब मुस्लिम समाज में भय का माहौल था, तब चंद्रशेखर आजाद ने जामा मस्जिद की सीढ़ियों से लेकर जेल तक संघर्ष किया। उन्होंने नासिर-जुनैद हत्याकांड, डॉ. कफील खान और आजम खान के मुद्दों पर भी पार्टी के रुख का जिक्र किया। कहा कि भाजपा हिंदू-मुस्लिम के नाम पर समाज को बांटने की राजनीति कर रही है।

मुरादाबाद मंडल के मुख्य प्रभारी पुष्पेंद्र राणा ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन बनाए रखने और एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि कमजोर और पिछड़े वर्ग की आवाज और उनकी ढाल है। कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान यूनियन (असली) के प्रदेश सचिव ऋषिपाल यादव अपने समर्थकों के साथ आजाद समाज पार्टी में शामिल हो गए। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष शहजाद खान और विनीत पाल ने किया। रमेश कुमार गंधर्व , बाबू शराफत अली, राजकुमार , देवेंद्र बैंसला , उस्मान सैफी , सत्येंद्र भाटी, पिंटू प्रधान, विजय कुमार, शहजाद खान, सोनू कुमार , विनीत पाल , विमल कुमार , सुभाष चंद सागर, चौखेलाल सागर एडवोकेट, हुकम सिंह यादव , सचिन चौधरी , विकास , नौबतराम सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


आजाद समाज पार्टी के कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते आयोजक।

- आजाद समाज पार्टी के भाईचारा बनाओ सम्मेलन का आयोजन

## बिजली के पोल से गिरकर युवक गंभीर घायल

**सौंधन, अमृत विचारः** बिजली का तार ठीक करने के लिए पोल पर चढ़ा युवक अचानक पैर फिसलने से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

गांव रुदायन निवासी 25 वर्षीय वीनेश पुत्र जबर सिंह के घर रविवार सुबह बिजली नहीं आ रही थी। वह पोल पर चढ़कर तार सही करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और पैर फिसलने से जमीन पर आ गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट लग गई। परिजन घायल युवक को आनन-फानन में उपचार के लिए संभल के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत नाजुक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## न्यूज डायरी

### मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 2725 मरीजों को मिला उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और पांच नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। सबसे ज्यादा बुखार व चर्म रोग से पीड़ित मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचे। 35 चिकित्सकों और 145 पैरामेडिकल स्टाफ ने मिलकर कुल 2725 मरीजों का उपचार किया। इनमें 1198 पुरुष, 1052 महिलाएं और 475 बच्चे शामिल रहे। 163 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। लोगों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत 201 लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श भी दिया गया। 37 लोगों को टेलीमैनस कंसल्टेंसी की सुविधा भी प्रदान की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक सहित कई अधिकारियों ने विभिन्न आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।





### समाज में नारी शक्ति के योगदान को सराहा

**चंदौसी, अमृत विचार :** महापुरुष स्मारक समिति और सर्वसमाज जागरुकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि समाज की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उन्हें हर क्षेत्र में समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने नारी सम्मान और शिक्षा के महत्व पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. शाजिया शाहीन सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



### छात्रों ने दिया सड़क सुरक्षा नियमों का संदेश

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन ग्राम देवरखेड़ा में सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने किया। स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाने के साथ गांव में रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। इसके बाद बदायूं चुंगी पर यातायात पुलिस के सहयोग से राहगीरों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने की सलाह दी गई। छात्रों ने सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर भी प्रदर्शित किए और लोगों को सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित किया।

### 11 अप्रैल को निकलेगी अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा

**चंदौसी, अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की बैठक कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें 11 अप्रैल को निकलने वाली श्री अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि इस वर्ष भी शोभायात्रा को भव्य और आकर्षक रूप से आयोजित किया जाएगा। बैठक में साउंड व्यवस्था को नियंत्रित रखने और शोभायात्रा में अक्रूरजी महाराज की पीतल की प्रतिमा को शामिल करने का निर्णय लिया गया। शोभायात्रा के बाद भंडारे का भी आयोजन होगा।



## बच्चों ने डेढ़ लाख का आईफोन पुलिस को सौंपा


हयातनगर थाने में पुलिसकर्मियों को मोबाइल दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

**संभल,अमृत विचारः** बच्चों ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए सड़क पर मिला महंगा मोबाइल फोन पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने मोबाइल के मालिक का पता लगाकर उसे फोन वापस कर दिया।

हयातनगर निवासी 10 से 13 वर्ष की उम्र के अब्दुल गनी, मोहम्मद रजा, मोहम्मद असद, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद शान और हर्ष कुमार सड़क किनारे खेल रहे थे। बच्चों को सड़क पर एक मोबाइल फोन पड़ा मिला। बच्चे थाना हयातनगर पहुंचे और मोबाइल पुलिसकर्मियों को सौंप दिया। थाना प्रभारी उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि आईफोन एप्पल 17 प्रो मैक्स मॉडल की कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये है। मोबाइल घुंघावली गांव निवासी नाजिम अली का है। इसके बाद नाजिम अली को थाने बुलाकर मोबाइल फोन वापस कर दिया।

## यूजीसी के विरोध में दिल्ली जाने से रोका

कार्यालय संवाददाता,संभल/चंदौसी

**अमृत विचारः** दिल्ली के जंतर-मंतर पर यूजीसी कानून के विरोध में प्रस्तावित धरना-प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे संभल के कई लोगों को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। पुलिस ने ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा को भी उनके घर पर ही रोक दिया। हालांकि कुछ कार्यकर्ता चुपचाप दिल्ली के लिए रवाना होने में कामयाब हो गए।

दिल्ली कूच के आह्वान को देखते हुए पुलिस शनिवार रात से ही सक्रिय हो गई थी। यूजीसी विरोध आंदोलन से जुड़े लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसके बाद दिल्ली जाने की तैयारी कर रहे कई लोगों को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर दिया। चंदौसी कोतवाली क्षेत्र के गणेश कॉलोनी निवासी ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा को भी पुलिस ने उनके घर पर ही रोक दिया। उन्होंने बताया कि जब वह दिल्ली जाने के लिए घर से निकलने लगे तो पुलिस ने उन्हें घर के बाहर ही रोक दिया और हाउस अरेस्ट कर लिया।

विवेक मिश्रा ने कहा कि देश में हर व्यक्ति को अपनी अभिव्यक्ति प्रकट करने और शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि यूजीसी कानून को थोपने की कोशिश की जा रही है, जिसे किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। मुकेश गौड़, अविरल शर्मा, सचिन शर्मा, सचिन मिश्रा, विनीत शर्मा, विवेक शर्मा, विकास मिश्रा, बृजेश शर्मा, निशांत शर्मा, प्रशांत वशिष्ठ, विमल शर्मा, सौरभ शर्मा, पराग शर्मा, अभिषेक पाराशरी, अमोल शर्मा, डॉ. निशाकर शर्मा, विभोर भारद्वाज, डॉ. पीके पांडे, राजीव मिश्रा, डॉ. विनय शर्मा, उमाकांत शर्मा और योगेश भारद्वाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


चंदौसी से दिल्ली कूच की तैयारी कर रहे लोगों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

- कई लोग हाउस अरेस्ट, जंतर-मंतर पर धरने में जाने से रोका

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति, लोस अध्यक्ष पद का राजनीतिकरण ठीक नहीं: मायावती



**अमृत विचार, लखनऊ :** बंगाल में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के अपमान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरोध मामले को बसपा प्रमुख मायावती ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा है कि भारतीय संविधान की भावना के अनुसार सभी को राष्ट्रपति पद का सम्मान करना चाहिए और उसके प्रोटोकॉल का भी ध्यान रखना जरूरी है। इस पद का किसी भी तरह से राजनीतिकरण करना सही नहीं है। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर जारी बयान में कहा कि वर्तमान में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एक महिला होने के साथ-साथ आदिवासी समाज से भी आती हैं, लेकिन हाल ही में वेस्ट बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो घटनाएं हुईं, वे नहीं होनी चाहिए थीं। आगे कहा कि पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के पद का जिस तरह राजनीतिकरण किया जा रहा है, वह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों की गरिमा बनाए रखते हुए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर उनका सम्मान करना चाहिए। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि संसद का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र देश और जनहित के मुद्दों पर सुचारु रूप से चलेगा। यही जनता की अपेक्षा और समय की मांग भी है।

### 60 से अधिक महिलाओं ने किया 'लखनऊ दर्शन'

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस में महिलाओं के लिए विशेष 'लखनऊ दर्शन' यात्रा का आयोजन किया गया है। उप्र. स्टेट टूरिज्म डवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा आयोजित इस विशेष भ्रमण में डॉक्टर, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, इंजीनियर और गृहणियों सहित 60 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया और शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 'लखनऊ दर्शन' बस सेवा समाज को जोड़ने और सशक्तिकरण का संदेश देने का माध्यम बन रही है। महिलाओं का योगदान राष्ट्र की शक्ति है और उनका सम्मान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। रविवार सुबह शुरू हुई इस यात्रा में महिलाओं ने शहर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों को करीब से देखा। विधानसभा भवन और रेजीडेंसी सहित कई स्थानों का भ्रमण प्रतिभागियों के लिए खास आकर्षण रहा। यात्रा के दौरान गाइड ने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना उदादेवी की वीरगाथा भी सुनाई, जिसने प्रतिभागियों को इतिहास से रूबरू कराया।

### जन भवन में हुआ 200 महिलाओं का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जन भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आई करीब 200 महिलाओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस, सेना, प्रशासन, शिक्षा, ग्राम प्रधान, कृषि उत्पादन संगठनों, राजकीय बाल संरक्षण गृह, समाज सेवा और विभिन्न उद्यमों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। कई महिला उद्यमियों ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत शुरू किए गए अपने व्यवसायों और नवाचारों की जानकारी भी दी। राज्यपाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर और नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच रखना आवश्यक है और चुनौतियों के बीच समाधान का मार्ग तलाशना चाहिए।

### कैंडल मार्च निकाल कर दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लखनऊ में एप्स्टीन फाइल्स के खुलासे में यौन शोषित मासूम बच्चियों की क्रूरता से की गई हत्या मामले में रविवार को कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध दर्ज कराया। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के निर्देश पर मृतक बच्चियों को मार्च निकाल कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कैंडल मार्च का नेतृत्व उप्र. महिला कांग्रेस मध्य जोन की अध्यक्ष ममता चौधरी ने किया। कैंडल मार्च में मध्यजोन की ही उपाध्यक्ष सुशीला शर्मा सहित सैंकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं।




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार के लखनऊ कार्यालय में विचार गोष्ठी का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। अमृत विचार

# प्रकृति की सच्ची संरक्षिका और सृजन का जीवंत रूप नारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अमृत विचार में जुटी नारी शक्ति ने की समाज में अपनी भूमिका पर बात

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमृत विचार कार्यालय में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के झंडे गाड़ने वाली महिलाओं ने समाज में अपने स्थान और भूमिका पर मजबूती से अपनी बात रखी।

गांव में महिलाओं की स्थिति पर बात की गई तो शहर में बच्चों की पिज्जा, मोमोज और अन्य फास्टफूड की तरफ बढ़ती दिलचस्पी के कारणों पर भी पक्ष रखा गया। महिलाओं ने कहा कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए उनके बेहतर खानपान पर ध्यान रखना भी माताओं की जिम्मेदारी है।

प्रकृति के संरक्षण पर उन्होंने कहा कि आरओ से निकलने वाले वेस्ट वाटर का पेड़ पौधों में इस्तेमाल किये जाने, पर्यावरण को बचाने के लिए उनके द्वारा किये जाने वाले उपायों के साथ-साथ महिलाओं ने बताया कि बच्चों के लिए मां ही पहली शिक्षक होती है। मां ही सिखा सकती है कि नल को खुला मत छोड़ो। ब्रश करो तो उतनी ही देर पानी खोलो जितनी देर जरूरत है क्योंकि पानी बहुत बड़ी नेमत है और इसे हर हाल में बचाकर रखना होगा।

एक महिला ने कहा कि कई बार महिलाओं के पहनावे पर सवाल उठते हैं। कहा जाता है कि महिला सही तरह से कपड़े पहने तो हालात बेहतर हो सकते हैं। इसके जवाब में महिलाएं ही सवाल उठाने लगती हैं कि छह साल की बच्ची से रेप की घटना हो जाती है तो उसमें पहनावा कहां बीच में आया लेकिन यह सब बातें अपनी जगह, बेहतर होगा कि अगर किसी महिला का पहनावा सही न हो तो दूसरी महिला ही उसे टोक दे। महिला शिक्षा पर भी बात हुई।

# मुख्यमंत्री ने बढ़ाया महिलाओं-बेटियों का हौसला

## कहा, आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर चुनकर जाएंगी महिलाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण की योजनाएं गिनाते हुए उम्मीद जताई कि आने वाले समय में विधानसभाओं और संसद में 33 फीसदी सीटों पर बेटियां व बहनें चुनकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना लॉन्च होगी साथ ही मिशन शक्ति अभियान का अगला चरण नवरात्र से शुरू करने की घोषणा भी की।




कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित करने के साथ पिंक रोजगार महाकुंभ-2026 का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के बाद उत्तर प्रदेश में आए व्यापक बदलाव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5-टी मॉडल—ट्रेडिशन, टेक्नोलॉजी, ट्रांसपेरेंसी, ट्रस्ट और ट्रांसफॉर्मेशन की बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरुआत की। इसके बाद मातृवंदना योजना समेत कई योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ा गया, जिससे देश और प्रदेश की बेटियां स्वावलंबन की ओर बढ़ रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर लगी प्रदर्शनी और श्रम विभाग की लघु फिल्म का भी अवलोकन किया तथा विभिन्न योजनाओं से जुड़ी महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य, अनिल राजभर, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, मनोहर लाल 'मन्नू कोरी', महिला कल्याण निगम की अध्यक्ष कमलावती सिंह, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम मुख्यमंत्री ने कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी नन्ही शानवी गुप्ता को टेडी बियर भेंट किया। उन्होंने अन्य बच्चियों से बातचीत कर पूछा आगे क्या बनना चाहती हैं।

### बेटी के जन्म से शिक्षा तक सरकार का सहारा

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का उद्देश्य बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है और वर्तमान में प्रदेश की लगभग 27 लाख बेटियां इसका लाभ ले रही हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार अब एक विवाह पर लगभग एक लाख रुपये खर्च कर रही है और अब तक चार लाख से अधिक बेटियों के विवाह में सरकार ने सहयोग दिया है।

### बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों की धरती पर जगह नहीं

- योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के पहले बेटी-व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। कर्फ्यू, दंगा, पलायन, दुर्व्यवस्था, अराजकता यूपी की पहचान बन गए थे। यूपी के कई जनपदों में अभिभावक बेटियों को स्कूल नहीं भेजते थे, यदि बेटी को पढ़ाना है तो यूपी के बाहर हॉस्टल या रिश्तेदार के यहां भेज देते थे। लेकिन अब यूपी की हर बेटी खुद को सुरक्षित महसूस करती है। आज बेटियां स्कूल जा रही हैं। कोई डर-संकोच नहीं, सुरक्षा सरकार के जिम्मे है। शोहदों के इलाज के लिए यूपी पुलिस में 20 फीसदी बेटियों की भर्ती की गई। सीएम ने दो-टूक कहा कि बेटी की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को इस धरती पर जगह नहीं मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश की बेटियां बिना डर के स्कूल-कॉलेज जा रही हैं। उन्होंने सख्त शब्दों में कहा कि यदि कोई शोहदा बेटियों की सुरक्षा में बाधा बनेगा तो "अगले चौराहे पर उसका टिकट काटने के लिए यमदूत तैयार बैठे हैं।" इस बयान पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।







अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मियों को सम्मानि करने के साथ अन्य महिलाओं-बेटियों को योजनाओं से लाभान्वित भी किया।

## सफलता की कहानी

### बेकरी खोल प्रभनूर खुद बनीं आत्मनिर्भर, दे रहीं रोजगार

- अमृत विचार, लखनऊ : 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान' युवाओं और महिलाओं के लिए स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनता जा रहा है। इसी योजना के सहारे कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने शौक को व्यवसाय में बदलते हुए सफल बेकरी कारोबार खड़ा किया और अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का अवसर प्रदान किया। प्रभनूर कौर पहले रिश्तेदारों और मित्रों के लिए केक बनाती थीं। इस काम को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने दिल्ली और बेंगलुरु में बेकरी वर्कशॉप भी की। इसी दौरान उन्हें मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की जानकारी मिली। जिला उद्योग केंद्र, कानपुर से मार्गदर्शन लेकर उन्होंने योजना के तहत 4 .25 लाख रुपये का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त किया और आधुनिक मशीनों व ओवन की खरीद कर अपने व्यवसाय का विस्तार किया। 13 अप्रैल 2025 को बैसाखी के दिन उन्होंने 'स्वीट स्कल्प बाय कौर्स' नाम से बेकरी स्टूडियो की शुरुआत की। आज उनके यहां कस्टमाइज्ड केक तैयार होते हैं और लखनऊ व गोंडा सहित अन्य जनपदों से भी ऑर्डर मिलने लगे हैं।

### मैकरोनी-पास्ता कारोबार से 10 लोगों को रोजगार दे रहीं रचना

- अमृत विचार, लखनऊ : दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत के बल पर लखीमपुर-खीरी की रचना अग्रवाल ने स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की प्रेरक कहानी लिखी है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से मिली आर्थिक सहायता ने उनके सपनों को साकार करने में अहम भूमिका निभाई। संतोषनगर निवासी रचना अग्रवाल ने वर्ष 2024 में इस योजना के तहत आवेदन किया, जिसके अंतर्गत उन्हें 25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त हुआ। इस आर्थिक सहयोग से उन्होंने अपने पति के सहयोग से लखीमपुर-खीरी में मैकरोनी और पास्ता निर्माण का व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में चुनौतियां जरूर आईं, लेकिन मेहनत और लगन के दम पर उन्होंने अपने उद्यम को मजबूत आधार दिया। आज उनका यह कारोबार न केवल उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि 10 अन्य लोगों को रोजगार भी दे रहा है। रचना को यह ऋण इंडियन बैंक के माध्यम से प्राप्त हुआ और आवेदन प्रक्रिया में जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) तथा बैंक अधिकारियों का भी सहयोग मिला।रचना अग्रवाल बताती हैं कि योजना के तहत उन्हें ऋण राशि पर 35 प्रतिशत सब्सिडी भी मिली, जिससे व्यवसाय स्थापित करने में बड़ी मदद मिली। उनका मानना है कि यदि सरकारी योजनाओं का सही तरीके से लाभ उठाया जाए तो मध्यम वर्ग के लोग भी आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया 600 महिला उद्यमियों से संवाद

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी मंडल के वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जनपदों की 600 से अधिक महिलाएं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संवाद किया। जौनपुर की दुर्गा मौर्य ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उन्होंने कृषि विभाग की योजनाओं के तहत एफपीओ बनाकर किसानों की मदद की है। वह 'ड्रोन दीदी' के रूप में भी कार्य कर रही हैं और उद्योग विभाग से ऋण लेकर नमकीन बनाने की फैक्ट्री स्थापित की है, जिससे अन्य महिलाओं को भी रोजगार मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अब जौनपुर की इमरती के साथ आपकी नमकीन भी खानी पड़ेगी। वाराणसी की सीता देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के माध्यम से ई-रिक्शा चलाना शुरू किया। शुरुआत में लोगों के ताने सुनने पड़े, डर भी लगा, लेकिन अब वह आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने क्षेत्र की करीब 250 महिलाओं को ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया है। मुख्यमंत्री ने उनके साहस की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनेंगे। दौली की सोनी कुमारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे फूलों की खेती करती हैं और महिला समूहों के माध्यम से अन्य महिलाओं को भी इससे जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने उन्हें मंदिरों में चढ़ाए गए फूलों से धूपबत्ती और अगरबत्ती बनाने जैसे कार्यों के माध्यम से आय बढ़ाने के सुझाव दिए। गाजीपुर की प्रमिला देवी ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्राथमिक विद्यालय में रसोइया हैं और सरकार की कई योजनाओं से लाभान्वित हैं। उन्हें विधवा पेंशन, पारिवारिक लाभ, कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और राशन कार्ड का लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में भी जानकारी ली और उसके उपयोग के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं के सशक्तिकरण से ही मजबूत होगा राष्ट्र व समाज : केशव प्रसाद मौर्य

- अमृत विचार, लखनऊ/कौशाम्बी : अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने नारी शक्ति को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि मातृशक्ति सृजन, संवर्धन और उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। समाज और परिवार के निर्माण में महिलाओं का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उप मुख्यमंत्री ने रविवार को जारी संदेश में कहा कि आज महिलाओं से राष्ट्र को नई सोच, नई दिशा और नई ऊर्जा प्राप्त हो रही है। कौशाम्बी में मौर्या ने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों की 'दीदियाँ' आत्मनिर्भरता की नई पहचान बन रही हैं। कौशाम्बी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव में उन्होंने विभिन्न योजनाओं के महिला लाभार्थियों को करोड़ों रुपये की सहायता राशि वितरित की। उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 137 लाभार्थियों को 1.64 करोड़ रुपये का डमी चेक-स्वीकृति पत्र प्रदान किया।

### अवसर मिले तो देश के विकास में अहम होगी महिलाओं की भूमिका : डिंपल

- **अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर लोलई गांव में आयोजित महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि सपा सांसद डिंपल यादव ने विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देनी वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए कहा कि यदि महिलाओं को उचित अवसर और सहयोग मिले तो वे देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। लागन उद्यमी महिला फाउंडेशन द्वारा रविवार को आयोजित समारोह में सपा सांसद ने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद साहस और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने वाली महिलाएं समाज की असली ताकत हैं। फाउंडेशन की अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि संगठन का लक्ष्य अधिक से अधिक महिलाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

**जनसुनवाई** नोएडा में आज नियामक आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष रखेगा उपभोक्ता परिषद

# यूपी में जनसहभागिता से तय की जाएंगी बिजली की दरें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में बिजली दरों के निर्धारण को लेकर सोमवार को ग्रेटर नोएडा में अहम जनसुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के सभागार में सुबह 11 बजे से यह जनसुनवाई आयोजित करेगा, जिसमें बिजली कंपनियों के प्रस्तावों और उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

जनसुनवाई में निजी क्षेत्र की पहली बिजली कंपनी नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) तथा पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (पीवीवीएनएल) द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों से जुड़े प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने इस जनसुनवाई के लिए अपनी तैयारी पूरी कर ली है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा नोएडा पहुंचकर आयोग के समक्ष उपभोक्ताओं का पक्ष मजबूती से रखेंगे। परिषद का कहना है कि बिजली कंपनियां पिछले दरवाजे से दरों में बढ़ोतरी की कोशिश कर रही हैं, जिसे सातवें वर्ष भी सफल नहीं होने दिया जाएगा। परिषद का दावा है कि वर्तमान में बिजली कंपनियों के पास उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये सरप्लस है। ऐसे में अगले पांच वर्षों तक बिजली दरों में बढ़ोतरी का कोई औचित्य नहीं बनता। परिषद का कहना है कि जब कंपनियों के पास पर्याप्त अधिशेष राशि मौजूद है, तब उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना उचित नहीं होगा।



**ये प्रमुख मुद्दे उठेंगे**

- बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और बिजली दरों का प्रस्ताव
- बिजली कंपनियों के पास 51 हजार करोड़ रुपये अधिशेष राशि का मुद्दा
- प्रदेश में लागू किए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शिकायतें
- स्मार्ट मीटर के साथ लगे चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग
- नोएडा-गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन से जुड़ी समस्याएं
- मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद
- बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य मुद्दे

जनसुनवाई में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर भी उपभोक्ताओं की नाराजगी प्रमुख मुद्दा बनेगी। परिषद का कहना है कि प्रदेश के कई जिलों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिल नेगेटिव आ रहे हैं। वहीं जो उपभोक्ता समय से बिल जमा करते रहे हैं, वे भी अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगने के बाद रिचार्ज कराने से बच रहे हैं। परिषद ने आरोप लगाया है कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की सहमति के बिना ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए और कनेक्शन को प्रीपेड में बदल दिया गया, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। परिषद ने यह भी सवाल उठाया है कि स्मार्ट मीटर के साथ लगाए गए चेक मीटरों की मिलान रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही है।

जनसुनवाई में नोएडा और गाजियाबाद के डूब क्षेत्र में बिजली कनेक्शन, मल्टी प्वाइंट और सिंगल प्वाइंट कनेक्शन विवाद, बिल्डरों की मनमानी और उपभोक्ताओं से जुड़े अन्य गंभीर मुद्दों को भी आयोग के समक्ष उठाया जाएगा। परिषद का कहना है कि जनसुनवाई में उपभोक्ताओं की समस्याओं को पूरी मजबूती के साथ रखा जाएगा, ताकि बिजली दरों के निर्धारण में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

# वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का यूपी चैप्टर शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए नीति आयोग की पहल
- मेंटरशिप, वित्त और बाजार से जुड़ाव के नए अवसर मिलेंगे

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को महिला उद्यमिता को नई दिशा देने के लिए लखनऊ में वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म का उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर शुरू किया गया। नीति आयोग की इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य महिला उद्यमियों के लिए एक मजबूत और एकीकृत मंच तैयार करना है, जिससे उन्हें व्यवसाय के विस्तार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन, संसाधन और नेटवर्किंग उपलब्ध हो सके।

प्रसिद्ध महिला उद्यमी और समृद्धि क्रिएशन की संस्थापक सुष्मिता दत्ता ने यूपी स्टेट चैप्टर का उद्घाटन किया। गोमती नगर के विभूति खंड स्थित रोहतास समिट बिल्डिंग में यूपी इंडस्ट्रियल कंसल्टेंट्स लिमिटेड के अंतर्गत इस स्टेट चैप्टर का कार्यालय स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से प्रदेश की महिला उद्यमियों को मेंटरशिप, वित्तीय सहायता, बाजार से जुड़ाव, नियामकीय सहयोग और नेटवर्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि वे अपने उद्यम को मजबूत कर सकें।

नीति आयोग की वीमेन एंटरप्रेन्योरशिप प्लेटफॉर्म पहल देशभर में महिला उद्यमियों के लिए एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार करने की दिशा में कार्य कर रही है।



तुम इस दुनिया में रहते नहीं हो, बल्कि यहां से गुजर रहे हो।

–रूमी, सूफी

## बदलाव का बवंडर

बालेन शाह नेपाल के प्रधानमंत्री बनेंगे अब तकरीबन तय है। पर उन पर या उनकी सरकार पर कोई टिप्पणी उनके पदासीन होने, सरकार गठन के बाद ही उचित है। फिलहाल उनके दल राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रभावशाली प्रदर्शन ने यह बताया है कि नेपाली जनता अब राजनीतिक बदलाव की आकांक्षी है। भ्रष्टाचार, सुस्त विकास, अस्थिर सरकारों से निराश मतदाताओं ने एक अपेक्षाकृत नई राजनीतिक शक्ति को मौका देकर संदेश दिया है कि पारंपरिक राजनीति के विकल्प की तलाश अब केवल बौद्धिक चर्चा नहीं, जनभावना बन चुकी है। पार्टी ने चुनाव प्रचार में पारदर्शिता, सुशासन और विकासोन्मुख प्रशासन को अपना मुख्य एजेंडा बनाया। यह वही मुद्दे हैं, जिन पर दशकों से नेपाली जनता पारंपरिक दलों से असंतुष्ट रही है। यही कारण है कि भ्रष्टाचार-विरोधी और सत्ता-विरोधी नारों ने मतदाताओं के बीच पैठ बनाई।

शुरुआती विश्लेषणों बताते थे कि पहले से बेहतर प्रदर्शन के बावजूद आरएसपी तीसरे स्थान से आगे नहीं बढ़ पाएगी, क्योंकि नेपाल की राजनीति में संगठनात्मक जड़ें, स्थानीय नेटवर्क और जातीय-क्षेत्रीय समीकरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। परिणामों ने इन धारणाओं को गलत साबित कर दिया। आरएसपी ने शहरी क्षेत्रों के साथ ग्रामीण और सुदूर इलाकों में भी बेहतर प्रदर्शन किया। इससे संकेत मिला कि पारंपरिक दलों के प्रति असंतोष केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह देशव्यापी भावना बन चुका है। बार-बार की राजनीतिक अस्थिरता, गठबंधन सरकारों की विफलता, रोजगार के अवसरों की कमी और व्यापक भ्रष्टाचार ने आम नेपाली नागरिक को निराश किया है। यही कारण है कि पारंपरिक दलों के दशकों पुराने शासन के प्रति असंतोष धीरे-धीरे राजनीतिक विकल्प की तलाश में बदल गया। इस सफलता के पीछे युवा मतदाताओं की भूमिका अहम रही, जो वैश्विक राजनीति और प्रशासनिक मॉडल से परिचित होने के साथ पारंपरिक राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने के लिए अधिक मुखर है। पारंपरिक दलों के प्रति उनका अविश्वास इस चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। युवाओं ने आरएसपी को केवल एक पार्टी के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक परिवर्तन के प्रतीक के रूप में देखा। केवल युवा ही नहीं बड़ी उम्र के मतदाताओं और ग्रामीण समाज ने भी परिवर्तन की आवश्यकता को महसूस किया। इसके अतिरिक्त वैश्विक नेपाली प्रवासी समुदाय और डिजिटल डायस्पोरा की सक्रियता भी इस चुनाव में महत्वपूर्ण कारक रही। विदेशों में रहने वाले लाखों नेपाली सोशल मीडिया के माध्यम से राजनीतिक बहस में सक्रिय रहे और उन्होंने परिवर्तन के विचार को व्यापक समर्थन दिया। फिर भी इस अप्रत्याशित सफलता के साथ कई चुनौतियां भी सामने हैं। किसी भी नई पार्टी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा सत्ता में आने के बाद शुरू होती है।

आरएसपी के पास वास्तव में मजबूत जनादेश है, उसे पारदर्शी प्रशासन, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण और विकास के ठोस परिणाम दिखाने होंगे। साथ ही उसे संगठनात्मक मजबूती, नीति-निर्माण की क्षमता और अनुभवी नेतृत्व की कमी जैसी चुनौतियों से भी जूझना होगा, बहरहाल नेपाल की जनता ने परिवर्तन की इच्छा व्यक्त कर दी है।

### प्रसंगवश

## खाली होते गांव और बड़े होते शहर

भारत की अधिकांश जनता आज भी गांवों में रहती है और उसकी आजीविका का मुख्य स्रोत खेती ही है। इसीलिए भारत को गांवों का देश भी कहा जाता है। पिछले कुछ दशकों से गांवों से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। 2001 की जनगणना के अनुसार कुल आबादी का लगभग 72.22 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती थी, वहीं 2011 की जनगणना के अनुसार ग्रामीण जनसंख्या का प्रतिशत 68.84 रह गया। नवीनतम आंकड़े के अनुसार अब प्रतिशत गिरकर 63.13 रह गया है। ग्रामीण जनसंख्या के पलायन के मूल कारणों में रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अन्य बुनियादी सुविधाएं प्रमुख रूप से हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं पशुपालन प्रमुख आर्थिक स्रोत हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पारिवारिक विघटन के कारण खेतों का आकार लगातार छोटा होता जा रहा है, जिससे खेती की लागत अधिक एवं लाभ कम हो रहा है। उपज का महंगाई के हिसाब से उचित मूल्य न मिल पाना भी एक कारण है। महंगाई के कारण किसानों की जुताई, बुवाई, कटाई, मड़ाई सभी महंगी होती जा रही है। बेमौसमी बरसात एवं आंधी तूफान के कारण भी किसानों की फसल नष्ट हो जाती है। छुट्टा जानवर भी किसानों के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं यदि ग्रामीण क्षेत्रों का परिभ्रमण किया जाए तो यह मालूम होगा कि सभी खेतों की कटीले तारों से किलेबंदी है। जिन खेतों में कटीले तार नहीं हैं, वहां पर फसल बिल्कुल बर्बाद मिलेगी। इस कारण भी लोगों का खेती से मोह भंग हो रहा है और वह आजीविका के लिए शहर की ओर पलायन कर रहे हैं ।



रवींद्र त्रिपाठी

शिक्षक

शिक्षा प्राप्त करने के लिए भी गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से बढ़ा है। शहरों में उच्च स्तरीय अंग्रेजी माध्यम के स्कूल संचालित हैं, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा का पूर्णतया अभाव है। शिक्षा से लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है, इसीलिए शिक्षित होने के लिए भी ग्रामीणों का शहर की ओर पलायन हो रहा है, क्योंकि धीरे-धीरे गांवों में भी लोग शिक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं और शिक्षा को विकास का जरूरी अंग भी समझ रहे हैं। फलस्वरुप पलायन बढ़ रहा है।

पलायन का तीसरा प्रमुख कारण चिकित्सीय सुविधा है। वर्तमान समय में भोजन की गुणवत्ता में काफी गिरावट आई है। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के प्रयोग से खाद्य अनाज काफी प्रदूषित हो गया है। प्रदूषित भोजन वायु एवं जल के सेवन से स्वास्थ्य पर बहुत बुरा असर पड़ा है, जिससे अब बीमारियां आम बात हो गई हैं। मधुमेह और रक्तचाप के रोगी आपको हर घर में मिल जाएंगे। इन रोगों का इलाज गांव में आसानी से उपलब्ध नहीं है, जबकि शहर में चिकित्सा की उन्नत सुविधा है। काफी लोग इन्हीं रोगों की बेहतर देखभाल के लिए शहर में घर बना रहे हैं, जिससे गांव से शहर की ओर पलायन तेजी से हो रहा है।

अन्य बुनियादी सुविधाएं भी ग्रामीणों को शहर की ओर आकर्षित कर रही हैं। अच्छी सड़क, शुद्ध पेयजल एवं बिजली की सुविधा भी ग्रामीणों को शहर की ओर खींच रही हैं। गांवों में भी बिजली की सुविधा है, लेकिन उपलब्धता बहुत कम है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों में शहर के मुकाबले विद्युत आपूर्ति कम मिलती है। बढ़ते तकनीकी युग में अब बिजली आवश्यक जरूरत बन गई है, इसिलिए भी पलायन हो रहा है। पलायन को रोकने में ग्रामीण रोजगार सृजन प्रमुख हो सकता है। इसके अतिरिक्त चिकित्सीय सुविधा एवं शिक्षा व्यवस्था को भी चुस्त-दुरुस्त करके हम गांवों से शहर की ओर हो रहे पलायन को रोक सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# पड़ोसी नेपाल के जनादेश पर भारत की नजर





नवीन गुप्ता

बरेली

भारत और नेपाल के बीच रोटी और बेटी का संबंध है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के रिश्ते बहुत अच्छे नहीं रहे। वहां की जनता तो भारत को बेहद प्यार करती है, लेकिन राजनीतिज्ञों के चीन के प्रति झुकाव से इन रिश्तों में कड़वाहट आई है। नेपाल में जेन जी आंदोलन के बाद हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने बड़ा राजनीतिक बदलाव किया है। रैपर से नेता बने बालेंद्र शाह (बालेन) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की सरकार नेपाल में बनेगी। बालेन इस सरकार के मुखिया होंगे, यह तय है, क्योंकि पार्टी ने उनके चेहरे पर ही चुनाव लड़ा था।

अब सवाल यह है कि भारत विरोधी पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली को 50 हजार से अधिक वोटों के अंतर से हराने वाले बालेन का रुख भारत के प्रति कैसा रहता है। पूर्व में कुछ ऐसे कदम उन्होंने उठाए थे, जिससे यह कहा जा सकता है कि उनका नजरिया भारत के प्रति बहुत अच्छा नहीं रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री पद पर आने के बाद वे भारत को किस चश्मे से देखते हैं, यह देखना अहेम होगा।

नेपाल में बढ़ते भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी और युवाओं के पलायन से नाराज जेन जी ने पिछले साल बड़ा आंदोलन किया था। कहा जाता है कि अंदरखाने इस आंदोलन का नेतृत्व बालेन शाह ने किया था। युवाओं ने न सिर्फ संसद में तोड़फोड़ की थी, बल्कि प्रधानमंत्री आवास समेत तमाम मंत्रियों और पूर्व प्रधानमंत्रियों के आवास को भी आग के हवाले कर दिया था। मौके की नजाकत को भांपते हुए तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी ओली ने पद से त्यागपत्र दे दिया था और वहां पर आंतरिक सरकार का गठन किया गया था। केपी ओली का झुकाव चीन के प्रति सदैव रहा। उनके कार्यकाल में न सिर्फ सरकार में चीन का दखल बढ़ा, बल्कि चीन ने बड़े पैमाने पर निवेश किया। चीन के राजनयिक वहां की सरकार में पूरा हस्तेक्षप करते थे, यह सरकार के फैसलों में दिखता भी था।

यहां तक कि उनकी सरकार ने 100 रुपये के नोट में जो मानचित्र प्रकाशित किया था, उसमें भारत के उत्तराखंड राज्य के लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपना क्षेत्र बता दिया था। ओली सरकार के इस फैसले का भारत सरकार ने कड़ा विरोध भी किया था। नेपाल में परंपरा रही है कि शपथ के बाद प्रधानमंत्री सबसे पहले भारत का दौरा करते थे, लेकिन केपी ओली ने तो इस परंपरा को तोड़ते हुए पहली विदेश यात्रा में चीन गए थे और भारत के विरोध वाले प्रोजेक्ट बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव को नेपाल से जोड़ने की पैरवी तक कर आए थे।

जब उनकी सरकार गिरी, तो उन्होंने भारत का नाम लिए बिना यही कहा था कि उनकी सरकार को गिराने में विदेशी ताकतों का हाथ है, हालांकि चुनाव के समय जनता का मूड वे भांप गए थे और भारत के साथ रिश्ते सुधारने की बात करने लगे थे, पर मतदाताओं ने उनकी नहीं सुनीं और बालेन शाह की पार्टी को सत्ता सौंपने का फैसला किया, हालांकि बालेन शाह ही प्रधानमंत्री होंगे अभी यह तय नहीं है, लेकिन उनके चेहरे पर ही आरएसपी ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में उनकी ताजपोशी की प्रबल संभावना है।

बालेंद्र शाह उर्फ बालेन 2022 में काठमांडू के निर्दलीय मेयर चुने गए थे। जेन जी आंदोलन के दौरान युवाओं ने उनके समक्ष अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उन्होंने कुशल राजनीतिज्ञ की तरह इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। तब उन्होंने कहा था कि वे चुनाव जीतकर सरकार चलाना चाहते हैं। जनवरी 2026 में वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी में शामिल हुए थे। यह पार्टी रवि लामिछाने द्वारा संचालित है।

काठमांडू से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले बालेन शाह ने भारत के कर्नाटक स्थित विश्वेश्वरैया टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है, इसलिए कभी उनका भारत से काफी गहरा जुड़ाव रहा है, लेकिन उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो कि यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भी भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

काठमांडू का मेयर रहते हुए बालेन शाह ने अपने कार्यालय में 'ग्रेटर नेपाल' का मानचित्र लगाया था। इस मानचित्र में भारत के कुछ हिस्से को नेपाल का बताया गया था। इसका विरोध भी हुआ था। इतना ही नहीं उन्होंने बॉलीवुड फिल्म आदिपुरुष के एक डॉयलाग को लेकर नेपाल में हिंदी फिल्मों के प्रदर्शन पर रोक लगाने की चेतावनी भी दे दी थी। बालेन को अमेरिका का कट्टर समर्थक और चीन का विरोधी माना जाता है। ऐसे में उनके सत्ता में आने से चीन की चिंताएं भी बढ़ेंगी, क्योंकि चीन के निवेश का उन्होंने सदैव विरोध किया।

सत्ता संभालने के बाद भारत के प्रति उनका रुख क्या होगा, अभी इस संबंध में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। वैसे आरएसपी का नजरिया भारत के प्रति सकारात्मक रहा है। पार्टी नेतृत्व भारत के साथ संतुलित और समानता-आधारित संबंधों की वकालत करता है, जिससे नेपाल के अपने आर्थिक विकास और संप्रभुता को बल मिले। अब इस पार्टी से जुड़कर सत्ता में आने के बाद बालेन क्या कदम उठाते हैं, यह देखने वाली बात होगी।

भारत सरकार ने नेपाल की मदद हर मौके पर की है। चाहे वह प्राकृतिक आपदा से जुड़ी रही हो या फिर किसी अन्य किसी घटना से। ऐसे में माना जा रहा है कि बालेन भी भारत के प्रति सकारात्मक रुख रखेंगे। वहां भारत के निवेश को बढ़ाने के साथ ही चीन के दखल को भी कम करेंगे। वैसे तो केपी ओली की सरकार में वहां पाकिस्तान की सक्रियता भी तेजी से बढ़ी थी। इससे भारत सरकार की चिंताएं बढ़ गईं थीं, लेकिन अब चीन के साथ ही पाकिस्तान की सक्रियता भी कम होगी। ऐसी उम्मीद है।

बालेन के नेपाल का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है। उन्होंने कर्नाटक से स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में मास्टर्स किया है। उनके कुछ ऐसे फैसले रहे हैं, जो यह दर्शाते हैं कि उनके मन में भारत के प्रति बहुत ज्यादा लगाव अब नहीं रह गया है।

### आमने सामने



एक आदिवासी राष्ट्रपति का इस तरह अपमान करना लोकतंत्र और आदिवासी समुदाय के सशक्तीकरण में विश्वास रखने वालों को दुखी करता है। राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का सम्मान होना चाहिए।

–नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

पश्चिम बंगाल के खिलाफ कई केंद्रीय संस्थाएं और सत्ता प्रतिष्ठान एक साथ खड़े हो गए हैं। बंगाल के लोग मजबूती से डटे हुए हैं और किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। जब पूरा सिस्टम बंगाल के खिलाफ खड़ा हो जाता है, तो बंगाल और मजबूत हो जाता है। आगे बढ़ो।

–अभिषेक बनर्जी
टीएमसी नेता



# ईरान पर हमला व गुटनिरपेक्ष राष्ट्रों की भूमिका



नवेद शिकोह

वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका, इजराइल, ईरान और मिडिल ईस्ट में गरजती मिसाइलों की चीखों के बीच चंद शांति की अपीलें महज औपचारिकता तक सीमित हैं। गुटनिरपेक्ष राष्ट्र एकजुट होकर नियमों के विरुद्ध युद्ध को रुकवाने की सख्ती बरतें तो शायद दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की विध्वंसकारी खतरों की आशंकाओं से बच जाए। यूनाइटेड नेशन और शांति की पैरोकारी की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। संयुक्त राष्ट्र संघ, जिनेवा समझौता कहां है? आसमान से बरसता बेलगाम बारूद का कहर रोकने वाला कोई शांति पसंद महात्मा गांधी, नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर या यासिर अराफात नजर नहीं आ रहा। शांति के नोबेल पुरस्कार पाने वाले भी खामोश हैं।

युद्ध के इस महा सीजन में दुनिया के देशों की गिरोहबंदी अभी पूरी तरफ से तय नहीं है। कौन कितना ताकतवर है? कौन किसके साथ है? कौन किसका साथ देने वाला है? सैन्य शक्ति में किसमें कितना दम है? किस देश का क्या सरकारी फरमान है? किसकी क्या विदेश नीति है? बहुत सारी बातें अभी खुल कर तय नहीं हो पाई हैं। ज्यादातर बयान गोल-मोल और अस्पष्ट हैं। विदेश नीतियों के पत्ते खुलकर सामने नहीं आ रहे। मानवता के आदर्शों, मूल्यों और सिद्धांतों को ताख पर रखकर ज्यादातर देशों की कूटनीति सी एंड वॉच पर अटकी है, लेकिन एक बात तय है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को लेकर दुनियाभर की आवाम में गुस्सा बढ़ रहा है। ट्रंप ज़माने भर के चौधरी क्यों बन जाते हैं, युद्ध और अंतर्राष्ट्रीय नियमों के विरुद्ध दुनिया में अशांति फैलाने पर क्यों आमादा हैं?

ऐसे तमाम तर्कसंगत सवालों के साथ दुनियाभर की अवाम का क्रोध धीरे-धीरे मुखर होने लगा है। अमेरिका की दादागिरी को सातवें आसमान तक पहुंचाने वाले डोनाल्ड ट्रंप से अमेरिकन्स भी खासे नाराज दिखे रहे हैं। युद्ध से परहेज़ का वादा करके दूसरी बार सत्ता पाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति की तानाशाही नीतियों से अमेरिका पर बार-बार युद्ध थोपने से उनके देश के ही नागरिकों की बड़ी आबादी नाखुश है।

भारतीय अवाम पहले ही ट्रंप के ऊल-जलूल बयानों और फैसलों से क्रोधित है। आपरेशन सिंदूर में सीज फायर करवाने के दावे करने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति ने टैरिफ के जरिए भारत की अर्थव्यवस्था को चोट पहुंचाने की साज़िश की हो, या रूस से तेल न लेने का दबाव बनाया हो, पहलगाम हमले में भारतीय नागरिकों को आतंकी साजिशों से बेदर्दी से मारने वाले पाकिस्तान को महान और अपना दोस्त बताने वाले ट्रंप की हर हरकत नाकाबिले बर्दाश्त है। भारतीय नागरिकों को हथकड़ी-बेड़ी डालकर भारत वापस करने का अपमान हो, भारतीय जनता अमेरिका के राष्ट्रपति को लेकर आग बगूला है। महाशक्ति और वर्ल्ड पॉवर समझकर विश्व के अधिकांश देश भले ही अमेरिका के खिलाफ खुल कर सामने नहीं आ पा रहे हों, पर भारत सहित दुनिया की अवाम का रुख बता रहा है कि यदि शक्ति का दुरुपयोग ऐसे ही होता रहा, तो जनता जनार्दन की शक्ति महाशक्ति की शक्तियों को जीर्ण-शीर्ण कर देगी।

जनता के दबाव में दुनिया के राष्ट्रप्रमुखों को ट्रंप के खिलाफ एकजुट होना ही पड़ेगा। न सिर्फ दुनिया में बल्कि अमेरिका की जनता में भी अपने राष्ट्रपति के विरुद्ध आक्रोश दिखाई पड़ने लगा है। किसी राष्ट्र के राष्ट्रपति को घर में घुसकर उठा लाने से लेकर, किसी देश के सुप्रीम लीडर को घर में घुस कर मार देना, बच्चों के स्कूलों पर मिसाइलें और रिहायशी इलाकों में बम बरसाने की शुरुआत किसने की? युद्ध और मानवाधिकारों के विरुद्ध नरसंहार को नहीं रोका जा सका, तो ये बात स्वीकार लेना चाहिए कि दुनिया जंगल राज पर चल निकली है? यानी कोई किसी को भी चीरफाड़ कर अपनी ताकत का प्रदर्शन कर सबको डरा सकता है। अपनी ताकत का विस्तार कर दुनिया को अपना गुलाम बनकार जंगल राज को वैधानिक बता सकता है।

युद्ध के भी कानून हैं। दुनिया नियमों-कानूनों से चलती है। बच्चियों के स्कूल पर मिसाइल दाग देना या बम बरसा देना युद्ध तो नहीं, ये अमानवीयता की पराकाष्ठा है, नरसंहार है। लोग कह रहे हैं कि एपस्टीन फाइल की चर्चाओं को इस युद्ध ने रोक दिया और एपस्टीन फाइल ने कई राष्ट्राध्यक्षों को अमेरिका के खिलाफ बोलने से रोक दिया, लेकिन एपस्टीन फाइल से युद्ध तक छोटी-छोटी बच्चियों के साथ जो हुआ, उसे व्यक्त करने के लिए अमानवीय, हृदयविदारक, महापाप... जैसे शब्द भी बौने हैं।

दुनिया की बड़ी संस्थाएं अमेरिका के विरुद्ध कोई सख्त कदम नहीं उठा रही हैं। इजरायल और अमेरिका का ईरान में रिजीम बदलने का प्रण तबाही का दायरा बढ़ाता जा रहा है। मिडिल ईस्ट के संपन्न खाड़ी देशों में अमेरिका के सैन्य अड्डे हैं। इजराइल की चर्चित खुफिया एजेंसी मोसाद यहां से भी ईरान की टोह लेती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

यूएन और शांति के पैरोकारों की कमजोर तस्वीर भी बता रही है कि दुनिया तानाशाही, हिटलरशाही, नफरत, हिंसा, विध्वंस, तबाही, बर्बादी और विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है।

### सोशल फोरम

## वो अभिनय नहीं, सच था

मीना कुमारी हिंदी सिनेमा की 'ट्रेजेडी क्वीन' कही जाती हैं। लोग कहते हैं कि वह पर्दे पर दुख बहुत अच्छी तरह निभाती थीं, लेकिन सच यह है कि वह दुख निभाती नहीं थीं, वह दुख जीती थीं। उनकी आंखों में जो नमी दिखती थी, वह अभिनय नहीं थी, वह उनकी जिंदगी का सच था।



संजय सिन्हा

वरिष्ठ पत्रकार

पचास के दशक का समय था। कमाल अमरोही उस समय एक स्थापित लेखक और निर्देशक थे। उसी दौर में उनकी मुलाकात एक बेहद कम उम्र की अभिनेत्री से हुई, जिसका नाम था मीना कुमारी। मीना उम्र में उनसे बहुत छोटी थीं, लेकिन प्रेम उम्र नहीं देखता। मुलाकातें बढ़ीं, भरोसा बना और दोनों ने निकाह कर लिया। शुरुआत में सब कुछ किसी फिल्मी कहानी की तरह लगता था, लेकिन जिंदगी फिल्मों की तरह नहीं होती। एक दिन किसी बात पर विवाद हुआ। कहा जाता है कि किसी फिल्म के मुहूर्त के दौरान मीना कुमारी के मेकअप रूम में किसी को आने देने को लेकर कुछ हुआ। इतना हुआ कि कमाल अमरोही ने अपने एक सहायक के हाथों अपनी ही पत्नी को पिटवा दिया। जिस स्त्री ने प्रेम में अपना सब कुछ सौंप दिया हो, उसके लिए इससे बड़ा अपमान क्या हो सकता था। मीना कुमारी ने घर छोड़ दिया। रिश्ता टूट गया। तलाक हो गया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई।

मीना कुमारी उस समय तेजी से उभरती हुई अभिनेत्री थीं। उनका नाम, उनकी शोहरत, उनकी पहचान सब बढ़ रही थी। कमाल अमरोही ने उन्हें फिर मनाने की कोशिश की। माफी मांगी, लेकिन बीच में एक धार्मिक दीवार खड़ी थी। तलाक के बाद दोबारा निकाह के लिए 'हलाला' की शर्त थी। कहा जाता है कि दुबारा पाने के लिए मीना कुमारी की शादी किसी और व्यक्ति से करवाई गई। फिर उस व्यक्ति से तलाक दिलवाया गया, ताकि बाद में कमाल अमरोही उनसे दोबारा निकाह कर सकें।

किसी के साथ इससे बड़ा अन्याय क्या हो सकता है? जिस आदमी पर उसने भरोसा किया, उसी ने उसे दूसरे के हवाले कर दिया। दुर्भाग्य अगर किसी के पीछे लग जाए, तो वह आसानी से पीछा नहीं छोड़ता। मीना कुमारी की जिंदगी में भी यही हुआ। कमाल अमरोही के साथ उनका रिश्ता हलाला और दुबारा निकाह के बाद भी स्थिर नहीं हो पाया। वह अकेली पड़ती गईं। अवसाद ने उन्हें घेर लिया। शराब उनकी साथी बन गई।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## पश्चिम एशिया के तनाव के बीच-ऊर्जा संकट की दस्तक

ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक तेल बाज़ार में गहरी चिंता पैदा कर दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य से दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। भारत के लिए यह मार्ग अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे कुल तेल आयात का लगभग 50–52 प्रतिशत हिस्सा इसी रास्ते से आता है। यदि यह समुद्री मार्ग अवरुद्ध होता है, तो भारत पर सीधा प्रभाव पड़ सकता है, हालांकि सरकार का कहना है कि देश के पास लगभग 6–7 सप्ताह का रणनीतिक तेल भंडार उपलब्ध है, जिससे कुछ समय तक घरेलू आवश्यकताओं की पूर्ति की जा सकती है। पेट्रोलियम मंत्रालय स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए हुए है।

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक देश है और अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। आज ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है और वर्तमान में बड़ी मात्रा में तेल मध्य-पूर्व से खरीदा जाता है। ऐसे में क्षेत्रीय संकट का सीधा असर पेट्रोल-डीजल की कीमतों और आम नागरिकों की जेब पर पड़ना स्वाभाविक है। तेल की कीमतें पहले ही 80 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं। यदि यह वृद्धि जारी रहती है, तो महंगाई, चालू खाता घाटा और सरकारी व्यय पर दबाव बढ़ेगा। परिवहन, उर्वरक, हवाई यात्रा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो सकती हैं।



सुनील कुमार महला

लेखक

अमेरिका-ईरान युद्ध के बाद पश्चिम एशिया की स्थिति और जटिल हो गई है तथा टकराव के नए मोर्चे खुल रहे हैं। अमेरिका और इज़राइल ने ईरान के तेहरान सहित कई शहरी क्षेत्रों पर हमले तेज कर दिए हैं, जबकि ईरान ने अमेरिकी सहयोगी खाड़ी देशों के ठिकानों को निशाना बनाना शुरू किया है। इज़रायली हमलों के कारण चार मार्च को तेहरान में सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के अंतिम संस्कार को स्थगित करना पड़ा। वास्तव में, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र के तेल प्रतिष्ठानों पर हमले तेज कर वैश्विक बाजार में हलचल मचा दी है। होर्मुज जलडमरू मध्य को अवरुद्ध करने की कार्रवाई ने न केवल एशियाई देशों की चिंता बढ़ाई है, बल्कि विश्व व्यापार की धुरी को प्रभावित किया है।

भारत भी इससे अछूता नहीं है। बुधवार तक फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और आसपास के समुद्री क्षेत्रों में भारतीय ध्वज वाले 37 जहाज फंसे हुए बताए गए हैं। इन पर 1100 से अधिक भारतीय नाविक सवार हैं। कुछ जहाज भारत के लिए कच्चा तेल और एलएनजी लेकर आ रहे थे, जबकि कुछ खाड़ी देशों में पेट्रोलियम उत्पाद लेने जा रहे थे। शेयर बाजार में 1123 अंकों की गिरावट दर्ज की गई, जबकि डॉलर के मुकाबले रुपया 92 के पार चला गया। यदि यह युद्ध लंबा खिंचता है, तो तेल की कीमतों में 13-15 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है और साथ ही साथ ब्रेंट क्रूड के दाम और ऊपर जा सकते हैं।

होर्मुज मार्ग बाधित होने के कारण जहाजों को अब केप ऑफ गुड होप के रास्ते से लाया जा रहा है, जिससे परिवहन में लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त समय और लगभग 40 प्रतिशत अधिक लागत लग सकती है। इसके परिणामस्वरूप भारत के निर्यात में 15 प्रतिशत तक गिरावट की आशंका जताई जा रही है। जानकारों का यह मानना है कि तेल कीमतों में संभावित तेजी से परिवहन एवं खाद्य वस्तुओं की कीमतों पर दबाव बढ़ेगा और महंगाई दर 1-2 प्रतिशत तक ऊपर जा सकती है तथा इससे किराना और यात्रा खर्च में भी वृद्धि होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# गर्मियों में कपड़ों का सही चुनाव
## आराम और स्टाइल का कॉम्बिनेशन

गर्मियों की तपती धूप और उमस में कपड़ों का सही चुनाव केवल स्टाइल नहीं, बल्कि सेहत और आराम के लिए भी जरूरी है। इस मौसम में कॉटन और लिनन जैसे प्राकृतिक रेशों वाले कपड़े सबसे उपयुक्त होते हैं, क्योंकि ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। रंगों का चयन भी महत्वपूर्ण है, सफेद और हल्के रंग सूरज की किरणों को परावर्तित करते हैं, जिससे गर्मी कम लगती है। तंग कपड़ों के बजाय ढीले-ढाले डिजाइन चुनें ताकि हवा का संचार बना रहे। सही पहनावा चुनकर हम न केवल पसीने और घमौरियों से बच सकते हैं, बल्कि गर्मी के सफर को सुखद और सहज भी बना सकते हैं।



नूर हिना खान
लेखिका







### सही फैब्रिक का चयन करें

गर्मियों में सबसे महत्वपूर्ण है कपड़े का फैब्रिक। सूती (कॉटन) कपड़ा इस मौसम के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है, क्योंकि यह पसीना सोखता है और शरीर को ठंडा रखता है। मलमल, लिनन और खादी भी अच्छे विकल्प हैं, क्योंकि ये हल्के और हवा पार होने वाले होते हैं। इसके विपरीत, पॉलिएस्टर या अन्य सिंथेटिक कपड़े गर्मी में असुविधा बढ़ा सकते हैं। ये पसीना रोकते हैं और त्वचा पर चिपकने लगते हैं। इसलिए दैनिक पहनावे में प्राकृतिक रेशों से बने कपड़ों को प्राथमिकता देना चाहिए।

### आरामदेह डिजाइन और फिटिंग

गर्मी के मौसम में ढीले और आरामदायक कपड़े पहनना चाहिए। बहुत टाइट कपड़े शरीर से चिपकते हैं और पसीना बढ़ाते हैं। ढीले कुर्ते, कॉटन शर्ट, प्लाजो, स्कर्ट या ढीली पैंट शरीर को हवा लगने देते हैं और आराम प्रदान करते हैं। महिलाओं के लिए सूती सलवार-सूट या कॉटन साड़ी उपयुक्त रहती है, जबकि पुरुषों के लिए हल्की शर्ट और कॉटन ट्राउजर या कुर्ता-पायजामा अच्छा विकल्प हो सकता है।

### सिंथेटिक और मोटे कपड़ों से बचें

गर्मियों में कॉटन, लिनन, मलमल और रेयॉन जैसे कपड़े सबसे अच्छे रहते हैं। ये पसीना सोखते हैं और शरीर को ठंडा रखते हैं। सिंथेटिक और बहुत मोटे कपड़ों से बचें, क्योंकि उनमें गर्मी ज्यादा लगती है।

### हल्के रंग पहनें

सफेद, क्रीम, हल्का गुलाबी, आसमानी, मिंट ग्रीन, लैवेंडर और पीले जैसे हल्के रंग गर्मियों में बहुत सुंदर लगते हैं। ये रंग धूप को कम आकर्षित करते हैं और आपको फ्रेश लुक देते हैं।



### ढीला और फ्लोई स्टाइल

बहुत टाइट कपड़े पहनने से बचें। ढीले कुर्ते, ए-लाइन ड्रेस, कॉटन की फ्रॉक, प्लाजो या स्ट्रेट पैंट के साथ कुर्ती पहन सकती हैं। इससे आप आरामदायक और एलिगेंट दोनों दिखेंगी।

### सॉफ्ट और छोटे प्रिंट्स चुनें

छोटे फूलों वाले प्रिंट, हल्के ब्लॉक प्रिंट या मिनिमल डिजाइन गर्मियों में बहुत अच्छे लगते हैं। ज्यादा भारी और गहरे प्रिंट से बचें।

### मेकअप और एक्सेसरीज

गर्मियों में हल्का मेकअप रखें। छोटे ईयररिंग्स, हल्का दुपट्टा और आरामदायक सैंडल आपके लुक को और निखार देते हैं।

### घर के लिए कंफर्ट और फ्रेश लुक

- कॉटन का सिंपल सूट या कुर्ती + प्लाजो
- हल्के रंग जैसे सफेद, पीच, आसमानी या मिंट ग्रीन
- छोटे फ्लोरल या सॉफ्ट प्रिंट
- बिना भारी मेकअप, सिर्फ काजल और लिप बाम
- बालों की सिंपल चोटी या क्लच
- इससे आप आरामदायक भी रहेंगी और हमेशा फ्रेश दिखेंगी।

### ऑफिस और पढ़ाई के लिए स्मार्ट एलिगेंट लुक



- स्ट्रेट कट कॉटन कुर्ती + पैंट
- सॉलिड रंग जैसे हल्का ब्लू, लैवेंडर, बेज
- बहुत भारी प्रिंट से बचें
- हल्की घड़ी और छोटे ईयररिंग्स
- साफ-सुथरा जूड़ा या पोनीटेल

इससे पर्सनैलिटी प्रोफेशनल और क्लासी लगेगी।

### फंक्शन के लिए ग्रेसफुल आउटफिट

- शिफॉन या जॉर्जेट का हल्का सूट
- फ्लोई अनारकली स्टाइल
- पेस्टल शेड्स पर हल्का गोटा या थ्रेड वर्क
- हल्का हाईलाइटर + न्यूड लिपस्टिक
- स्टेटमेंट ईयररिंग्स

इसमें गर्मी में भी आप एलिगेंट और स्टाइलिश दिखेंगी।


ओटीटी

# सूबेदार 2026

सेना का एक सूबेदार (अनिल कपूर) जो सेना में देश रक्षा के कर्तव्यवश अपने परिवार की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर पाता है और यह अपराध बोध उसके मन पर छाया रहता है, जिसे वह किसी से भी बांट नहीं पाता, जब अपने गांव लौटता है, तो व्यवस्था के प्रति उसका क्रोध किस तरह फूटता है यह कहानी है सूबेदार की।

सूबेदार का अपराधबोध जन्य क्रोध उसे अपनी बेटी (राधिका मदान) से भी खुलने नहीं देता, जो दोनों के बीच एक अविश्वास को पैदा कर देता है। यह एक सब प्लॉट है सूबेदार का। एक दोस्त है सूबेदार का (सौरभ शुक्ला) जो हर हाल में साथ है, जो एक से हालात में रहने से पैदा हुई सहानुभूति को दर्शाता है और दूसरी तरफ व्यवस्था में भ्रष्टाचार (कोऑपरेटिव बैंक का माहौल) और गुंडागर्दी ( मोना सिंह, आदित्य रावल और फैसल मलिक) है, जिससे सूबेदार को निपटना है।

कुल मिलाकर सारे के सारे चरित्र अधकचरे हैं सिवाय सूबेदार के और वह भी फिल्म में खुद को जस्टिफाई करने में असफल है। लगता है कि निर्देशक और लेखक का एक मात्र उद्देश्य अनिल कपूर को एक्शन हीरो दिखाकर ओटीटी की दुनिया में जमाना और शायद वह उसमें सफल हुए हैं और इस चक्कर में सौरभ शुक्ला और मोना सिंह जैसे दो बहुत अच्छे एक्टर्स कुर्बान हो गए। दोनों को कुछ डायलॉग्स और सींस मिले हैं, पर दोनों करीब-करीब बेअसर। मोना सिंह कई बार सुरेखा सीकरी की याद दिलाती है, मुझे लगता है वह धीरे-धीरे लुक्स और डायलॉग डिलीवरी में उसके जैसी होती जा रही है, इसे प्रशंसा समझें पर सूबेदार में तो व्यर्थ हो गई हैं। राधिका मदान ने अच्छा रोल किया है, परंतु कमजोर लेखन और निर्देशन की गलतियों के कारण उसका चरित्र स्थापित ही नहीं हो पाता। खुशबू और नाना को दिखाने की आवश्यकता ही क्या थी? बाकी लोगों ने बेकार में खूब फुटेज खाया है।




निर्देशक बहुत समय तक फिल्म में अपने उद्देश्य को ही नहीं बता पाता। कुछ भी क्यों हो रहा है बस आप सोचते रहिए, बल्कि अंत तक कहानी के टुकड़े जोड़ना ही कठिन है। अंत ने तो उद्देश्य रहित लेखन की पोल ही खोल दी है।

सिर्फ अनिल कपूर हैं फिल्म में। ओढ़िये या बिछाइए। पार्श्व संगीत कहीं-कही प्रभावित करता है पर लाउड है। संवाद एकदम बेकार हैं। दृश्यंकन में कल्पना का अभाव है , आसमान में ऊंचे हवाई जहाज की परछाईं जमीन पर आपने देखी है? अगर अनिल और राधिका से आपका मन भरे, एक्शन आपको भाता हो, तो देखिए सूबेदार, कहानी तो बेदम है। सोचिए, क्या हमें फिल्मों में कबीर सिंह, एनिमल, गर्लफ्रेंड के नायकों के अतिचारी चरित्रों से बचना इतना कठिन होता जा रहा है कि कहानी के और कोमल अंगों पर ध्यान ही न दिया जा सके? क्या-क्या और बर्बाद कर के दम लेंगे हम?

*समीक्षक- ब्रज राज नारायण सक्सेना*

जिंदगी का सफर

# बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार



श्रीदेवी ने अपनी अदाओं और अभिनय की वजह से लोगों के दिलों में जगह बनाई। अभिनेत्री श्रीदेवी के काम की खासियत कड़ी मेहनत और हर चुनौती को पार करने की लगन थी। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया। श्रीदेवी को शुरुआत में हिंदी बिल्कुल नहीं आती थी। उन्होंने अपने करियर में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और कन्नड़ फिल्मों में काम करके यह साबित किया कि अगर इच्छा शक्ति और मेहनत हो, तो कोई भी भाषा या बाधा आपके रास्ते में नहीं आ सकती। वह साउथ के बाद बॉलीवुड की पहली फीमेल सुपरस्टार कहलाईं।

श्रीदेवी का जन्म 13 अगस्त 1963 को तमिलनाडु के एक छोटे से गांव मीनमपट्टी में हुआ। उनके पिता का नाम अय्यपन और मां का नाम राजेश्वरी था। उनके पिता एक वकील थे। श्रीदेवी ने छह साल की उम्र में फिल्मों में काम करना शुरू किया। उनका फिल्मी करियर दक्षिण भारतीय सिनेमा से शुरू हुआ। उन्होंने तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में काम किया और कई पुरस्कार भी जीते। उन्हें 1971 में मलयालम फिल्म 'मूवी पूमबत्ता' के लिए केरल स्टेट फिल्म अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यही समय था, जब उन्होंने यह सीखा कि अभिनय केवल भाषा पर निर्भर नहीं करता, बल्कि भाव और मेहनत सबसे जरूरी हैं।



श्रीदेवी की बॉलीवुड में एंट्री 1979 में हुई। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'सोलहवां सावन' थी। हालांकि उन्हें असली पहचान फिल्म 'हिम्मतवाला' से मिली। इस फिल्म में उनके अभिनय और डांस की अद्भुत कला ने दर्शकों को अपना दीवाना बना दिया। उन्हें शुरुआत में हिंदी बोलने में कठिनाई होती थी। उन्होंने यह चुनौती पूरी लगन और अभ्यास से पार कर ली। उनके इस संघर्ष ने कई नए कलाकारों के लिए प्रेरणा का काम किया होगा।

श्रीदेवी ने अपने करियर में कई यादगार रोल निभाए। उन्होंने 'चालबाज' में डबल रोल किया, 'सदमा' और 'चांदनी' जैसी फिल्मों में उनकी एक्टिंग की तारीफ पूरे देश ने की। श्रीदेवी को कई पुरस्कार भी मिले। उन्हें 'चालबाज' और 'लम्हें' के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला और साल 2013 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्रीदेवी ने करियर में लगभग 200 फिल्मों में काम किया, जिनमें हिंदी, तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्में शामिल हैं। वहीं उन्हें बॉलीवुड की पहली सुपरस्टार भी कहा जाता था। श्रीदेवी ने निजी जीवन को प्राथमिकता देने के लिए इंडस्ट्री से दूरी बनाने का कदम ऐसे वक्त पर उठाया, जब वह अपने करियर के शिखर पर थीं। ब्रेक के 15 साल बाद उन्होंने 'इंग्लिश विंग्लिश' जैसी फिल्म के साथ वापसी करने का फैसला लिया और वही निर्णय उनके जीवन के सबसे प्रेरक अध्यायों में से एक बन गया। 24 फरवरी 2018 को दुबई में उनका निधन हो गया। वह आज भले हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके जीवन से मिली सीख और उनका संघर्ष हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे।

# भारतीय सिनेमा के 'ऑर्सन वेल्स' गुरु दत्त

सिनेमा निर्माण के विभिन्न कलात्मक पक्षों में अपने प्रयोगधर्मी प्रयासों के लिए 'भारत के ऑर्सन वेल्स' कहे जाने वाले महान फिल्मकार गुरु दत्त का यह जन्मशती वर्ष है। यह केवल एक कैलेंडर का आंकड़ा नहीं है, बल्कि उस कालजयी सृजन का उत्सव है, जिसने भारतीय सिनेमा को विश्व पटल पर एक नई पहचान दी। आज पूरी दुनिया एक फिल्मकार के रूप में उनके योगदान के विभिन्न पक्षों की विवेचना कर रही है। उनकी दूरदृष्टि से अचंभित होकर लोग, उन्हें अपने समय से बहुत आगे का रचनाकार मान रहे हैं।



अभिषेक मिश्र
लेखक



**स्मृति के विविध रंग:** इस वर्ष उनकी स्मृति में उनके प्रशंसकों द्वारा वैश्विक स्तर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उनकी फिल्मों का पुनर्प्रदर्शन, उनकी कृतियों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल और कला दीर्घाओं में उनके कार्यों पर परिचर्चाएं यह सब उनके प्रति आज भी कायम दीवानगी का प्रमाण है। विशेष रूप से 'सारेगामा कारवां' के नए संस्करण में गुरु दत्त की फिल्मों के गानों पर एक पृथक खंड का शामिल किया जाना यह बताता है कि उनका संगीतबोध आज भी उतना ही प्रासंगिक है। दास्तानगोई जैसी पारंपरिक विधाओं के माध्यम से उनकी जीवन यात्रा को नए श्रोताओं तक पहुंचाया जा रहा है। शायद गुरु दत्त की आत्मा आज उस संतुष्टि का अनुभव कर पा रही हो, जो उन्हें जीते जी न मिल सकी।

**प्रारंभिक जीवन :** गुरु दत्त का जन्म 3 जुलाई 1925 को बेंगलुरु में एक मध्यमवर्गीय चितरपुर सारस्वत ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके बचपन का नाम वसंत कुमार शिवशंकर पादुकोणे था। उनके व्यक्तित्व के निर्माण में उनके माता-पिता की शैक्षणिक और साहित्यिक पृष्ठभूमि का गहरा प्रभाव था। उनके पिता श्री शिवशंकर राव पादुकोणे एक साहित्य प्रेमी प्रधानाध्यापक थे, जो अंग्रेजी में कविताएं लिखते थे। उनकी मां वसंती पादुकोणे भी लघुकथाएं लिखती थीं और बांग्ला उपन्यासों का कन्नड़ में अनुवाद करती थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति और पिता के अंतर्मुखी स्वभाव ने गुरु दत्त को भी एकांतप्रिय बना दिया। जब उनका परिवार कोलकाता (तत्कालीन कलकत्ता) स्थानांतरित हुआ, तो वहां के सांस्कृतिक परिवेश ने उनके भीतर के कलाकार को अंकुरित होने का अवसर दिया। यहीं से वसंत कुमार 'गुरु दत्त' बनने की दिशा में अग्रसर हुए।

**कला का प्रवेश:** गुरु दत्त की फिल्मों की सिनेमैटोग्राफी में प्रकाश और छाया (Chiaroscuro) का जो जादुई मेल दिखता है, उसके बीज उनके बचपन में ही पड़ गए थे। उनकी दादी शाम की आरती के लिए जो दिया जलाती थीं, उसकी रोशनी में वे अपनी उंगलियों से दीवार पर छाया आकृतियां बनाया करते थे। दीये का यह खेल उनके जीवन का रूपक बन गया, जैसे एक दिया खुद को जलाकर रोशनी फैलाता है, गुरु दत्त ने भी अपने भीतर के संघर्ष की आग से सिनेमा को रोशन किया।

नृत्य के प्रति उनके लगाव ने उन्हें सुप्रसिद्ध नर्तक उदयशंकर के अल्मोड़ा स्थित 'इंडियन कल्चरल सेंटर' तक पहुंचाया। पांच साल की नृत्य शिक्षा ने उन्हें दृश्य की लय और फ्रेमिंग की अद्भुत समझ दी। यहीं से उनका सफर प्रभात स्टूडियो पहुंचा, जहां उनकी मुलाकात दो अनमोल मित्रों रहमान और देव आनंद से हुई।

### निर्देशन और अभिनय का द्वंद्व

- **फिल्मकार :** गुरु दत्त मूलत: एक ऐसे फिल्मकार थे, जिनके दिमाग में पूरा दृश्य पहले से ही तैयार रहता था, लेकिन वे उसे शब्दों में व्यक्त करने में अक्सर असहज रहते थे। उनकी यह खामोशी अक्सर सेट पर उनके साथियों के लिए पहेली बन जाती थी। यह दिलचस्प है कि अपनी उत्कृष्ट फिल्म 'प्यासा' के लिए वे पहले दिलीप कुमार के पास गए थे, लेकिन जब बात नहीं बनी, तो उन्होंने स्वयं 'विजय' का किरदार निभाया और अभिनय की ऐसी मिसाल पेश की जिसे आज भी मील का पत्थर माना जाता है। कैमरे के प्रति उनकी शुरुआती हिचकिचाहट उनकी फिल्मों 'बाजी' और 'जाल' में छोटी उपस्थिति के रूप में देखी जा सकती है।
- **सिनेमा :** गुरु दत्त की फिल्में उनके निजी जीवन और सामाजिक सरोकारों का प्रतिबिंब थीं। 'प्यासा' के माध्यम से उन्होंने एक ऐसे कलाकार की व्यथा दिखाई, जिसे समाज उसकी मृत्यु के बाद पूजता है। वहीं 'कागज के फूल' भारतीय सिनेमा की पहली 'सिनेमास्कोप' फिल्म थी, जो एक निर्देशक के पतन और अकेलेपन की मार्मिक गाथा थी। यह फिल्म उनके लिए इतनी व्यक्तिगत थी कि जब यह बॉक्स ऑफिस पर असफल हुई, तो उन्होंने इसे अपनी व्यक्तिगत हार मान लिया। उनकी अंतिम निर्देशित फिल्म की असफलता ने उनके आत्मविश्वास को इस कदर झकझोरा कि उन्होंने फिर कभी किसी फिल्म को आधिकारिक रूप से निर्देशित नहीं किया। 'साहब, बीवी और गुलाम' और 'चौदहवीं का चांद' में वे पर्दे पर तो दिखे, लेकिन निर्देशन की कमान दूसरों के हाथों में रही।
- **मानसिक स्वास्थ्य :** गुरु दत्त का जीवन केवल कला की गाथा नहीं है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य और अवसाद के साथ एक लंबी जद्दोजहद की कहानी भी है। आज जब हम मानसिक स्वास्थ्य पर बात करते हैं, तब गुरु दत्त का अस्तित्व इस विषय पर चर्चा के एक प्रतीक के रूप में उभरता है। वे अक्सर अपने मित्रों से कहते थे, 'पैसा है, शोहरत है, सब कुछ है, पर कुछ भी नहीं रहा।'
- **अंतिम शॉट व विरासत :** 10 अक्टूबर 1964 की सुबह सिनेमा के लिए एक काला अध्याय लेकर आई। 39 वर्ष की अल्पायु में गुरु दत्त ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उनकी मृत्यु के दृश्य का वर्णन भी किसी फिल्म के 'क्लाइमेक्स' जैसा प्रतीत होता है कुर्ता-पाजामा पहने, हाथ में एक अधूरी किताब और चेहरे पर एक गहरी विचार मुद्रा।

## ईवी स्टार्टअप की भागीदारी बढ़ाने को मानदंडों में ढील की जरूरत

**नयी दिल्ली।** यूलर मोटर्स के संस्थापक और सीईओ सौरव कुमार ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) स्टार्टअप को लाभ पहुंचाने और देश की हरित गतिशीलता यात्रा में योगदान देने के लिए भारत की ऑटोमोबाइल पीएलआई योजना के मानदंडों में ढील देने की जरूरत है। कुमार ने एक साक्षात्कार में कहा कि ऑटो क्षेत्र के लिए पीएलआई में निर्धारित राजस्व और निवेश की उच्च सीमा का मतलब है कि यूलर मोटर्स जैसी कंपनी इस योजना में भाग नहीं ले पाई है।

अमृत विचार
मुरादाबाद, सोमवार, 9 मार्च 2026
www.amritvichar.com



### बिजनेस ब्रीफ

## पांच से 15 प्रतिशत बढ़ रहीं एसी की कीमतें

**नयी दिल्ली।** कमरे को ठंडा रखने वाले एयर कंडीशनर बनाने वाली प्रमुख कंपनियां कच्चे माल की लागत और आपूर्ति श्रृंखला के खर्चों में निरंतर वृद्धि की भरपाई के लिए कीमतों में 5-15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी कर रही हैं। फरवरी से अप्रैल के बीच लागू की जा रही यह बढ़ोतरी ठीक उस समय हो रही है, जब गर्मी का मौसम शुरू होने के साथ एयर कंडीशनर (एसी) की मांग बढ़ने वाली है। डाइकिन, वोल्टास, ब्लू स्टार, एलजी, हायर और मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज सहित प्रमुख कंपनियों ने विभिन्न मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की घोषणा की है।

## फूड डिलीवरी में दिसंबर तिमाही में हुई वृद्धि

**नयी दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर भोजन पहुंचने वाली भारत की शीर्ष तीन कंपनियों - स्विगी, मैजिकपिन और जोमैटो ने अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में वृद्धि की रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उद्योग के अधिकारियों ने कहा कि त्योहारी मांग, किफायती पेशकशों और बढ़ते उपयोगकर्ता आधार के चलते ऑर्डर की संख्या में जबरदस्त उछाल देखा गया है। विपणन, उत्पाद नवाचार और मूल्य आधारित प्रस्तावों में लगातार निवेश के साथ, इस क्षेत्र को आने वाली तिमाहियों में भी वृद्धि की गति बरकरार रहने की उम्मीद है।

## जैक्वार का 1700 करोड़ राजस्व का लक्ष्य

**नयी दिल्ली।** बाथरूम और लाइटिंग समाधान मुहैया कराने वाले जैक्वार समूह ने अगले तीन वर्षों में लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,700 करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी के पोर्टफोलियो में एलईडी, व्यायसायिक, आउटडोर और फसाड लाइटिंग के अलावा बल्ब और ट्यूब लाइट जैसे उपभोक्ता प्रकाश उत्पाद शामिल है। जैक्वार समूह के निदेशक (प्रकाश उत्पाद) रणबीर मेहरा ने लाइटिंग व्यवसाय की वृद्धि संभावनाओं पर पीटीआई-भाषा के एक सवाल के जवाब में कह कि अगले तीन वर्षों में हमारा लक्ष्य लाइटिंग व्यवसाय के राजस्व को 1,600 करोड़ रुपये से 1,700 करोड़ रुपये तक ले जाना है।

### नवरात्र की तैयारी



प्रयागराज के पास लालगोपालगंज गांव में एक कारीगर सनातन हिंदू रीति-रिवाजों में इस्तेमाल होने वाले पवित्र नारंगी-पीले धागे कलावा को रंग रहा है। आने वाले नवरात्रि त्योहार के लिए कारीगर ऑर्डर तैयार कर रहे हैं। बासंतिक नवरात्र इसी माह हैं।

# कच्चे तेल की कीमतें तय करेंगी शेयर बाजार की चाल

## विश्लेषक बोले-विदेशी निवेशकों का रुख और वैश्विक बाजार के रुझान करेंगे प्रभावित

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम और कच्चे तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव से तय होगी। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा, वैश्विक बाजार के रुझान और विदेशी निवेशकों के रुख से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित होगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा- इस सप्ताह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की दिशा को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बाहरी कारक बने रहेंगे। इसके साथ ही, कुछ प्रमुख व्यापक आर्थिक आंकड़े भी जारी होंगे, जो निकट भविष्य की धारणा को आकार दे सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर निवेशक 12 मार्च को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर बारीकी से नजर रखेंगे।' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 8.52 प्रतिशत उछलकर 92.69 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।



ऑनलाइन कारोबार और संपत्ति फर्म एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि आने वाला सप्ताह अस्थिर रहने की संभावना है, क्योंकि बाजार की धारणा काफी हद तक पश्चिम एशिया में लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव से प्रभावित होगी। उन्होंने कहा कि निवेशक वैश्विक घटनाक्रमों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों पर नजर रखेंगे क्योंकि ऊर्जा बाजार जोखिम लेने की क्षमता को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजय कुमार ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता, बाजार में लगातार गिरावट, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के प्रति भारतीय अर्थव्यवस्था की संवेदनशीलता और रुपये की तेज गिरावट ने एफआईआई की बिकवाली को बढ़ाया।

### इस्पात पर पड़ेगा पश्चिम एशिया तनाव का असर

**नयी दिल्ली।** बिगमिंट रिसर्च के अनुसार पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के कारण ईंधन की लागत बढ़ रही है, जिससे भारत सहित वैश्विक इस्पात उद्योग को आने वाले दिनों में कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। बिगमिंट के विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल, एलएनजी और माल ढुलाई लागत में एक साथ बढ़ोत्तरी हो रही है, जिससे लागत का दबाव सीधे इस्पात और इस्पात से संबंधित जिंस बाजारों पर पड़ रहा है।

# कच्चे तेल की आपूर्ति के लिए भारत ने खोजे वैकल्पिक स्रोत

## रिफाइनरियों ने मरम्मत बंदी को टाला, संघर्ष क्षेत्र से बाहर क्षेत्रों से ले रहे अधिक आपूर्ति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारतीय खुदरा ईंधन कंपनियों ने अमेरिका, रूस और पश्चिम अफ्रीका से अतिरिक्त कच्चे तेल के लिए बातचीत शुरू कर दी है। उद्योग अधिकारियों और विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। कच्चे तेल को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधनों में परिशोधित करने वाली रिफाइनरियों ने फिलहाल प्रस्तावित मरम्मत बंदी को टाल दिया है और सामान्य परिचालन दर बनाए रखी है ताकि देश की तात्कालिक जरूरतों के लिए पर्याप्त बफर स्टॉक बना रहे।

बता दें कि भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है। फरवरी में इस आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा ''होर्मुज जलडमरूमध्य'' से होकर आया था, जो ईरान और ओमान के बीच एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण





इस रणनीतिक मार्ग से टैंकरों की आवाजाही लगभग ठप हो गई है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने बताया कि हम उन क्षेत्रों से अधिक आपूर्ति ले रहे हैं जो संघर्ष क्षेत्र से बाहर हैं। वर्ष 2025 में गैर-होर्मुज स्रोतों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 70 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिफाइनरियां अब पश्चिम अफ्रीका, लातिन अमेरिका और अमेरिका से तेल ले रही हैं। साथ ही, अमेरिकी ट्रेजरी (वित्त) विभाग द्वारा रूसी तेल की बिक्री और वितरण के लिए दी गई 30 दिनों की छूट ने एक नया रास्ता खोल दिया है।

इस छूट के तहत पांच मार्च तक जहाजों पर लदे रूसी तेल को पांच अप्रैल तक बिना प्रतिबंधों के भारत

- **28 फरवरी के बाद 70 से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार हुईं कच्चे तेल की कीमतें**

पहुंचने की अनुमति दी गयी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड जैसी कंपनियों ने रूसी तेल की खरीद फिर से शुरू कर दी है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि भारत की स्थिति मजबूत है और वर्तमान भंडार देश की 50 दिनों की मांग को पूरा करने को पर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि भारत के पास वर्तमान में लगभग 14.4 करोड़ बैरल कच्चा तेल भंडारण में है और महत्वपूर्ण बात यह है कि तेल की इस आपूर्ति की निरंतर भरपाई की जा रही है।

मंत्रालय के आंकड़ों अनुसार, देश के पास इसके अलावा सामरिक पेट्रोलियम भंडार (एसपीआर) और सरकारी तेल कंपनियों के पास मौजूद स्टॉक को मिलाकर कुल क्षमता लगभग 74 दिनों के शुद्ध आयात के बराबर है।

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि वैकल्पिक स्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित होने के बावजूद कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अधिक माल भाड़े और बीमा प्रीमियम के कारण आयात बिल बढ़ सकता है।

28 फरवरी के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 70 डॉलर से बढ़कर 92 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की कीमतें भी दोगुनी से अधिक बढ़कर 24-25 डॉलर प्रति दस लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट तक पहुंच गई हैं। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आयातक है और अपनी कुल जरूरतों का लगभग आधा हिस्सा पश्चिम एशिया से प्राप्त करता है।

## पश्चिम एशिया संकट: एफपीआई ने निकाले 21,000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशकों ने पश्चिम एशिया संकट के बीच पिछले चार कारोबारी सत्रों के दौरान भारतीय इक्विटी से 21,000 करोड़ रुपये निकाले हैं।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई)द्वारा फरवरी में भारतीय इक्विटी में 22,615 करोड़ रुपये के निवेश के बाद यह ताजा बिकवाली हुई है। फरवरी का निवेश पिछले 17 महीनों में सबसे अधिक मासिक लिवाली थी। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन महीनों तक शुद्ध विक्रेता रहे थे। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। ताजा निकासी 2-6 मार्च के दौरान हुई, जब एफपीआई ने 'कैश मार्केट' में लगभग 21,000 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। उल्लेखनीय है कि तीन मार्च को होली के उपलक्ष्य में बाजार बंद थे।

बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी का मुख्य कारण पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को बताया है। एंजेल वन के वरिष्ठ बुनियादी विश्लेषक वकार जावेद खान ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यवधान के डर ने ब्रेंट क्रूड की कीमतों को 90 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचा दिया।

# एसएपी ने रोकीं सॉफ्टवेयर सेवाएं, नायरा की याचिका पर सुनवाई 16 को

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली उच्च न्यायालय अगले सप्ताह जर्मनी की सॉफ्टवेयर कंपनी एसएपी की भारतीय इकाई के खिलाफ नायरा एनर्जी की याचिका पर सुनवाई करेगा। एसएपी ने नायरा के परिचालन के लिए महत्वपूर्ण सॉफ्टवेयर सेवाओं को निलंबित कर दिया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के अनुसार पिछले साल सितंबर में एसएपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा यूरोपीय संघ (ईयू) के प्रतिबंधों का हवाला देते हुए सेवाएं निलंबित करने के बाद नायरा एनर्जी ने दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था।

अदालत ने इस मामले में पहले तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया था, लेकिन अब 16 मार्च को इस याचिका पर सुनवाई करने वाली है। यूरोपीय संघ ने पिछले साल रूस के साथ संबंधों के चलते नायरा पर प्रतिबंध लगाए थे। नायरा एनर्जी ने अदालत के सामने तर्क दिया कि उसका समझौता एसएपी इंडिया के साथ है, जो एक भारतीय इकाई है, और इसलिए यह ईयू के प्रतिबंधों के

- **नायरा के रूस के साथ संबंधों के चलते एसएपी ने निलंबित की साफ्टवेयर सेवाएं**

अधीन नहीं है। हालांकि, एसएपी इंडिया का तर्क है कि उसकी मूल कंपनी जर्मनी में स्थित है और वह उनके सहयोग के बिना अपनी सेवाएं प्रदान नहीं कर सकती है।

नायरा ने तर्क दिया कि ऐसा करने से भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए खतरा है, क्योंकि कंपनी भारत के पेट्रोलियम के एक महत्वपूर्ण हिस्से का उत्पादन करती है। कंपनी का कहना है कि इस तरह का कदम भारतीय कंपनियों और उनके परिचालन को विदेशी संस्थाओं द्वारा कानून की व्याख्या और उनके अनुप्रयोगों के भरोसे छोड़ देता है। नायरा की याचिका में एसएपी के इस कदम को 'जरूरी सेवाओं का अचानक, एकतरफा और अवैध निलंबन बताया गया है।' याचिका में कहा गया कि एसएपी का सॉफ्टवेयर पिछले 18 वर्षों से नायरा के हर परिचालन के साथ पूरी तरह से जुड़ा है और कंपनी किसी अन्य विकल्प को नहीं अपना सकती है।

# उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त, पश्चिम एशिया संघर्ष बढ़ा तो समस्या संभव

**कोच्चि (केरल), एजेंसी**

भारत में इस समय उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचा तो समस्या पैदा हो सकती हैं। दक्षिण भारतीय राज्यों को उर्वरकों की आपूर्ति करने वाली सबसे बड़ी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (एफएसीटी) के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एफएसीटी रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों पर निर्भर है, जिन्हें समुद्री मार्ग से लाया जाता है।

विश्लेषकों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाला संघर्ष वैश्विक अर्थव्यवस्था को काफी नुकसान पहुंचा सकता है। कोच्चि स्थित एफएसीटी के प्रबंध निदेशक एस शक्तिमणि ने एजेंसी से कहा कि हमारे पास पर्याप्त यूरिया उपलब्ध है। हमें उम्मीद है कि युद्ध की स्थिति शायद एक महीने के भीतर सुलझ जाएगी। हमारे पास खरीफ सत्र के लिए पर्याप्त यूरिया है और हमें कोई समस्या नहीं होगी। हालांकि, उन्होंने आगाह किया कि अगर मौजूदा स्थिति अगले छह महीनों तक जारी रहती है, तो समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यह अगले रबी फसल सत्र में दिक्कतें पैदा कर सकता है और इससे निपटने के लिए उचित कदम उठाए जा रहे हैं।

शक्तिमणि ने कहा कि एफएसीटी जैसी कंपनियां न केवल पश्चिम एशिया से बल्कि ऑस्ट्रेलिया से भी गैस प्राप्त करती हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल उस क्षेत्र में गैस पाइपलाइन के साथ कोई समस्या नहीं है। कुछ स्थानों पर अस्थिरता है, लेकिन वह उर्वरक क्षेत्र के लिए समस्या नहीं है। अधिकारी ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार ने विभिन्न कंपनियों से डाइ-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) और डबल सुपर फॉस्फेट (डीएसपी) का भंडार हासिल कर लिया है, जिससे कोई परेशानी नहीं होगी।

## डब्ल्यूटीओ बैठक में होगी ई-कॉमर्स कर स्थगन, सुधारों पर चर्चा

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** कैमरून के याउंडे में 26 से 29 मार्च तक होने वाली विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की चार दिवसीय मंत्रिस्तरीय बैठक में 166 देशों के व्यापार मंत्री डब्ल्यूटीओ सुधारों, कृषि संबंधी मामलों, विवाद निपटान और ई-कॉमर्स कर स्थगन जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मत्स्य पालन सब्सिडी, चीन के नेतृत्व वाला 'विकास के लिए निवेश सुविधा' समझौता, ई-कॉमर्स कार्य से जुड़ा कार्यक्रम और कर स्थगन, विकास एवं एसएंडडीटी और समान अवसर जैसे मुद्दे भी संगठन के 14वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान चर्चा में शामिल हो सकते हैं।

# सोने में बना रह सकता है उतार-चढ़ाव

## पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से बढ़ेंगी सोने की कीमतें, तनाव कम होने पर भारी बिकवाली

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सोने की कीमतों में अगले सप्ताह भी उतार-चढ़ाव जारी रहने की संभावना है। विश्लेषकों के अनुसार निवेशकों की पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों और घरेलू बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाले प्रमुख वृहत आर्थिक आंकड़ों पर नजर होगी।

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों पर नजर बनी रहेगी। तनाव बढ़ने से सोने की कीमतों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, लेकिन तनाव कम



होने के संकेत मिलने पर भारी बिकवाली हो सकती है।

मेर ने कहा कि चांदी में अभी सीमित दायरे में घट-बढ़ हो रही है। लेकिन इसमें भारी अस्थिरता देखी जा रही है। इसका कारण सोने और तांबा तथा जस्ता जैसी औद्योगिक धातुओं में सीमित दायरे में घट-बढ़ के कारण इसके लाभ सीमित हैं। पिछले सप्ताह घरेलू बाजार में सर्राफा वायदा में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में चांदी 14,359 रुपये यानी 5.08 प्रतिशत टूटी, जबकि सोना 470 रुपये यानी 0.3 प्रतिशत फिसला।

एंजल वन के गैर-कृषि जिंस और मुद्रा विभाग के शोध मामलों के डिप्टी वाइस प्रेसिडेंट प्रथमेश एम ने कहा कि पिछले सप्ताह सोने की कीमत 1.59 लाख से 1.70 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में रही। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर तनाव, एशियाई मांग, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीद, अमेरिकी ट्रेजरी बॉन्ड का उच्च प्रतिफल और डॉलर की मजबूती सर्राफा बाजार में कीमतों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक बने हुए हैं।

मेर ने कहा कि अमेरिकी डॉलर, फ्रैंक और बॉन्ड जैसे वैकल्पिक सुरक्षित निवेश विकल्पों की बढ़ती मांग के बीच सोना साप्ताहिक आधार पर नकारात्मक रुख के साथ बंद हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण गिरावट सीमित बनी हुई है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना चाहिए**

# प्रौद्योगिकी में बढ़ा आत्मविश्वास, नेतृत्व में अब भी बाधाएं

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

युवा महिलाएं कृत्रिम मेधा (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों को आकार देने के लिए अभूतपूर्व आत्मविश्वास के साथ प्रौद्योगिकी क्षेत्र में प्रवेश कर रही हैं, लेकिन उन्हें नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुंचाने के लिए कॉरपोरेट भारत को कार्यस्थल प्रणालियों को तत्काल फिर से डिजाइन करना चाहिए। देश की शीर्ष महिला अधिकारियों ने यह बात कही। उन्होंने मध्यम स्तर पर महिलाओं के करियर को खत्म होने से रोकने की जरूरत पर भी जोर दिया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय प्रौद्योगिकी और कॉरपोरेट जगत की दिग्गज महिलाओं के बीच एक आम सहमति बनी है कि अब ध्यान केवल भागीदारी बढ़ाने से हटकर निरंतर नेतृत्व और जवाबदेही पर होना



- **नया नियम लिख रही हैं महिलाएं- सेल्सफोर्स (साउथ एशिया) सीईओ**
- **नवाचार का नेतृत्व कर रही हैं महिलाएं: सिंधु गंगाधरन**
- **नेतृत्व में हिस्सेदारी बढ़नी चाहिए -विप्रो की सीटीओ संध्या अरुण**

चाहिए। सेल्सफोर्स साउथ एशिया की सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य ने कहा कि वे (महिलाएं) नया नियम लिख रही हैं। वे न केवल मौजूदा ढांचे में सफल हो रही हैं, बल्कि मौलिक रूप से बदल रही हैं कि प्रौद्योगिकी नेतृत्व कैसा दिखना चाहिए।' उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी अधिक शिक्षित, विश्व स्तर पर जुड़ी हुई और पहले से कहीं अधिक आत्मविश्वासी है।

एसएपी लैब्स इंडिया की प्रबंध निदेशक और नैसकॉम की चेयरपर्सन सिंधु गंगाधरन ने कहा कि युवा महिलाएं एआई, डेटा साइंस और इंजीनियरिंग में सक्रिय रूप से उत्पाद बना रही हैं और नवाचार का नेतृत्व कर रही हैं। उन्हें भरोसा है कि आने वाला दशक बिना किसी भेदभाव के महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए परिवर्तनकारी होगा। टेक महिंद्रा की सीआईओ पल्लवी कटियार ने कहा कि युवा महिलाओं का यह नजरिया कि नेतृत्व एक स्वाभाविक प्रगति है, बदलाव के लिए एक शक्तिशाली उत्प्रेरक साबित होगा। महिलाओं के लिए प्रवेश स्तर पर मजबूत संख्या के बावजूद शीर्ष पदों तक की यात्रा अभी भी कई बाधाओं से भरी है।

एपी मोलर-मेर्सक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष रेशम साही ने कहा, 'भारत के प्रौद्योगिकी कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व लगभग एक-तिहाई है, कार्यकारी भूमिकाओं में यह घटकर केवल सात प्रतिशत और निदेशक स्तर पर लगभग 13 प्रतिशत रह जाता है।' अब चुनौती कार्यबल में प्रवेश की नहीं, बल्कि नेतृत्व तक निरंतर प्रगति की है।

विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) संध्या अरुण ने नेतृत्व में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अधिक जवाबदेही की वकालत की। कहा-जब नेतृत्व के रास्ते पारदर्शी होंगे और परिणामों को मापा जाएगा, तभी समावेशिता वास्तविक होगी।

## 2,81,582 करोड़ रुपये घटा शीर्ष 8 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण

**मुंबई, एजेंसी।** शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही बड़ी गिरावट के बीच बीएसई की शीर्ष 10 में से शामिल आठ कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण (एमकैप) 2,81,582 करोड़ रुपये घट गया जबकि अन्य दो का 18,209 करोड़ रुपये बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक को बाजार पूंजीकरण में सबसे अधिक 53,953 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। साथ ही निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक को 46,937 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक को 46,552 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

अभियांत्रिकी एवं विनिर्माण क्षेत्र की कंपनी एलएंडटी का एमकैप 45,629 करोड़ रुपये कम हुआ। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी बजाज फाइनेंस का एमकैप 28,935 करोड़ रुपये और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी टीसीएस का 28,492 करोड़ रुपये घट गया।

# एसईजेड नीति में बड़े सुधारों को बनी 17 सदस्यीय समिति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड)नीति में व्यापक सुधारों के बारे में सुझाव देने के लिए एक 17 सदस्यीय समिति का गठन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह समिति 'एसईजेड 2.0' नीति तैयार करने के लिए एक रिपोर्ट सौंपेगी, जिसमें व्यापक और समावेशी सुधारों की रूपरेखा सुझाई जाएगी।

समिति मौजूदा विभिन्न निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं के समन्वय और एकीकरण पर केंद्रित एक अध्ययन करेगी। इसमें एसईजेड, निर्यात उन्मुख इकाइयां (ईओयू), गोदामों में विनिर्माण और अन्य परिचालन (एमओओडब्ल्यूआर), अग्रिम मंजूरी, पूंजीगत वस्तुओं के लिए निर्यात प्रोत्साहन (ईपीसीजी) और शुल्क मुक्त आयात मंजूरी (डीएफआईए) जैसी योजनाएं शामिल हैं। समिति में वाणिज्य विभाग, सीमा शुल्क, नीति आयोग,



- **एसईजेड 2.0 नीति बनाने को समावेशी सुधारों की रूपरेखा बनाकर रिपोर्ट सौंपेगी समिति**

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति के कार्यक्षेत्र (टीओआर) में विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) अधिनियम, 2005 की समीक्षा करना शामिल है। इसका उद्देश्य वर्तमान वैश्विक व्यापार, निवेश वातावरण और वृहत आर्थिक परिदृश्य में इस अधिनियम की प्रभावशीलता का आकलन करना है।

# नेपाल: जेन जी प्रदर्शनों के दौरान हिंसा की जांच पूरी, सरकार को रिपोर्ट सौंपी

काठमांडू, एजेंसी



- तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को ठहराया दोषी
- प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के जिम्मेदारों के नाम का खुलासा नहीं

नेपाल में पिछले साल सितंबर में जेन जी के प्रदर्शनों के दौरान हुई हत्याओं, आगजनी और तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय आयोग ने रविवार को अपनी रिपोर्ट अंतरिम सरकार को सौंप दी। रिपोर्ट में तत्कालीन प्रशासन के कुप्रबंधन और अक्षमता को दोषी ठहराया गया है।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को जांच रिपोर्ट सौंपी गई, हालांकि आयोग प्रमुख और सरकार दोनों ने ही जेन जी के प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए जिम्मेदार व्यक्तियों के नाम और अन्य संबंधित मुद्दों का खुलासा नहीं किया। दो दिवसीय इस प्रदर्शन के दौरान कुल 76 लोग मारे गए थे, जिनमें आठ सितंबर को 22 युवक और अगले दिन 54 लोगों की मौत हुई थी। सुशीला कार्की के अंतरिम प्रधानमंत्री बनने के एक सप्ताह बाद 21 सितंबर को जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में न्यायिक जांच आयोग का गठन किया गया।

आयोग के अध्यक्ष गौरी बहादुर कार्की ने कहा कि यह घटना मुख्य रूप से तत्कालीन सरकार के कुशासन और अक्षमता के कारण घटी। उन्होंने कहा कि नौकरशाही और न्यायिक निकायों सहित सरकारी संस्थानों के राजनीतिकरण से लोग हताश थे। आयोग के अध्यक्ष कार्की ने रिपोर्ट सौंपने के बाद मीडियाकर्मियों से कहा, जेन जी के प्रदर्शन के दौरान युवाओं पर गोली चलाने और आदेश जारी करने वालों के साथ-साथ हत्याओं को रोकने के लिए कार्रवाई न करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की सिफारिश की गई है।

## संवैधानिक व्यवस्था में गंभीर व अक्षम्य

# प्रोटोकॉल का उल्लंघन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान राज्य सरकार पर प्रोटोकॉल के गंभीर उल्लंघन के आरोप लगे हैं। इनके मुताबिक मुर्मू के आगमन पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मुख्य सचिव या डीजीपी में से कोई भी अगवानी के लिए मौजूद नहीं था। यही नहीं, कार्यक्रम का स्थान अंतिम समय पर बदल दिया गया। यह भी आरोप है कि राष्ट्रपति के लिए बने वॉशरूम में पानी नहीं था और उनके मार्ग में कचरा फैला हुआ था। केंद्र सरकार ने इसे अभूतपूर्व अपमान करार देते हुए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा है। भारत में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल ब्लू बुक नामक एक गोपनीय दस्तावेज द्वारा निर्धारित किया जाता है जो उनकी यात्रा और कार्यक्रमों के लिए कड़े नियम तय करता है। देश में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के प्रोटोकॉल के उल्लंघन पहले भी हुए हैं और उन पर कड़े कदम भी उठाए गए हैं।



### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का प्रोटोकॉल

- राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री किसी राज्य के दौरे पर जाते हैं तो राज्यपाल और मुख्यमंत्री को उनकी अगवानी और विदाई के लिए मौजूद होना चाहिए। मुख्यमंत्री अपनी जगह किसी वरिष्ठ मंत्री को नामित कर सकते हैं।
- भारत में राष्ट्रपति प्रथम नागरिक और सर्वोच्च संवैधानिक पद पर होते हैं, प्रधानमंत्री कार्यकारी प्रमुख होते हैं। किसी भी कार्यक्रम में बैठने की व्यवस्था और संबोधन इसी वरीयता क्रम के अनुसार होता है।
- प्रधानमंत्री की सुरक्षा एसपीजी (स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप) की ओर से संभाली जाती है। उनके भोजन की जांच मेटल डिटेक्टर से होती है और उनके रसोइयों की जानकारी भी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है।
- राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के आधिकारिक कार्यक्रमों के स्थान, मार्ग और अतिथियों की सूची पहले से तय होती है और इसमें अंतिम समय पर कोई भी बदलाव प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन माना जाता है।

### उल्लंघन कितना गंभीर

- इसे केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक कार्यालय का अपमान माना जाता है।
- प्रोटोकॉल में किसी भी प्रकार का विचलन वीवीआईपी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है।
- पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति के दौरे के दौरान मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति को केंद्र ने शर्मनाक करार दिया है।

### पहले भी घटनाएं

- पंजाब में रास्ता रोके जाने के कारण मोदी का काफिला फ्लाईओवर पर फंसा रहा।
- वर्ष 2018 में पुरी के जगन्नाथ मंदिर गए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ दुर्व्यवहार।

### क्या कदम उठा सकता है केंद्र

- केंद्रीय गृह मंत्रालय राज्य सरकार के मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांग सकता है। ताजा मामले में बंगाल सरकार से रविवार शाम 5 बजे तक जवाब मांगा गया।
- कोई अधिकारी चूक करता है तो उसे आपदा प्रबंधन अधिनियम या सेवा नियमों के तहत नोटिस दिया जा सकता है, इसमें जेल या निलंबन का भी प्रावधान है।
- बार-बार प्रोटोकॉल या संवैधानिक मर्यादाओं का उल्लंघन किया जाता है तो केंद्र राज्यपाल की रिपोर्ट के आधार पर संवैधानिक संकट की चेतावनी दे सकता है।
- प्रधानमंत्री और गृह मंत्री जैसे उच्च पदों से प्रोटोकॉल उल्लंघन की सार्वजनिक आलोचना की जाती है ताकि राज्य सरकार पर नैतिक दबाव बनाया जा सके।

### ये हो सकती है कार्रवाई

- गृह मंत्रालय राज्य के मुख्य सचिव से 24-48 घंटों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगता है।
- कलेक्टर, पुलिस कमिश्नर या सुरक्षा प्रभारियों को तुरंत निलंबित किया जा सकता है।
- चूक सुरक्षा से जुड़ी है तो एसपीजी या गृह मंत्रालय सीधे जांच के आदेश दे सकते हैं।
- गंभीर मामलों में सुप्रीम कोर्ट खुद संज्ञान लेकर स्वतंत्र जांच समिति बना सकता है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को श्रेष्ठ अजेय महिला का पुरस्कार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को लोकतंत्र को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका के लिए श्रेष्ठ अजेय महिला सम्मान से नवाजा गया है। उनकी तरफ से उनकी पोती जैमा रहमान ने यह पुरस्कार स्वीकार किया। इस साल पांच और महिलाओं को भी यह पुरस्कार दिया गया। नुरुन नाहर अख्तर को अर्थ श्रेणी में सम्मान मिला, जबकि बबीता खातून को शिक्षा एवं रोजगार में सफलता पाने वाली महिलाओं की श्रेणी में पहचान मिली। नूरबानू कबीर को सफल मां, शमला बेगम को ज़ुल्म को हराकर जिंदगी की लड़ाई जीतने वाली महिलाएं और अफरोजा यास्मीन को सामाजिक विकास में शानदार योगदान देने वाली महिलाएं श्रेणी में सम्मानित किया गया।

### आईफोन के नकली पुर्जे बेचने वाले गिरोह के पांच लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने रोहिणी में नकली आईफोन 'स्पेयर पार्ट्स (पुर्जे) और एक्सेसरीज' को असली बताकर बेचने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है और पांच दुकान मालिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस अभियान के दौरान लगभग 1.6 करोड़ रुपये मूल्य की नकली वस्तुएं जब्त की गईं। पुलिस ने बताया कि रोहिणी सेक्टर तीन के एक मॉल और बाजार में स्थित पांच दुकानों पर छापेमारी के बाद यह कार्रवाई की गई, जहां से बड़ी मात्रा में नकली पुर्जे और सहायक उपकरण (एक्सेसरीज) बरामद किए गए।

# अवसर मिलने पर हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं महिलाएं : मुर्मू

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति का संबोधन, कहा- हम किसी से कमतर नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिलाओं की ताकत और उपलब्धियों की रविवार को सराहना करते हुए उन्हें उनकी पूरी क्षमता का एहसास कराने के लिए प्रोत्साहित किया। मुर्मू ने कहा, हम किसी से कमतर नहीं हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह अवसर न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने का है, बल्कि उनके सशक्तीकरण के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता को भी दोहराने का है।

मुर्मू ने शिक्षा, प्रशासन, न्यायपालिका, सशस्त्र बलों, चिकित्सा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, कला, उद्यमिता और खेल में महिलाओं की अग्रणी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं और ग्राम विकास में नेतृत्व प्रदान कर रही हैं, वहीं महिलाएं रोजगार, स्टार्टअप और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा, अवसर और समर्थन मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। मुर्मू ने कहा, महिलाओ में दम है, हम किसी से कम नहीं। हममें भी दम है। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि यद्यपि कई उपलब्धियां हासिल की गई हैं, फिर भी समाज में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने में कई बाधाएं मौजूद हैं।



महिला विचारकों के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

### असाधारण बदलाव ला सकती हैं महिलाएं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने यूट्यूब चैनल पर केरल की छात्राओं के साथ हुई बातचीत का एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मैं प्रत्येक छात्रा के सपनों, जिज्ञासा और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। ऐसी बातचीत हमें याद दिलाती है कि जब महिलाएं अपनी क्षमता को पहचानती हैं और खुले दिमाग से आगे बढ़ती हैं तो वे असाधारण बदलाव ला सकती हैं। राहुल ने लिखा, हर महिला अद्वितीय है। उनकी संवेदनशीलता, समझ और भावनात्मक बुद्धिमत्ता समाज को संतुलन व दिशा प्रदान करती है। महिलाएं धैर्य, दूरदर्शिता और सहानुभूति के साथ अपने अनूठे तरीकों से शक्ति का प्रयोग करती हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं आमतौर पर पुरुषों से ज्यादा बुद्धिमान होती हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर बीआर आंबेडकर का लैंगिक समानता पर एक कथन साझा किया, आप दुख सहने के लिए पैदा नहीं हुई हैं। आपने उत्थान के लिए जन्म लिया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं दीं।

### गौरव का स्रोत हैं भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां: मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की नारी शक्ति की उपलब्धियां गर्व का स्रोत हैं। मोदी ने कहा कि महिलाओं का सशक्तीकरण उनकी सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं पहलों का मूल आधार है और सरकार ऐसे अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध है जिनसे प्रत्येक महिला अपनी पूरी क्षमता का एहसास कर सके और भारत के विकास की यात्रा में योगदान दे सके। उन्होंने एक संदेश में कहा, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं हमारी समूची नारी शक्ति को शुभकामनाएं देता हूं। हर क्षेत्र में महिलाएं संकल्प, रचनात्मकता और बेजोड़ उत्साह के साथ भारत की प्रगति को आकार दे रही हैं। उनकी उपलब्धियां हमारे राष्ट्र को प्रेरित करती हैं और विकसित भारत के निर्माण के हमारे सामूहिक संकल्प को मजबूत करती हैं।

# वेनेजुएला में ट्रंप ने डेल्सी सरकार को दी मान्यता

मियामी, एजेंसी



- अमेरिकी राष्ट्रपति ने 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का किया शुभारंभ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नशीली दवाओं की तस्करी के विरुद्ध मध्य अमेरिकी देशों के साथ एक सैन्य गठबंधन 'शील्ड ऑफ द अमेरिका' का शुभारंभ किया, साथ ही वेनेजुएला की डेल्सी रोड्रिग्ज सरकार को औपचारिक मान्यता देने की भी घोषणा की।

निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी के बाद से ही अमेरिकी देखरेख में रोड्रिग्ज की सरकार देश का प्रशासन चला रही है। ट्रंप ने अंततः इस सरकार को औपचारिक मान्यता दे दी है। मियामी के ट्रंप नेशनल डोरल मियामी होटल में आयोजित बैठक में ट्रंप ने वेनेजुएला के सोने पर भी एक समझौते की भी घोषणा की, हालांकि उन्होंने शर्तों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही उन्होंने पनामा नहर पर दोहराया कि वह नहर में प्रतिकूल विदेशी प्रभाव की अनुमति नहीं देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने भाषण का एक बड़ा हिस्सा क्यूबा पर केंद्रित किया। उन्होंने कहा कि यह द्वीपीय देश अपने अंतिम क्षणों में है। ट्रंप ने कहा कि वह क्यूबा में जन्मे विदेश मंत्री मार्को रुबियो के माध्यम से सीधे क्यूबा से बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, वे बातचीत करना चाहते हैं और मुझे लगता है कि बहुत आसानी से समझौता हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने इस देश के मैत्रीपूर्ण अधिग्रहण की संभावना से भी इन्कार नहीं किया।

## बादशाह ने 'टटीरी' गीत को सभी मंचों से हटाया, माफी मांगी

**नई दिल्ली।** बादशाह के नए गीत 'टटीरी' में महिलाओं और नाबालिगों के बारे में आपत्तिजनक बोल होने के आरोप लगाए जाने के बाद गायक-गीतकार ने माफी मांगते हुए कहा कि इस गाने को सभी मंच से हटा लिया गया है।

अभी तो पार्टी शुरू हुई है और गेंदा फूल जैसे गानों के लिए प्रसिद्ध 40 वर्षीय बादशाह ने शनिवार को 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा किया। कहा, मेरा नया गीत रिलीज हुआ है और मैं देख रहा हूं कि इसके बोल और दृश्य प्रस्तुति ने खासकर हरियाणा के कई लोगों को दुख पहुंचाया है।

# सही समय आने पर बताऊंगा इस्तीफा देने का कारण: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल ने कहा- अभी इसे गोपनीय रखूंगा

पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने रविवार को कहा कि उन्होंने सोच-समझकर पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया था और इसका कारण उचित समय आने तक गोपनीय रखेंगे।

कोलकाता हवाईअड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए बोस ने कहा कि वह अपना वोट डालने के लिए बंगाल आएंगे। केरल के मूल निवासी बोस पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने से ठीक एक सप्ताह पहले ही बंगाल के मतदाता बने थे। बोस ने कहा, मैंने सोच-समझकर इस्तीफा देने का निर्णय लिया है, जिसके कारण उचित समय आने तक गोपनीय रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राज्य में कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन और आदिवासी उत्पीड़न पर व्यक्त की गई चिंता पर टिप्पणी करने के लिए पूछे गए सवाल पर, बोस ने प्रतिक्रिया देने से परहेज किया।

पूर्व राज्यपाल बोस ने कहा, राष्ट्रपति बहुत अनुभवी, संतुलित और अत्यंत गरिमामय व्यक्तित्व की धनी हैं। उन्होंने जो कहा, उसके पीछे उनके कुछ कारण जरूर रहे होंगे। लेकिन राष्ट्रपति के कथन पर टिप्पणी करने का मुझे कोई अधिकार नहीं है।

# भारत-चीन एक-दूसरे को साझेदार की तरह देखें : वांग

बीजिंग, एजेंसी



- चीन के विदेश मंत्री ने कहा- आपसी विश्वास और सहयोग दोनों के लिए लाभकारी

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने रविवार को बीजिंग में कहा कि भारत और चीन को एक-दूसरे को प्रतिद्वंद्वियों के बजाय साझेदार और खतरे के बजाय अवसर के रूप में देखना चाहिए। वांग ने कहा कि दोनों देशों को बिना किसी हस्तक्षेप के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा निर्धारित मार्ग का पालन करना चाहिए।

वांग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी और शी की पिछले साल अगस्त में तियानजिन में सफल बैठक हुई थी। उन्होंने कहा, 2024 में कजान में हुई उनकी बैठक से मिली नई शुरुआत को आगे बढ़ाते हुए तियानजिन सम्मेलन ने चीन-भारत संबंधों में सुधार किया। सभी स्तरों पर नए सिरे से सक्रिय बातचीत, द्विपक्षीय व्यापार में नया रिकॉर्ड और लोगों के बीच निकट आदान-प्रदान देखकर हमें खुशी हो रही है। इनसे दोनों देशों की जनता को ठोस लाभ हुए हैं।

### ब्रिक्स में एक-दूसरे का समर्थन करें दोनों देश

वांग यी ने कहा कि भारत और चीन को 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी में एक-दूसरे का समर्थन करना चाहिए। भारत इस वर्ष शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है, जबकि चीन 2027 में इसकी मेजबानी करेगा। दुनिया की अग्रणी उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'ब्रिक्स' में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मूल सदस्य हैं, बाद में सऊदी अरब, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, इथियोपिया, इंडोनेशिया और ईरान को शामिल कर सदस्य देशों का विस्तार किया गया।

## दिल्ली-गोवा उड़ान में बीड़ी पी रहे यात्री पर केस दर्ज

**पणजी।** पुलिस ने रविवार को बताया कि दिल्ली-गोवा उड़ान के शौचालय में कथित तौर पर बीड़ी पीने के आरोप में एक विमान यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई जब दिल्ली निवासी आरोपी आशीष गोवा जाने वाली अकासा एयर की उड़ान क्यूपी-1625 में यात्रा कर रहा था। एयरलाइन ने अपनी शिकायत में कहा है कि उड़ान के दौरान यात्री ने विमान के शौचालय में बीड़ी पी और उसके पास एक लाइटर भी पाया गया।

# जदयू में शामिल हुए नितीश कुमार के बेटे निशांत

## पार्टी संगठन को मजबूत करने का एलान किया, बनाए जा सकते हैं उपमुख्यमंत्री

पटना, एजेंसी



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार रविवार को जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि वह पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे। इंजीनियरिंग में स्नातक निशांत को पार्टी मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह 'ललन' और पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा समेत प्रमुख नेताओं की उपस्थिति में पार्टी में शामिल किया गया।

पार्टी में शामिल होने के बाद निशांत ने कहा, मेरे पिता ने राज्यसभा सदस्य बनने का फैसला लिया, यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था। हम सभी इसका सम्मान करते हैं। हम उनके मार्गदर्शन में काम करते रहेंगे। मैं संगठन को मजबूत करने के लिए काम करूंगा। निशांत ने दावा किया कि बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे उनके पिता नीतीश कुमार ने पिछले 20 वर्ष में राज्य के लिए बहुत कुछ किया। उन्होंने कहा, राज्य की जनता कभी उनके द्वारा राज्य के विकास में किए गए योगदान को नहीं भूलेगी। आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा।

### परिवारवाद पर नीतीश की बातें ढकोसला : राजद

राजद के प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार परिवारवादी राजनीति पर जो बड़ी-बड़ी बातें किया करते थे, वह सिर्फ ढकसोला थी। अहमद ने बयान जारी कर कहा कि नितीश कुमार को अपने पुत्र निशांत कुमार को स्थापित करने के लिए मौके की तलाश थी। इस बार उन्होंने अपने पुत्र को स्थापित करने के लिए खुद को राज्यसभा सदस्य का उम्मीदवार बना लिया और भाजपा से कुछ शर्तों के साथ समझौता करके विरासत की राजनीति को आगे बढ़ा दिया।

### कर्नाटक: छात्र ने सहपाठियों पर किया हमला, एक की मौत

**बल्लारी।** बल्लारी के एक निजी आवासीय विद्यालय में नौवीं कक्षा के एक छात्र ने हमला करके एक व्यक्ति की हत्या कर दी और दूसरे को नुकीली वस्तु व लोहे की छड़ से घायल कर दिया। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात स्कूल के छात्रावास में घटी। मृतक लड़का आंध्र प्रदेश का निवासी था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटना के पीछे के मकसद और उसमें इस्तेमाल किए गए हथियार का पता लगाने के लिए जांच जारी है। आरोपी छात्र घटनास्थल से फरार हो गया, उसे पकड़ने के लिए तलाशी अभियान जारी है।

## कोझिकोड में महंगे जूते एक रुपये में बेचने पर उमड़ी भीड़, पुलिस ने किया लाठीचार्ज

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड में महंगे जूते मात्र एक रुपये में बेचने के एक दुकान के प्रचार अभियान के दौरान रविवार सुबह भारी भीड़ जुट गयी और पुलिस को इसे नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा।

वायरल विज्ञापनों से आकर्षित होकर सैकड़ों ग्राहक तड़के ही इलाके में उमड़ पड़े, जिससे भगदड़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई और यातायात बाधित हो गया। दुकानदार ने पहले 100 ग्राहकों को मात्र एक रुपये में जूते देने का विज्ञापन दिया था, जिसके बाद रात दो बजे से ही भीड़ जमा होने लगी थी। भीड़ इतनी थी कि दुकान की क्षमता से अधिक ग्राहक आ गए जिनमें बच्चे भी शामिल थे और वायनाड जैसे जिलों से भी लोग आए थे।

विवाद

भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने की निंदा, माफी मांगने की मांग की

# राष्ट्रपति मुर्मू के दौरे को लेकर चौतरफा घिरी तृणमूल कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के दौरे के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन राजनीति शुरू होने के साथ तृणमूल कांग्रेस चौतरफा घिर गई है। देश के वरिष्ठ नेताओं के साथ कई संगठनों ने राष्ट्रपति के अपमान का आरोप लगाते हुए इसे पूरे देश के साथ महिलाओं का अपमान बताया है, साथ ही तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी से राष्ट्रपति से माफी मांगने की मांग की है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अपमान किया है। संथाल समुदाय से ताल्लुक रखने वाले माझी ने कहा, राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन तो दूर की बात है, न तो मुख्यमंत्री और न ही कोई राज्य मंत्री उनका स्वागत करने गए। राष्ट्रपति का अपमान हर महिला और पूरे देश का अपमान है। माझी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को असंवेदनशील करार दिया और कहा कि राष्ट्रपति के अपमान की सभी राजनीतिक दलों को एक स्वर में निंदा करनी चाहिए। यह लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की पीड़ा का कारण बनने वाले इस प्रकरण ने पूरे देश के लोगों को दुखी कर दिया है। इससे पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में खांडू ने कहा कि यह स्थिति विशेष रूप से दुखद है क्योंकि राष्ट्रपति स्वयं आदिवासी समुदाय से आती हैं और उन्हें संथाल संस्कृति का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक रूप से निराशा व्यक्त करनी पड़ी।

### राष्ट्रपति के बहाने ओछी राजनीति कर रही है भाजपा : अभिषेक



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा राजनीतिक उद्देश्यों के लिए राष्ट्रपति पद का इस्तेमाल कर रही है। उन्हें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार और केंद्र सरकार के प्रदर्शन पर बहस करने की चुनौती देते हुए भाजपा पर राष्ट्रपति पद को राजनीतिक मुद्दों में घसीटकर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा, अगर भाजपा वास्तव में राष्ट्रपति का सम्मान करती है तो उन्हें नए संसद भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम और अयोध्या में राम मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा में आमंत्रित क्यों नहीं किया। अभिषेक ने एक पुराने कार्यक्रम की तस्वीर का भी हवाला दिया जिसमें मुर्मू खड़ी हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी बैठे हुए हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज का दिन कुछ कमजोर रहने वाला है। शाम को मित्रों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। सेहत से संबंधित समस्या को हल्के में न लें।

**वृष** — आज नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए दिन शुभ है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में अधिकारियों की आज्ञा का पालन करना पड़ेगा। समाज में ख्याति में वृद्धि होगी। अनावश्यक बातों पर ध्यान न दें।

**कर्क** — आज सामाजिक कार्यों में आपका मन लगेगा। आपकी अच्छी आदतों से लोग प्रसन्न होंगे। तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें।

**सिंह** — आज संपत्ति के क्रय-विक्रय से आपको लाभ होगा। व्यापार में नया प्रयोग कर सकते हैं। परोपकार में धन खर्च करेंगे।

**कन्या** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्चपद मिल सकता है। अविवाहित लोगों का विवाह तय होगा। पिकनिक का विचार बना सकते हैं।

**तुला** — आज दांपत्य संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। अचल संपति की खरीदारी कर सकते हैं। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — आज कारोबार में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहेगा। मनोनुकूल लाभ होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**धनु** — आज आपकी सोच के अनुसार काम नहीं होंगे। क्रोध पर नियंत्रण रखें। वैवाहिक जीवन में सामंजस्य कम हो सकता है।


**मकर** — आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव कम होगा। कला जगत से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**कुंभ** — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रबंधन संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार के लोगों को आप काफी समय देंगे।

**मीन** — आज घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। विवादित मामले उभरने की आशंका है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश यात्रा कर सकते हैं।

## आज का पंचांग

-पं. मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 9 मार्च, सोमवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 23.27 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
**ताराबल**-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-विशाखा 16.11 तक तत्पश्चात अनुराधा।

### सुडोकू - 82 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 4 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 3 | 2 | 5 |

### सुडोकू -83

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | 6 | 5 | | | | |
| 4 | | 7 | | | 2 | | 5 | 8 |
| | | | 3 | 4 | | 9 | | |
| | | | 5 | | 4 | | | 7 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 5 | | | 8 | | 1 | | | |
| | 4 | 9 | | 8 | | | | |
| 1 | | | 2 | | | 6 | | 9 |
| | | | | 9 | 6 | | | 3 |



> मैं बड़े भाषण देने या जोश भरी अपील करने वालों में से नहीं हूं। लेकिन यह कहना ठीक है कि यहां 1.4 अरब टीम इंडिया के प्रशंसक और बाकी सब के सामने हम थोड़े कम पड़ गए। लेकिन कोई बात नहीं, क्योंकि हमें पता है कि घर पर आपने हमारा समर्थन किया।
> –मिचेल सैंटनर, न्यूजीलैंड के कप्तान


# स्टेडियम

**अमृत विचार**

www.amritvichar.com

मुरादाबाद, सोमवार, 9 मार्च 2026


**हाईलाइट**

## यमाल के गोल से बार्सिलोना ने बिलबाओ को हराया

**बार्सीलोना।** लेमिन यमाल के गोल से बार्सीलोना ने शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में एथलेटिक बिलबाओ को 1–0 से हरा दिया। मुकाबले के दौरान दोनों टीम के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन यमाल ने 68वें मिनट में गोल दागकर अंक तालिका के शीर्ष पर चल रहे बार्सीलोना की जीत सुनिश्चित की। इस जीत से बार्सीलोना के 27 मैच में 67 अंक हो गए हैं और उसने दूसरे स्थान पर चल रहे रीयाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त बना ली है। यमाल मौजूदा सत्र में पहले ही 19 गोल दाग चुके हैं। अन्य मुकाबलों में एटलेटिको मैड्रिड ने रीयाल सोसीदाद को 3–2 से हराया जबकि मार्लोका और ओसासुना का मैच 2–2 से बराबरी पर छूटा। गिरोना और लेवांते ने भी 1–1 से ड्रॉ खेला।

## लक्ष्य सेन आल इंग्लैंड ओपन में उपविजेता रहे

**बर्मिंघम।** लक्ष्य सेन ने पूरा जुझारूपन दिखाया लेकिन आल इंग्लैंड बैडमिंटन



खिताब के लिये भारत का 25 साल का इंतजार खत्म नहीं कर सके और पुरूष एकल फाइनल में रविवार को चीनी ताइपै के लिन चुन यी से हार गए। चार साल पहले उपविजेता रहे लक्ष्य दूसरी बार आल इंग्लैंड फाइनल खेल रहे थे। अलमोड़ा के 24 वर्ष के इस खिलाड़ी को 57 मिनट तक चले मुकाबले में 15 . 21, 20 . 22 से पराजय झेलनी पड़ी। लक्ष्य ने बाद में कहा यह अच्छा मैच था। पहले गेम में वह बेहतर खेल रहा था पर मैं दूसरे में बेहतर वापसी कर सकता था। इस पूरे सप्ताह हालांकि अपने प्रदर्शन से मैं खुश हूं। मैच के बारे में सोचकर भावुक हो रहा हूं, पर बहुत कुछ सकारात्मक रहा। लिन आल इंग्लैंड पुरुष एकल खिताब जीतने वाले चीनी ताइपै के पहले खिलाड़ी बन गए।

# भारतीय बल्लेबाजी का शानदार 'बुफे', कई लाजवाब पारियां

### सैमसन, अभिषेक, ईशान और शिवम ने कीवी गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए टी-20 विश्व कप फाइनल का रिकॉर्ड स्कोर बनाया



**अहमदाबाद, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाजों ने रविवार को ऐसी शानदार बल्लेबाजी का 'बुफे' पेश किया कि उसमें से सर्वश्रेष्ठ चुनना मुश्किल हो गया। संजू सैमसन ने निडर अंदाज में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए 89 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने फॉर्म हासिल करते हुए 21 गेंदों में 52 रन जड़े जबकि भरोसेमंद ईशान किशन ने 54 रन बनाए। न्यूजीलैंड द्वारा पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने फाइनल के अनुरूप आक्रामक बल्लेबाजी की। तीनों ने लगभग बिना किसी जोखिम वाली पारी खेली और उनके बल्ले से निकला लगभग हर शॉट बेहतरीन साबित हुआ।

पावरप्ले में ही मैच में भारतीय बल्लेबाजों का दबदबा दिखने लगा, जब सलामी बल्लेबाज सैमसन और शर्मा ने छह ओवर में बिना विकेट खोए 92 रन जोड़ दिए। यह टी20 में पहले विकेट के लिए रिकॉर्ड साझेदारी रही। मैच के 10 ओवर तक भारत का स्कोर एक विकेट 127 रन था।

15 ओवर पूरे होने तक भारत एक विकेट पर 203 रन तक पहुंच चुका था और विशाल स्कोर की संभावना साफ दिख रही थी। भारत ने 20 ओवर में 255 रन बना लिए जो टी20 विश्व कप फाइनल का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। इस दौरान शिवम दुबे ने भी आठ गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 26 रन की तेज पारी खेली।

सैमसन एक बार फिर 89 रन पर आउट हो गए, ठीक वैसे ही जैसे वह सेमीफाइनल में हुए थे। वह 16वें ओवर की पहली गेंद पर पवेलियन लौटे। इसी ओवर में किशन भी आउट हो गए और कप्तान सूर्यकुमार यादव भी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। सैमसन ने 46 गेंद में 89 रन की पारी खेली जिसमें आठ छक्के और पांच चौके शामिल थे। उनका स्ट्राइक रेट लगभग 194 रहा। इससे पहले शर्मा ने अपनी 21 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए।

शर्मा के आउट होने से पहले उन्होंने सैमसन के साथ 43 गेंदों में 98 रन की साझेदारी की। इसके बाद किशन क्रीज पर आए और उन्होंने सैमसन के साथ 48 गेंदों में 105 रन की साझेदारी की।



जीत का जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

**भारत**

**255/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का मैकोंची बो नीशाम | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सीफर्ट बो रविंद्र | 52 |
| ईशान किशन का चैपमैन बो नीशाम | 54 |
| हार्दिक पंड्या का सेंटनेर बो हेनरी | 18 |
| सूर्यकुमार का रविंद्र बो नीशाम | 00 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 08 |
| शिवम दुबे नाबाद | 26 |

**गेंदबाजी :** हेनरी 4–0–49–1, फिलिप्स 1–0–5–0, डफी 3–0–42–0, फर्ग्यूसन 2–0–48–0, सेंटनेर 4–0–33–0, रविंद्र 2–0–32–1, नीशाम 4–0–46–3

सैमसन की बल्लेबाजी की आक्रामकता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह हर 3.5 गेंद में एक बाउंड्री लगा रहे थे। उन्होंने जिन गेंदों का सामना किया, उनमें से लगभग तीन-चौथाई गेंदें चौके या छक्के में बदलीं। उन्होंने थर्ड मैन, लांग लेग, स्क्वायर लेग, कवर और सीधे पिच के ऊपर से छक्के लगाए।

उन्हें फर्क नहीं पड़ा कि गेंदबाज स्पिनर था (रचिन रविंद्र के खिलाफ तीन छक्के), तेज गेंदबाज था (लॉकी फर्ग्यूसन को तीन छक्के लगाए) या मध्यम गति का गेंदबाज (मैट हेनरी पर भी दो बार छक्के जड़े)। कुछ ही हफ्ते पहले तक टीम से बाहर चल रहे केरल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2026 टी20 विश्व कप में अपनी पिछली तीन पारियों से इतिहास में जगह बना ली है। सुपर आठ में वेस्टइंडीज के खिलाफ 97 रन की पारी के बाद इंग्लैंड के खिलाफ 89 रन की पारी ने उनकी प्रतिभा को साबित किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ वही स्कोर बनाकर उन्होंने अपनी बादशाहत पर मुहर लगा दी।

**महाधुनाई**

- भारत की पूरे टूर्नामेंट में पहली ओपनिंग अर्धशतकीय साझेदारी हुई।
- अभिषेक शर्मा ने 18 गेंदों में अर्धशतक लगाया।
- पावर प्ले में भारतीय टीम ने टीम ने पावरप्ले में वर्ल्ड कप का सबसे बड़ा स्कोर 92/1 बनाया।
- 10 ओवर में भारत ने एक विकेट पर बन गए थे 127 रन।
- 11 .3 ओवर में 150 रन बने।
- संजू सैमसन ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक 28 छक्के जड़े।
- ईशान किशन ने 23 गेंदों में अर्धशतक जड़ दिया।
- 15 ओवर में 200 रनों का आंकड़ा पार कर लिया था।
- भारतीय टीम ने 19 चौके और 18 छक्के लगाए।

### 3000 पुलिसकर्मी लगे सुरक्षा में

अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त जी एस मलिक ने कहा बंदोबस्त के तहत करीब 3000 पुलिसकर्मी और 1000 होमगार्ड तैनात किये गए हैं। हमने भगदड़ की आशंका से बचने के लिए गेट नंबर एक और दो के पास होल्डिंग क्षेत्रग बनाये हैं। पहली बार मैच के दौरान इसे आजमाया जाएगा।

- सैमसन टी–20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के मार्लोन सैमुअल के 85 रन का रिकॉर्ड तोड़ा।
- न्यूजीलैंड के टिम साईफर्ट ने भी तूफानी पारी खेली, उन्होंने महज 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया।

# पॉप स्टार रिकी मार्टिन ने मचाई धूम

**अहमदाबाद, एजेंसी**

दुनिया भर में मशहूर पॉप आइकन और दो बार के ग्रैमी विजेता रिकी मार्टिन ने रविवार को यहां आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल से पहले आयोजित समापन समारोह में अपने हिट गाने 'लिविन ला विदा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' से मंच पर धूम मचा दी।

मार्टिन के साथ भारतीय गायक सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने भी दर्शकों का मनोरंजन किया। अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मुकाबले से पहले तीनों गायकों ने मिलकर संगीत का शानदार माहौल बनाया। 'प्रिंस ऑफ भांगड़ा' के नाम से मशहूर सुखबीर ने अपने डांस ट्रूप के साथ अपने लोकप्रिय पंजाबी गीत 'ओ हो हो हो - ओ हो हो हो' सहित कई हिट गाने प्रस्तुत किए।

वहीं 'डांडिया क्वीन' के नाम से मशहूर फाल्गुनी पाठक ने लगभग 50 डांसरों के साथ गुजराती लोकगीतों और बॉलीवुड गीतों से कार्यक्रम की शुरुआत की। लैटिनो गायक-गीतकार मार्टिन ने अपनी प्रस्तुति का समापन अपने सबसे बड़े हिट गाने 'मारिया' और 'ला कोपा डि ला विदा' के साथ किया।



संगारंग कार्यक्रम के दौरान सिंगर रिकी मार्टिन। एजेंसी



## दर्शकों का उत्साह चरम पर, क्रिकेट का बुखार हर तरफ

**अहमदाबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से पहले मानों पूरा शहर क्रिकेट के बुखार की गिरफ्त में है और नरेंद्र मोदी स्टेडियम की ओर जाने वाले हर रास्ते पर 'जीतेगा भाई जीतेगा, इंडिया वर्ल्ड कप जीतेगा' का शोर सुनाई दे रहा है। देश भर से क्रिकेटप्रेमियों का जमावड़ा मानों स्टेडियम में लगा है। भारतीय टीम की जर्सी और कैप पहने हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम के बाहर काफी पहले ही से जमा होने लगे।

केरल से आये प्रशंसकों का एक समूह खास तौर पर संजू सैमसन और वरूण चक्रवर्ती के लिये जमा है। केरल से आये मनोज कुमार ने कहा हम यहां केरल से संजू सैमसन और वरूण के लिये आये हैं। वे भारत को विश्व कप दिलाएंगे। यह कठिन मैच होगा। हम पिछली बार आस्ट्रेलिया से हारे थे लेकिन इस बार जीतेंगे।



नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खिताबी मुकाबला देखने के लिए दर्शकों का अपार जनसमूह एकत्र हुआ। स्टेडियम ही नहीं पूरे अहमदाबाद में हर तरफ नीला समुंद्र नजर आ रहा था। एजेंसी

# ऑस्ट्रेलिया ने एकमात्र टेस्ट में भारत को रौंदा

**पर्थ, एजेंसी**

- **ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली की शानदार विदाई**
- **मेजबानों के 25 रनों का लक्ष्य बिना विकेट खोए हासिल किया**

ऑस्ट्रेलिया ने महिलाओं के एकमात्र दिन-रात्रि क्रिकेट टेस्ट में अपना दबदबा बरकरार रखते हुए रविवार को यहां तीसरे दिन भारत के खिलाफ 10 विकेट की आसान जीत दर्ज की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को दूसरी पारी में 149 रन पर समेटने के बाद 25 रन के मामूली लक्ष्य को बिना किसी परेशानी के हासिल कर लिया। यह कप्तान एलिसा हीली के लिए शानदार विदाई रही जिन्होंने अपने करियर का अंत एक ऐसे विरोधी पर शानदार जीत के साथ किया जिसके खिलाफ उन्होंने हमेशा अच्छा प्रदर्शन किया।

भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 105 रन से आगे खेलते हुए 48.2 ओवर में 149 रन पर सिमट गई जिसमें प्रतिका रावल ने 137 गेंद में 63 रन की पारी खेली। एशले गार्डनर (आठ रन पर दो विकेट) ने कल की दोनों नाबाद बल्लेबाजों स्नेहा राणा (30) और प्रतिका को आउट किया। गार्डनर ने स्नेह को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। प्रतिका भी गार्डनर की गेंद को पुल करने की कोशिश में हवा में लहरा गईं और एनाबेल सदरलैंड ने उनका शानदार कैच लपका जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ। ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए सिर्फ 25 रन की दरकार थी और सलामी बल्लेबाजों जॉर्जिया वोल (नाबाद 16) और फोबे लिचफील्ड (नाबाद 11) ने 4.3 ओवर में ही बिना विकेट खोए हालिस कर लिया।

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

| | |
|---|---|
| भारत | 198 व 149 |
| ऑस्ट्रेलिया | 323 व 28/0 |

## हम टेस्ट में लय बरकरार नहीं रख सके : हरमनप्रीत

**पर्थ।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने बहु प्रारूप सीरीज में मजबूत शुरुआत की, लेकिन वाका ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में लय बनाए नहीं रख सके और मुकाबला हार गए। टेस्ट में मिली हार के बाद कौर ने कहा हमने बहुत अच्छी शुरुआत की, टी-20 में बहुत अच्छा क्रिकेट खेला लेकिन दुर्भाग्य से, उसके बाद, हम इसे जारी नहीं रख पाए, लेकिन मुझे लगता है कि कुल मिलाकर यह एक अच्छी सीरीज थी। ऑस्ट्रेलिया में हर समय खेलकर बहुत खुश हूं, और मुझे लगता है कि यह एक शानदार मुकाबला था। उन्होंने कहा कि मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और पिंक-बॉल टेस्ट खेलना टीम के लिए एक कीमती अनुभव था। उन्होंने कहा यह बहुत मजेदार था, और उम्मीद है कि भविष्य में भी हमें इस तरह के टूर्नामेंट मिलते रहेंगे क्योंकि इससे आपको बहुत कॉन्फिडेंस मिलता है।

**नाराजगी**

### डिकॉक और मिलर ने आईसीसी की आलोचना की, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने पर उठाए सवाल

# अजीब है कि कुछ टीम का असर अन्य से अधिक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

क्विंटन डिकॉक और डेविड मिलर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है कि उसने कथित तौर पर दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बजाय इंग्लैंड के यात्रा कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जबकि दोनों टीम अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष के कारण हुई दिक्कतों के बीच अब तक स्वदेश लौटने का इंतजार कर रही हैं।

बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से शिकस्त झेलने वाला इंग्लैंड शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी चार्टर्ड उड़ान से रवाना हुआ। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम हालांकि अब भी भारत में ही हैं। पिछले रविवार को ईडन गार्डन्स में भारत से पांच विकेट से हारने के बाद वेस्टइंडीज टी-20 विश्व कप से बाहर हो गया जबकि बुधवार को कोलकाता में पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से हारने के साथ दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी खत्म हो गया। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज दोनों के कोलकाता से एक और चार्टर्ड उड़ान से एक साथ यात्रा करने की उम्मीद है। उड़ान के समय की अभी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन इसके रविवार को रवाना होने की संभावना है।





डिकॉक ने इंस्टाग्राम पर लिखा मजेदार है कि आईसीसी ने हमें कुछ नहीं बताया। इस बीच इंग्लैंड किसी तरह से हमारे से पहले कैसे जा रहा है? वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका तो बस अंधेरे में हैं। अजीब है कि अलग-अलग टीम का दूसरों से अधिक असर होता है। टीम के डिकॉक के साथी मिलर ने भी निराशा जताई। मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में लिखा मजेदार बात यह है कि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बाद इंग्लैंड बाहर हुआ और आज रात चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश वापस लौट गया जबकि वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अब भी कोलकाता में जवाब का इंतजार कर रहे हैं।

दो बार विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के पूर्व कप्तान और मौजूदा मुख्य कोच डेरेन सैमी ने भी इस मामले पर अपनी राय दी। सैमी ने लिखा डेविड मिलर पीछे बैठे लोगों को सुनाने के लिए थोड़ा जोर से बोलो।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने भी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका से पहले इंग्लैंड को स्वदेश भेजने के आईसीसी के फैसले पर सवाल उठाया। वॉन ने एक्स पर लिखातो इंग्लैंड बृहस्पतिवार को बाहर हो गया। आज चार्टर्ड उड़ान से स्वदेश रवाना। वेस्टइंडीज पिछले रविवार को बाहर हो गया और अब भी कोलकाता में है.. दक्षिण अफ्रीका की भी यही स्थिति है। यहीं पर ताकत पूरी तरह से गलत है।

### आईसीसी ने दोहा बैठक स्थगित की

**नई दिल्ली।** अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच चल रहे टकराव के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की 25 से 27 मार्च तक कतर के दोहा में होने वाली तीन दिवसीय बैठक स्थगित कर दी गई है। आईसीसी के एक सूत्र के अनुसार बैठक अगले महीने उसी महाद्वीप में आयोजित की जाएगी। सूत्र ने कहा कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी20 विश्व कप फाइनल से एक दिन पहले शनिवार को आईसीसी सदस्यों को एक औपचारिक पत्र भेजा गया। इस बैठक में आईसीसी के निदेशक मंडल के सदस्यों, मुख्य कार्यकारियों, समिति के सदस्यों और वरिष्ठ पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद थी जिसमें संगठन के संचालन कैलेंडर पर बातचीत होनी थी।